रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,705.91 +819.69

डॉलर 83.951 -0.061

रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,460 | 01 किलो 88,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रावण शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 12 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 191, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | पेज-09 | प्रकृति की अद्भुत कृति हस्ति हस्ति हस्ति

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में आंगनबाड़ी सेविका सावित्री देवी आमंत्रित



**रांची।** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में लाल किले पर होने वाले आयोजन में कोडरमा की आंगनबाड़ी सेविका सावित्री देवी शामिल होंगी। उन्हें इसके लिए भारत सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया है। सावित्री देवी ने आमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

## नटवर सिंह के निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री उपराष्ट्रपति ने दुख जताया



**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने शोक संदेश में कहा कि अपने लंबे करियर में उन्होंने कई भूमिकाएं निभाईं, एक प्रतिष्ठित राजनयिक से लेकर एक उत्कृष्ट सांसद तक। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनकी देश सेवा व विद्वता को याद कया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में उनके समृद्ध योगदान को याद किया। खरगे ने उन्हें प्रखर कुटनीतिज्ञ बताया।

# सेबी चीफ ने सैलरी से कई गुना अधिक कंसल्टेंसी कंपनी से कमाया

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में आरोपों की झड़ी

***नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च ने जनवरी 2023 में अरबपति गौतम अडानी के बाद अब शनिवार को जारी नई ब्लॉगपोस्ट रिपोर्ट में मार्केट रेग्युलेटरी संस्था सेबी की चीफ माधुरी पुरी बुच पर निशाना साधा है।*

### हिंडनबर्ग के आरोप



1. शॉर्ट सेलर फर्म ने सेबी चीफ पर अडानी ग्रुप से सांठगांठ के कई आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों की अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग रिसर्च ने व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए दावा किया कि सेबी की वर्तमान प्रमुख माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच के पास अदाणी धन हेराफेरी घोटाले में इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी।
2. माधवी पुरी बुच की इंडियन कंसल्टिंग बिजनेस अगोरा एडवाइजरी में 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। माधवी के पति इस कंपनी के डायरेक्टर हैं। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि 2022 के वित्त वर्ष में अगोरा एडवाइजरी ने 1.98 करोड़ रुपये कमाये। अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड फर्म की स्थापन 7 मई 2013 को की गई थी।
3. सेबी की चेयरपर्सन बनने के दो हफ्तों के बाद 16 मार्च 2022 को उन्होंने अपनी पूरी हिस्सेदारी अपने पति को ट्रांसफर किया था। माधवी पुरी की अगोरा पार्टनर्स में कुल हिस्सेदारी 16 मार्च 2022 तक 100 प्रतिशत थी। बता दें, माधवी पुरी अप्रैल 2017 में सेबी से जुड़ी थी। वहीं, 1 मार्च 2022 को उन्हें सेबी का चेयरपर्सन बनाया गया था।

### सेबी प्रमुख ने हिंडनबर्ग के आरोपों को किया **खारिज**



1. सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह 'चरित्र हनन करने का प्रयास' है, क्योंकि सेबी ने पिछले महीने नेट एंडरसन के नेतृत्व वाली कंपनी को नियमों का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था।
2. हिंडनबर्ग और एंडरसन ने सेबी के धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोकथाम के नियमों और 'सेबी के रिसर्च एनालिस्ट के लिए बनाई गई आचार संहिता के नियमों' का उल्लंघन किया है।
3. बुच दंपत्ति ने साझा बयान में कहा है कि 10 अगस्त की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उनके खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से तथ्यहीन हैं और हम उन्हें सिरे से खारिज करते हैं। बयान में कहा गया कि दंपति की जिंदगी और उनका फाइनेंस एक खुली किताब की तरह है।

### आरोप अफवाहों से अधिक कुछ नहीं : अदाणी ग्रुप

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप ने रविवार को हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए ताजा आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह व्यक्तिगत लाभ के लिए पूर्व निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और चालाकीपूर्ण चयन है। एक्सचेंज फाइलिंग में ग्रुप ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

**अदाणी ग्रुप ने कहा**

1. यह बदनाम करने के इरादे से किए गए दावों की पुनरावृत्ति है। इन दावों की गहन जांच की गई है और जनवरी 2024 में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन्हें खारिज किया जा चुका है।
2. बदनाम शॉर्ट-सेलर फर्म कई भारतीय प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन करने के कारण जांच के दायरे में है। हिंडनबर्ग के आरोप भारतीय कानूनों के प्रति पूरी तरह से अवमानना करने वाली एक हताश इकाई द्वारा फैलाई गई अफवाह से ज्यादा कुछ नहीं है।
3. कंपनी का ओवरसीज होल्डिंग स्ट्रक्चर पूरी तरह से पारदर्शी है और सभी जरूरी जानकारी रेगुलेटरी को अलग-अलग दस्तावेजों में दी जा चुकी है।
4. अनिल आहूजा, अदाणी पावर (2007-08) में 3 आई इन्वेस्टमेंट फंड के नामित निदेशक थे और उसके बाद 2017 तक अदाणी एंटरप्राइजेज में निदेशक के पद पर थे।
5. हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के इस सोचे-समझे प्रयास में उल्लिखित व्यक्तियों या मामलों के साथ हमारा कोई भी व्यावसायिक संबंध नहीं है।
6. ग्रुप पारदर्शिता और सभी कानूनी एवं नियामक अनुपालन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट विश्वास योग्य नहीं : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने रविवार को कहा कि हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में झूठ की राजनीति की रणनीति अपनाई है और अब देश की वित्तीय प्रणाली को अस्थिर करने के लिए विदेशी मदद मांग रही है। यह रिपोर्ट स्वतंत्र नियामक सेबी पर हमला करके और उसके चेयरमैन पर आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाने के लिए बनाई गई है। चंद्रशेखर ने एक्स विदेशी संस्था हिंडनबर्ग द्वारा सेबी पर किया गया ये हमला कांग्रेस के साथ एक स्पष्ट साझेदारी है। इसका उद्देश्य और लक्ष्य अशुभ है। इसका उद्देश्य दुनिया के सबसे मजबूत वित्तीय सिस्टम में से एक को अस्थिर करना और विश्वसनीयता को समाप्त करना है। साथ ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में अराजकता की स्थिति पैदा करना है।

### आर्थिक अराजकता पैदा करना चाहता है विपक्ष : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग एजेंसियों की जांच का सामना कर रहा है। हिंडनबर्ग द्वारा सात समंदर पार से एक सुर उठाया जाता है और सारा विपक्ष उस में ताल मिलाने लगता है। विपक्ष संसद सत्र के साथ उसका संबंध जोड़ देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि विपक्ष को यह पता था कि संसद सत्र के दौरान ही वो रिपोर्ट आनी थी। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से जब-जब संसद का सत्र चलता है तो विदेश से रिपोर्ट आती है। पिछले साल की हिंडनबर्ग रिपोर्ट, बीबीसी डॉक्यूमेंट्री बजट सत्र शुरू होने से ठीक पहले जारी किए गए थे, जो संदेह पैदा करता है। विपक्ष को इस तथ्य के बारे में अच्छी तरह से पता था कि संसदीय सत्र से पहले ऐसा कुछ होने वाला है। कांग्रेस और विपक्ष भारत में आर्थिक अराजकता पैदा क्यों करना

शेष पेज 11 पर

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 8292553444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### आज कल




# मंईयां सम्मान योजना में 26 लाख से अधिक आवेदन

## ट्रैफिकिंग सहित महिलाओं के पलायन पर लगेगी रोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने 49वें जन्मदिन के बाद उत्साह से लबरेज दिख रहे हैं। खासकर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को मिल रही सफलता और माता-बहनों के प्रेम से वह अभिभूत हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डालकर कहा, मेरी शक्ति... मेरे राज्यवासियों, यह अत्यंत उत्साहजनक समाचार है कि मंईयां सम्मान योजना में रविवार सुबह 11 बजे तक 22 लाख से अधिक बहनों ने सफलतापूर्वक फॉर्म भरा लिया है। रात तक यह संख्या 26 लाख पार करने की संभावना है। पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर के हर कर्मी की मेहनत सराहनीय है, उनके कारण ही यह योजना एक जन-मुहिम में बदल गई है। साथ ही मैं झामुमो समेत सभी दलों के सभी कार्यकर्ताओं और अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं कि वे पूरे दिल से बहनों तक इस योजना को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आप सबको पुनः जोहार।



जेल की तन्हाई में चिंतन-मनन कर बनाई यह योजना

### यह योजना मुख्यमंत्री का ब्रेन चाइल्ड : महुआ



इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने इस योजना को मुख्यमंत्री का ब्रेन चाइल्ड बताया। कहा, मुख्यमंत्री ने बिना सुबूत एक मनगठंत मामले में पांच महीने जेल में बिताए। वहां उन्हें फुर्सत में राज्य की जनता के दुख-दर्द को और गहराई से समझने का अवसर मिला। इसी मनन-चिंतन में उन्होंने इस योजना को आकार दिया और जेल से बाहर आने के बाद इसे लागू किया गया। इस योजना का फोकस दशकों से महिलाओं की ट्रैफिकिंग और पलायन पर रोक लगाना है। बहनों-माताओं के हाथ सीधे पैसा पहुंचेगा तो कोई काम दिलाने के बहाने उन्हें बरगला नहीं सकेगा। महुआ माजी ने कहा कि इस योजना से घबराकर भाजपा झूठी बातें फैला रही है। झामुमो के प्रवक्ताओं मनोज पांडे,तनुज खत्री और जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि रविवार शाम तक 26 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री ने फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली किस्में जारी कीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में 61 फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली जलवायु अनुकूल और जैव-प्रतिबलित किस्मों को जारी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से परस्पर बातचीत भी की। इन नई फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर बल दिया। किसानों ने कहा कि ये नई किस्में अत्यधिक लाभकारी होंगी क्योंकि इनसे उनका व्यय कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 प्रक्षेत्र फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। प्रक्षेत्र फसलों में मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए।



शेष पेज 11 पर

### मुझे सत्ता से बाहर करने में अमेरिका का हाथ : शेख हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दावा किया है कि उनकी सरकार को सत्ता से हटाने में अमेरिका की भूमिका है। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शेख हसीना ने दावा किया है कि अमेरिका ने उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटाने की साजिश रची क्योंकि उन्होंने सेंट मार्टिन द्वीप

शेष पेज 11 पर

### 25 आईएएस का तबादला, विप्रा भाल बनीं राज्यपाल के नयी प्रधान सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने विधानसभा चुनाव से पूर्व बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 25 अधिकारियों का तबादला किया गया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। प्रधान सचिव योजना एवं विकास विभाग मस्तराम मीणा को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार को अगले आदेश तक

शेष पेज 11 पर

## इंडिया | गजराज के गुस्से को शांत करने के लिए वनों की निगरानी की अलग व्यवस्था हो



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कहा जाता है कि प्रकृति के सभी जीव जन्तु महत्वपूर्ण हैं और इसीलिए सनातन संस्कृति में पेड़ पौधों,साँप से लेकर गजराज हाथी तक को पूजनीय बनाया गया है । पर प्रकृति के नियमों का उल्लंघन कर हम इन जीव जंतुओं से परेशान हो रहे हैं । कुछ दिनों पूर्व कुछ हाथी झारखंड विधानसभा जैसे वीआईपी क्षेत्र के आसपास तक पहुंच गए थे और जंगलों का क्षेत्रफल लगातार घटने या उनके खाने लायक पेड़ पौधे नहीं मिलने से भूख प्यास तथा आवास के लिए हाथी प्रायः हर दिन कहीं न कहीं तोड़फोड़ मचा रहे हैं । पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना कहते हैं कि झारखंड के हाथी दूसरे इलाकों के हाथियों के मुकाबले कम हिंसक होते हैं। यहां के हाथी संपन्न हैं, क्योंकि झारखंड का ज्यादातर इलाका जंगल है।झारखंड में सिंहभूम हाथी कॉरिडोर और रिजर्व एरिया झारखंड छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जुड़ा हुआ है और साथ ही केरल से असम तक के बीच की यह एक अहम कड़ी है । हाथियों के कई कॉरिडोर पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण संघर्ष देखने को मिलते हैं। यह हाथी प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए की फसलों



तथा चल-अचल संपत्तियों के साथ-साथ सैकड़ों जानें छीन लेते हैं। पर सवाल तो यह है कि हाथी जैसा शांति प्रिय और बुद्धिमान प्राणी इतना हिंसात्मक हो गया है तथा कुछ वर्षों से ही क्यों इस समस्या ने जन्म लिया है। हाथियों के हिंसात्मक होने के कारण का समाधान कर लेने पर ही उनके हिंसा से निदान पाया जा सकता है। भारत एक हाथी बहुल देश हैं। बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ झारखंड, कर्नाटक, केरल आदि राज्य अधिकतर क्षेत्र वनाच्छादित होने के कारण हाथियों का प्राकृतिक गृह रहा है। विश्व में सबसे पहले भारतीयों ने ही हाथियों से मित्रता कर उन को पालतू बनाया तथा उन से काम में सहयोग लिया। भारत प्राचीन समय में विश्व का एकमात्र हाथी निर्यातक राष्ट्र था। मगध साम्राज्य के उदय में गज सेना का प्रमुख योगदान रहा। कारणों की बात करें तो मनुष्य ने आधुनिकता के नाम पर पिछले 100 वर्षों में वनों का इतना नाश किया है जितना पिछले 10000 वर्षों में भी नहीं हुआ हो। जिस प्रकार मनुष्य अपने रहने के लिए घर बनाते हैं, उसी प्रकार वन हाथियों का प्राकृतिक आवास है। जिसके कम होने पर उनके अस्तित्व पर संकट आ गया है। इससे वे क्रूद्ध है तथा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए हिंसात्मक हो गए हैं। खनिजों की खोज व उनके दोहन के लिए मनुष्य निरंतर वनों को काटता गया तथा वनों में रहने वाले आदिवासी समुदाय वनों का नाश कर वनों में ही रहने लगे। जिससे हाथियों व अन्य जानवरों के रहवास का अतिक्रमण हो रहा है।वातावरणीय परिवर्तन के कारण तथा वनों की अधिक कटाई के कारण नदियां मौसमी बनकर रह गई है, जिसमें केवल वर्षा ऋतु में ही पानी रहता है तथा गर्मी में पूर्णता सूख जाते हैं। जिसके कारण हाथी जंगलों से बाहर आकर अन्य जल संरक्षित क्षेत्रों पर आने को विवश हैं। वनों का निरंतर नाश हो रहा है कथा हाथियों के लिए गर्मी आते तक जंगल में खाने की चीजों का अकाल पड़ जाता है। जिससे वह अनाज की खोज में गांवों में घुसकर अनाज भंडार से अनाज खा जाते हैं तथा आर्थिक एवं शारीरिक क्षति पहुंचाते हैं। उपायों की बात करें तो वनों के आसपास के लोगों तथा ग्रामीणों की शिकायतों पर ध्यान देने के लिए मैकेनिज़्म बनाना चाहिए और एक अलग एजेंसी होनी चाहिए जो वनों की कटाई की निगरानी करे अभी जो वनों की कटाई कराते हैं उन्हें ही जांच का काम दिया गया है जिससे मिलीभगत होती है । सरकार द्वारा अपने वन अधिनियम में कुछ परिवर्तन कर वन्यजीवों को पालतू बनाया जाने की छूट देनी चाहिए। इससे हाथी को प्रशिक्षित किया जा सकेगा तथा कर्नाटक से हाथियों के लाने तथा खर्च उठाना नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार टाइगर प्रोजेक्ट के तहत हाथी प्रोजेक्ट चलाया जा सकता है। वर्तमान में जितने हाथी हैं उन्हें सही तरह आवास दिलाना आवश्यक है इसलिए वनों को वास्तविक रूप से विकसित करना चाहिए जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है । गांवों में ना घुस पाए इसके लिए हाथियों को रेडियो कॉलर लगाकर उनकी गतिविधियों की निगरानी की जानी चाहिए जैसा छत्तीसगढ़ में हो रहा है।

## जुमार नदी में डूबने से मनन विद्या मंदिर के छात्र की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी स्थित मनन विद्या मंदिर के एक छात्र पीयूष कुमार की रविवार को जुमार नदी में डूबने से मौत हो गई। वह स्कूल के हॉस्टल में रहता था। बताया गया कि छात्र बिहार के गया का रहनेवाला था। नदी में छात्र के डूबने की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकालने में जुट गयी।

छात्र स्कूल के हॉस्टल में ही रहता था। पुलिस के अनुसार मृतक अपने चार-पांच दोस्तों के साथ अहले सुबह चोरी-चुपके स्कूल के हॉस्टल से बाहर घूमने निकला था। बताया गया कि मनन विद्या मंदिर स्कूल के हॉस्टल से बाहर जाने के क्रम में छात्रों को जुमार नदी पार करनी थी। नदी पार करने के क्रम में ही



एक छात्र डूब गया। उनके बाहर जाने की जानकारी किसी को नहीं थी। हॉस्टल प्रबंधन को भी इसकी भनक नहीं थी। इसी दौरान हादसा हो गया। इसकी खबर पुलिस को दी गयी, इसके बाद एनडीआरएफ टीम को इसकी जानकारी दी गयी। मृतक के पिता का नाम मंटू कुमार है। मृतक के परिजनों को डूबने की जानकारी दी जा चुकी है।

## एक नजर

### लायंस क्लब में 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची गैलेक्सी और लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण के संयुक्त तत्वावधान में 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। रातू स्थित रॉयल पैलेश लाखकोठी में आयोजित कार्यक्रम में सावन की थीम पर विभिन्न तरह के खेल भी हुए। इस अवसर पर नृत्य, अंताक्षरी प्रतियोगिता हुई। सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सदस्यों ने बागों में फूलों से सजाए हुए झूले पर झूला। सावन पर आधारित गीतों पर झूमे। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अंजली साहू, कोषाध्यक्ष प्रीति केजरीवाल, एक्टीविटी चेयरपर्सन पूनम मेवाड़, को-ऑर्डिनेटर रिधिमा, पीआरओ सारिका अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### ठनका गिरने से युवक घायल

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के लोसेरा निवासी शिबू मांझी उम्र 25 वर्ष ठनका के चपेट में आने से घायल हो गए जिसका इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिबू मांझी के पिता नंदलाल मांझी ने बताया कि सुबह हमलोग अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए छाता खोले। अचानक ठनका छाता के उपर गिरा जिससे मेरा बेटा शिबू मांझी को सिर, बाये पैर एवं छाती में चोट आई है। आनन-फानन में हम लोग सिंगपुर नर्सिंग होम लाये जहां डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा ईलाज किया जा रहा है।

### बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय : शैलेंद्र शर्मा

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की बैठक चूरी उत्तरी पंचायत सचिवालय केडीएच में हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम साहू व जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी संजीव तिवारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अगस्त क्रांति के सपूतों के बलिदानों को याद किया गया तथा 11 अगस्त से 14 अगस्त के बीच तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस पर 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाने व प्रत्येक घर तिरंगा झंडा फहराया जाए ऐसा सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग में बेड़ो देवी मंडप के निकट होंडा शोरूम के पास रांची चुटिया से घघारी बाबा धाम जा रही टेम्पो के चालक ने बेड़ो से रांची जा रही ट्रक में सीधी टक्कर मार दी। इस घटना में टेंपो चालक 55 वर्षीय शिवशंकर पांडेय पिता रामसूल पांडेय, सहित चुटिया पावर हाउस छोटी कुमारी, बीरु बैठा का साला हेंदलासो लोहरदगा निवासी 21 वर्षीय राकेश कुमार तथा बूढ़ीरोमा निवासी 18 वर्षीया युवती प्रीति रोशन बाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 15 जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाएं शिक्षण कार्यक्रमों के लिए चिन्हित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के स्कूली बच्चों को मातृभाषा और जनजाति भाषाओ में शिक्षा देने के लिए झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा लगातार पहल की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहुभाषावाद, स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा के प्रभाव को अंकित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा 15 जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओ संथाली, हो, मुंडारी, कुड़ुख, खड़िया, माल्टो, भूमिज, बिरहोर, असुर तथा क्षेत्रीय भाषाओ उड़िया, बांग्ला, पंचपरगनिया, कुड़माली, खोरठा एवं नागपुरी को शिक्षण कार्यक्रमों के लिए चिन्हित किया गया है। वर्तमान में बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य के छह जिलों में मातृभाषा एवं जनजातीय भाषा आधारित शिक्षा दी जा रही है। यूनिसेफ के सहयोग से राज्य के 259 स्कूलों में बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके तहत 5 जनजातीय भाषाओं मुंडारी, कुड़ुख, हो, खड़िया एवं संताली भाषा में बच्चो को शिक्षा दी जा रही थी। इस वर्ष इसका विस्तार 1041 विद्यालयों में किया गया है। जिन 6 जिलों में इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है उनमे गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और साहिबगंज के 24 प्रखंड शामिल हैं। यह कार्यक्रम इन प्रखंडों की कक्षा 3 से 5 तक के विद्यालयों में संचालित है। कक्षा 3 से 5 तक की गणित और पर्यावरण अध्ययन की द्विभाषीय पाठ्य पुस्तकों को 5 जनजातीय भाषाओ में विकसित किया गया है। कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यालयों की कक्षा तीन से पांच तक की अंग्रेजी की 30,000 पाठ्यपुस्तकों में हिंदी और जनजातीय भाषाओ के कठिन शब्दों को शामिल किया गया है। साथ ही इन पाठ्यपुस्तकों में जनजातीय भाषा आधारित गतिविधियों को भी समाहित किया गया है। बरखा श्रृंखला की चार स्तरो की कहानी पुस्तिकाओं में पांचो जनजातीय भाषाओ को शामिल किया गया है।

# सेल ने रेल पटरी, स्पेशल प्लेट और सरिया प्रोडक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश की अग्रणी इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रेल पटरी, स्पेशल प्लेट और सरिया प्रोडक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल से जुलाई अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन 1.56 मिलियन टन दर्ज किया है। सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों अप्रैल से जुलाई 2024 तक की अवधि में उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र ने 1.73 मिलियन टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.68 मिलियन टन को पार किया। अप्रैल से जुलाई अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन 1.56 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.48 मिलियन टन से अधिक है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 1.71 मिलियन टन सेलेबल स्टील की लोडिंग और ग्राहकों को डायरेक्ट डिस्पैच करने के लिए 9.14 लाख टन की लोडिंग की गई, जो स्थापना के बाद से किसी भी अप्रैल से जुलाई की अवधि के लिए सर्वश्रेष्ठ लोडिंग है। संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 1.68 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग और डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग 8.56 लाख टन को पीछे छोड़ा। संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जुलाई की अवधि में उत्पादन के अन्य क्षेत्रों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### सावन पूर्णिमा मेला में स्वयं सेवकों की होगी तैनाती : राजकमल

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में सावन पूर्णिमा को आयोजित सावन पूर्णिमा मेला को लेकर घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक अध्यक्ष राजकमल गोप एवं सचिव संजय महतो के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि घघारी बाबा धाम में पहली बार आयोजित सावन पूर्णिमा मेला को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों की अहम भूमिका होगी। वहीं राजकमल गोप ने कहा कि मेला में दर्शन पूजन को आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं होगी। मेले में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था में तैनात स्वयंसेवकों को पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए अलग-अलग जगहों पर तैनात किया जाएगा। मुख्य संरक्षक गंगाधर साहु एवं संरक्षक सह विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र वर्मा ने भी मेले की सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# बंगाल में आलू व्यापारियों से मांगा गया आधार कार्ड



> *खरीदारों का यह भी कहना है कि अगर उन्हें पांच बोरा आलू खरीदना है तो उन्हें जिला पुलिस से अनुमति लेनी होगी*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के किसी भी राज्य के व्यापारी किसी भी राज्य से कोई सामान खरीद भी सकते हैं और बेच भी सकते हैं। बंगाल से भी झारखंड के व्यापारी लंबे समय से आलू खरीदने आ रहे हैं। वर्षों से झारखंड में रोजाना आलू की खेप बंगाल से आती रही है। पिछले कुछ समय से स्थिति में बदलाव आ गया है और झारखंड में आलू महंगा बिक रहा है। अब झारखंड के व्यापारियों को अपना पहचान पत्र दिखाना होगा। थोक व्यापारियों का कहना है कि झारखंड के सीमावर्ती पुरुलिया जिले के आलू व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने आलू की कालाबाजारी रोकने के लिए नए नियम लागू किए हैं। प्रशासन का कहना है कि आलू खरीदने के लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है। आलू खरीदने वाले व्यापारियों को अब अपना आधार कार्ड और फोन नंबर लिखना होगा। आम खरीदारों को एक या दो बोरा आलू मिल रहा है खरीदारों का यह भी कहना है कि अगर उन्हें पांच बोरा आलू खरीदना है तो उन्हें जिला पुलिस से अनुमति लेनी होगी। पुरुलिया के थोक आलू विक्रेता सुरोजित सेन का कहना है कि प्रशासन ने उन्हें कहा है की पहचान पत्र और पते का प्रमाण पत्र लेने के बाद ही आलू बचा जाए ताकि आलू दूसरे राज्य ना जाने पाए।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित

**चान्हो।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा चान्हो प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को टांगर पंचायत भवन में कुलदीप की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 25 अगस्त को रांची जिला में होनेवाले सम्मेलन में ओबीसी को 52% हिस्सेदारी को सफल बनाने पर विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष तपेश्वर गोप ने कहा कि ओबीसी का हक सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार ओबीसी का आरक्षण बढ़ाते हुए नवमी अनुसूची में शामिल करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलदीप ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के विस्तार गांव स्तर पर करने की आवश्यकता है। परशुराम प्रसाद ने ओबीसी समुदाय के साथ हो रहे नाइंसाफी पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एससी एसटी और ईडब्ल्यूएस को उसकी जनसंख्या अनुपात में आरक्षण मिल रहे हैं। लेकिन 52% आबादी वाले ओबीसी समुदाय का आरक्षण 14 प्रतिशत मिल रहा है जो घोर अन्याय है।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ परमेश्वर भगत स्व. सलोनी कच्छप के परिजन से मिले



मांडर। प्रखंड अंतर्गत ग्राम मलटोटी निवासी सलोनी कच्छप जो की मांडर प्रखंड मुख्यालय में बतौर सहिया कार्यरत थी, जिसका निधन ब्रेन हेमरेज के कारण हो गई। खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत मृतक के परिजन से मिलने गांव पहुंचे। डॉ परमेश्वर भगत ने स्वर्गीय सलोनी कच्छप का अंतिम दर्शन कर, पुष्प अर्पित किए, परिवारजनों को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

### कोल इंडिया ने निवेशकों को प्रत्येक शेयर पर 50 प्रतिशत डिविडेंड देने का किया ऐलान

**रांची।** सरकारी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया अपने निवेशकों के लिए डिविडेंड का ऐलान किया था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने निवेशकों को प्रत्येक 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले शेयर पर 50 प्रतिशत डिविडेंड देने का ऐलान किया था। इस हिसाब से शेयरहोल्डरों को प्रत्येक शेयर पर 5 रुपये के डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने डिविडेंड के भुगतान के लिए जो रिकॉर्ड डेट फिक्स की थी, वो अब काफी नजदीक आ चुकी है। कोल इंडिया लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए किए जाने वाले डिविडेंड के भुगतान के लिए शुक्रवार, 16 अगस्त को रिकॉर्ड डेट के रूप में फिक्स किया था। हालांकि डिविडेंड के भुगतान का आखिरी फैसला कंपनी को होने वाली एजीएम में लिया जाएगा। एजीएम में अगर डिविडेंड के भुगतान पर मुहर लगती है तो एजीएम की तारीख से 30 दिनों के अंदर निवेशकों के बैंक खाते में डिविडेंड के पैसों का भुगतान कर दिया जाएगा।

### रिमझिम वाटर किंगडम में चल रहा स्पेशल मॉनसून ऑफर



**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे में स्थित रिमझिम वाटर किंगडम में इन दिनों स्पेशल मॉनसून ऑफर चल रहा है। जिसका का लाभ क्षेत्र के लोग, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी उठा कर दोगुना एंजॉय कर सकते हैं। वाटर पार्क के संचालक पवन ने बतलाया कि मानसून के समय वाटर पार्क में भीड़ दूसरे महीना की अपेक्षा कम होती है। जिससे फैमिली वाले भी आकर आनंद उठा सकते हैं। शहर से करीब है और इस क्षेत्र में काफी गांव भी है। इसलिए शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी यहां आकर आनंद उठा रहें हैं। उन्होंने आगे बताया कि यह वॉटर पार्क काफी बड़ा एरिया में है। साथ ही बच्चों के एंजॉय के लिए अलग से किड्स स्टेशन बना हुआ है।

### बाबा बैद्यनाथ मंदिर व बासुकीनाथ धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा



**रांची।** सावन के इस महीने में भगवान भोले के भक्तों के लिए खुशखबरी है। केदारनाथ और माता वैष्णो देवी की तर्ज पर अब बाबा बैद्यनाथ मंदिर समेत बासुकीनाथ धाम का हवाई दर्शन भक्त कर सकेंगे। भक्तों की सुविधा के लिए सरकार हेलीकॉप्टर दर्शन सेवा शुरू करने जा रही है। इसके लिए नागर विमानन विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने देवघर पर्यटन विभाग को इस योजना के प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, इसमें चार तरह के पैकेज बनाये गये हैं। पहले पैकेज में 4200 रुपये में भक्तों को 7 से 10 मिनट बाबा मंदिर का दर्शन कराया जायेगा। दूसरे पैकेज में 4200 रुपये में सिर्फ बासुकीनाथ मंदिर का दर्शन कराया जायेगा तथा वहीं उतरा जायेगा। यह बासुकीनाथ में मौजूद भक्तों के लिए होगा। तीसरे पैकेज के अंतर्गत 5500 रुपये में देवघर बाबा मंदिर से लेकर त्रिकुट पहाड़ का चक्कर लगाकर वापस लाया।

# खलारी में महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मुख्यमंत्री से गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

झामुमो खलारी प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष कलीम रिजवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर खलारी कोयलांचल की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कलीम रिजवी ने मुख्यमंत्री से कहा कि खलारी कोयलांचल कोयला खनिज संपदा से परिपूर्ण है। इसके बावजूद क्षेत्र में बेरोजगारी है। रोजगार के लिए युवा प्रदेश के दूसरे जिलों व प्रदेशों में जाकर कार्य करने को विवश है। बताया कि खलारी में महिला डिग्री कालेज नहीं है। क्षेत्र से बच्चियां डिग्री कालेज में पढ़ने के लिए मांडर या रांची जाती है। मुख्यमंत्री से खलारी में एक महिला डिग्री कालेज खोलने पर पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

# धूमधाम से मनाया गया सावन सप्तमी का पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग और बेड़ो प्रखंड के अलग-अलग गांवों के अलग-अलग देवी मंडप में सावन सप्तमी की पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। सावन सप्तमी के दौरान गांव के देवी मंदिरों में पाहन पूजार ने विधिवत पूजा अर्चना कर गांव में समृद्धि, अच्छी बारिश एवं अच्छी खेती के लिए मां भगवती एवं ग्राम देवी से प्रार्थना की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सरसा के देवी मंड़प में पाहन धम्मा उरांव, पुजार लिबरा उरांव, ग्राम प्रधान मंचू उरांव की देखरेख में बकरे की बलि दी गई। विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की और सत्येंद्र भगत की अगुवाई में पाहन धम्मा उरांव, पुजार लिबरा उरांव, ग्राम प्रधान मंचू उरांव,की देखरेख में मुनेश्वर लोहरा, बसंत लोहरा, जगदीश तिग्गा, ललित उरांव, रतिराम उरांव, सोमरा उरांव, विकास तिग्गा, चितरंजन भगत, मनोज उरांव सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति में सावन सप्तमी के दौरान पाहन पूजार ने देवी मंडप के नजदीक बकरे की मांस का प्रसाद के रूप में खिचड़ी का निर्माण किया। प्रसाद को सामूहिक रूप से पूरे गांव के लोगों में बराबर बराबर मात्रा में बांटा गया। विधायक प्रतिनिधि और समाजसेवी पूर्व मुखिया संतोष तिर्की ने कहा कि गांव की हजारों वर्षों की परंपरा को आज भी पाहन पूजार एवं महतो की देखरेख में निभायी जाती है। वहीं सत्येंद्र भगत ने कहा कि लापुंग प्रखंड में गांव को बुरी नजरों से बचाने, गांव के लोगों की खुशहाली तथा गांव के लोगों की समृद्धि के लिए सावन सप्तमी के दिन ग्राम देवी को बकरे की बलि दी जाती है। यह परंपरा सभी गांव में निभाई जाती है।

# झारखंड मिथिला मंच ने किया महारुद्राभिषेक

## वन विभाग ने भक्तों के बीच बांटे 500 पौधे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अशोक नगर स्थित देवालय में झारखंड मिथिला मंच ने रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसमें यजमान के रूप में डॉ आनंद शेखर झा सम्मिलित हुए। समारोह में मौके पर वन विभाग की ओर से भक्तों के बीच 500 पौधे भी बांटे गये। इनमें से 100 पौधे रुद्राक्ष के थ। रुद्राभिषेक कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मंत्री सीपी सिंह, मंच के महासचिव मिथिलेश मिश्र, कोषाध्यक्ष सुनील झा, संरक्षक श्रीपाल झा, संयोजक मनोज मिश्र, जानकी प्रकोष्ठ की निशा झा के अलावा सर्वजीत झा, सुजीत झा, गगन मिश्र, संजीत झा, कमलदेव झा, निशिकांत पाठक, राजीव रंजन और मंच के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इसके अलावे अशोक नगर को ऑपरटेव समिति के अध्यक्ष, सचिव विपिन बिहारी मिश्र, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आरके ठाकुर, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, एपीसीसीएफ वाइके दास, डीएफओ श्रीकांत वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों की भी भागीदारी रही।

## खलारी के हुटाप मोड़ में हुआ भव्य जलसा

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, शादी आसान करें: बलियावी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी के हुटाप मोड़ के निकट मुस्तफानगर में रहमते आलम कांफ्रेंस द्वारा भव्य जलसा का आयोजन किया गया। जलसा फैज रजा सलोसलाम के नाम से किया गया। जलसा में बरैली से आए पीरे तरिकत रहबरे शरीयत हुजूर उमर रजा खां, सदर मरकजी एदार-ए-शरिया से गाजिए मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, हजरत अल्लामा मौलाना नुमान अख्तर, मद्दाहे रसूल हजरत हब्बीबुल्लाह फैजी, शायरे इस्लाम मद्दाहे रसूल हजरत शाहनावाज हस्सान, हजरत अब्दुल सल्लाम कौसर, नुमान अख्तर फैकुल जमाली, नकीबे हिंदुस्तान हसन फैजी सहित अन्य नात खां शामिल हुए। गुलाम रसूल बलियाबी ने जलसा सुनने आए से कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने बच्चों को शिक्षित करें। शिक्षा से ही जीवन में हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। शादी को खचीर्ला बनाने से रोकने की अपील की। कहा कि दहेज न लें और शादी को आसान करें। उन्होंने लोगों से इंसानियत के रास्ते पर चलने की अपील की। पीरे तरिकत रहबरे शरीयत हुजूर उमर रजा खां के तकरीर से बहुत लोग मुरीद हुए। खलारी कोयलांचल से हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रहमते आलम कांफ्रेंस के सेक्रेटरी महफूज अंसारी के अलावा अकबर अंसारी, अख्तर अंसारी, परवेज अंसारी, महमूद हुसैन, गुलरेज अंसारी, शहीद अंसारी, शमशाद अंसारी, सरवर हुसैन, अल्तमश अंसारी, फैजान अंसारी, आलम हुसैन, आजाद हुसैन सहित मुस्तफा नगर के नौजवानों ने काफी मेहनत किया।

### भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बुंडू।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त भाजपा युवा मोर्चा ,रांची ग्रामीण जिला द्वारा जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली के रूप में बुंडू राधारानी मंदिर ,बुंडू नगर से राहे गोमदा चौक, राहे तक निकाली गई,यह तिरंगा यात्रा तमाड़ विधानसभा और सिल्ली विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में लगभग 100 मोटरसाइकिल से भाजपा कार्यकर्ता अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार महतो,लक्ष्मण सिंह मुंडा,भाजपा प्रदेश के नेता रंजित लाहिरी, जिला मीडिया प्रभारी भास्कर मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष आलोक दास,धीरेन महतो, दिलेश्वर कोईरी, चितरंजन महतो, सृष्टिधार प्रजापति,मनोज महतो, अरुण पाल समेत तमाड़ और सिल्ली विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## रोहिणी परियोजना के सभी कामगारों ने किया सामूहिक विश्राम

# संडे व पीएचडी ड्यूटी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं कामगार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सभी श्रमिकों को सन्डे व पीएचडी ड्यूटी देने की मांग को लेकर रोहिणी परियोजना के सभी कामगार पूर्व की भांति लगातार दूसरे रविवार भी सामूहिक अवकाश पर रहे। परियोजना के कामगार सभी कामगारों को सन्डे व पीएचडी ड्यूटी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पिछले रविवार को ही कामगार सामूहिक विश्राम पर रहे। वही दूसरे रविवार को भी सभी कामगार परियोजना के हाजरी घर के पास गए लेकिन किसी भी कामगार ने हाजरी नहीं बनाई और अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी किए। कामगारों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से रोहिणी परियोजना का काम पूरी तरह बन्द रहा। किसी भी कामगार ने प्रथम व द्वितीय दोनों ही पाली में हाजरी नही बनाया। परियोजना के हाजरी घर के समीप सभी विभागों के कामगार अपनी मांग को लेकर तथा प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। श्रमिक संगठन कामगारों से एकता बनाने की अपील करते रहे। आंदोलन में पूरी सहभागिता निभाने के लिए सभी कामगारो का आभार व्यक्त किया। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि व कामगारो ने एक स्वर में कहा कि जब तक सभी कामगारों को सन्डे पीएचडी डिउटी नहीं मिलता है तबतक सभी कामगार इसी तरह हर रविवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

### बीएयू में आधुनिक बीज परीक्षण प्रयोगशाला की होगी स्थापना

# बीज परिषद की 21वीं बैठक में कृषि निदेशक ने मांगा प्रस्ताव

नवीन मेल संवाददाता

कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) एक आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव लाएं। राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराएगी। बीज क्रय, वितरण एवं बोआई के पूर्व इस प्रयोगशाला में बीज गुणवत्ता की जांच होने से फसल नुकसान की संभावना न्यूनतम रहेगी। कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में रविवार को बीएयू की बीज परिषद की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य की दो तिहाई आबादी कृषि कार्यों पर निर्भर है। इसलिए राज्य के लिए कृषि से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया ताकि राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत निशुल्क और सब्सिडी पर वितरित किए जाने के लिए गुणवत्तायुक्त बीज की यथासमय उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। निदेशक ने कहा कि बीएयू को आसपास के राज्यों के लिए अनुशंसित फसल प्रभेदों की उपयुक्तता का अपने यहां परीक्षण कर हर छह-आठ महीने पर राज्य सरकार को अनुशंसा उपलब्ध करानी चाहिए। अलग राज्य बनने के 24 वर्षों बाद भी झारखंड अपनी खाद्यान्न आवश्यकताओं के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। राज्य में अवस्थित आईसीएआर के संस्थान, बीएयू, राज्य सरकार तथा यहां कार्यरत अग्रणी स्वयंसेवी संगठन बेहतर तालमेल और समन्वय से कार्य करेंगे, तभी झारखंड में कृषि और किसानों के परिदृश्य में अपेक्षित बदलाव हो पाएगा।




**बीएयू** के कुलपति ने कहा कि राज्य में एक सुदृढ़ बीज नीति लागू करने की आवश्यकता है। इसमें उत्पादन से लेकर विपणन और उठाव तक की रणनीतियां और रोड मैप हो। मौसम परिवर्तन की स्थिति में कई विकल्पों का प्रावधान हो। प्रजनक बीज कहां से आएगा, आधार बीज और प्रमाणित बीज का उत्पादन कौन सी एजेंसियां करेंगी तथा सूखा पड़ने पर किस जिला में किस फसल के किस प्रभेद का इस्तेमाल होगा, इन सबका प्रावधान बीज नीति में हो। विश्वविद्यालय सीड हेल्थ टेस्टिंग लैब की स्थापना का प्रस्ताव शीघ्र सरकार को समर्पित करेगा। नई रिलीज पॉलिसी के तहत अब केवल स्ट्रेस टोलरेंट और पोषक तत्वों से भरपूर बायो फोर्टिफाइड फसल प्रभेदों को ही रिलीज किया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव के लिए लागू होगा स्कूल स्कोर कार्ड

# सर्टिफिकेशन 3 श्रेणियों में होगा सिल्वर सर्टिफिकेट होगा जारी

नवीन मेल संवाददाता



**इन मानकों पर होगा विद्यालयों का मूल्यांकन**

**सरकारी विद्यालयों का 2000 अंकों में मूल्यांकन होगा। इसमें क्लास असेसमेंट, शिक्षकों की मौजूदगी, बच्चों के आगमन और स्वागत, आदर्श प्रातःकालीन सभाएं, कक्षा में बच्चों की उपस्थिति, रेल परीक्षाओं के आंकलन, पाठ्येत्तर गतिविधियां, विद्यालय में स्वछता, दीवार लेखन एवं रंग रोगन, हरा भरा कैंपस, ईको क्लब, क्लब निर्माण, खेल इंफ्रास्ट्रक्चर, विद्यालय की आधारभूत संरचना, संस्थागत व्यवस्था आदि मानक शामिल हैं।**

झारखंड के सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस दिशा में एक और बड़ी परिवर्तनात्मक पहल शुरू की है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि और विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग ने स्कूलों के रिपोर्ट कार्ड को जारी करने का निर्णय लिया है।राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विद्यालयों के लिए रिपोर्ट कार्ड का फाइनल ड्राफ्ट बनकर तैयार है। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के अंतर्गत अब राज्य के सभी विद्यालय स्वतः मूल्यांकन कर अपना रिपोर्ट कार्ड भरेंगे। स्कूलों में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड की तर्ज पर अब विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड भी बनेगा। प्रत्येक विद्यालय को विभिन्न मानकों के आधार पर स्वयं को 2000 अंकों में मूल्यांकित करना होगा। प्रथम चरण में राज्य के सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा। अगस्त के आखिरी सप्ताह में इन विद्यालयों के स्कोर कार्ड को जारी करने की योजना है। इसके लिए विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली है। सभी विद्यालयों के लिए क्लस्टर बनाकर नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किये गए हैं। इन पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालयों के स्कोर कार्ड और मूल्यांकन का जमीनी अनुश्रवण करना है। स्कूल स्कोर कार्ड और विद्यालय के अनुश्रवण के बाद थर्ड पार्टी असेसमेंट होगा, जिसमें विद्यालय द्वारा दिए गए अंकों की जांच की जाएगी।

**हर महीने जारी होगा स्कोर कार्ड, बढ़ेगी स्वस्थ एवं पारदर्शी प्रतिस्पर्धा :** अगस्त से प्रत्येक माह विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा। इससे विद्यालय अपने प्रदर्शन का आंकलन तो करेंगे ही, साथ ही उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने का अवसर भी मिलेगा। विद्यालयों का स्कोर कार्ड सार्वजानिक होगा। इससे अभिभावकों और समुदाय को विद्यालयों के प्रदर्शन की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। स्कोर कार्ड से विद्यालयों के बीच स्वस्थ एवं पारदर्शी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे वे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे।

**तीन श्रेणियों में होगा स्कूलों का सर्टिफिकेशन, स्कोर कार्ड बनेगा आधार :** सरकारी विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में अभूतपूर्व बदलाव के लिए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन का निरंतर अनुश्रवण हो रहा है। स्कूल स्कोर कार्ड इस दिशा में एक परिवर्तनकारी पहल साबित होने जा रहा है। 2000 अंकों के स्कूल स्कोर कार्ड के आधार पर सरकारी विद्यालयों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इन तीन श्रेणियों में विद्यालयों का सर्टिफिकेशन होगा। विद्यालयों को गोल्ड, ब्रॉन्ज, सिल्वर सर्टिफिकेट मिलेगा। स्कूल स्कोर कार्ड में 1800 या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यालयों को गोल्ड सर्टिफिकेट मिलेगा।

**पुरस्कृत होंगे सर्टिफाइड विद्यालय, मिलेगी प्राथमिकता**

स्कूल स्कोर कार्ड प्रमाणित होने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले सरकारी विद्यालयों को ना केवल सर्टिफाइड किया जाएगा, बल्कि उन्हें राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा। विद्यालयों को अनुदान राशि के अलावा तमाम सुविधाओं में प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे वे और बेहतर प्रदर्शन करें और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस का विरोध करेंगे झारखंड के चिकित्सक

नवीन मेल संवादददाता

**▸ 13 से बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे चिकित्सक**

आईएमए भवन रांची में रविवार को आईएमए और झासा की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें राज्यभर के प्राइवेट व सरकारी हॉस्पिटलों के डॉक्टर व पदाधिकारी जुटे। सभी ने एक स्वर में बायोमीट्रिक अटेंडेंस का विरोध किया। आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि वे मंगलवार से बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे। साथ ही बीस अगस्त को कार्यबहिष्कार करने का भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पुलिस को इमरजेंसी सेवा में रखते हुए उन्हें बायोमीट्रिक अटेंडेंस से छूट दे रखा है। जबकि डॉक्टर व उनके साथ काम करने वाले हेल्थ वर्कर्स भी इमरजेंसी सेवा में आते है। इसलिए उन्हें भी अनिवार्य बायोमीट्रिक अटेंडेंस से छूट दिया जाए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो वे लोग भी बायोमीट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे। राज्यभर के डॉक्टर इसका तबतक बहिष्कार करेंगे जबतक कि सभी सरकारी विभागों में बायोमीट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य न कर दिया जाए। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी डॉक्टरों ने अपने विचार रखे।

**शिफ्ट में लगाई जाती है ड्यूटी ऐसे में संभव नहीं बायोमैट्रिक अटेंडेंस**

डॉक्टरों ने कहा कि सरकारी हॉस्पिटल में उनकी ड्यूटी शिफ्ट में लगाई जाती है। कई बार पूरी रात को ड्यूटी हॉस्पिटल में करते है। ऐसे में बायोमीट्रिक अटेंडेंस बना पाना उनके लिए संभव नहीं है। साथ ही कहा कि कुछ डॉक्टरों को वीआईपी मूवमेंट के दौरान ड्यूटी में लगाया जाता है। उस समय वे 24 घंटे ड्यूटी में तैनात रहते है। इस स्थिति में भी बायोमीट्रिक अटेंडेंस बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो हमलोग भी बायोमीट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाएंगे।

# संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को दे सकते हैं सही दिशा : संदीप

**रांची।** जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन की ओर से आयोजित एवं भारत विकास परिषद के रांची मध्य एवं महानगर शाखा के द्वारा प्रायोजित शहीद जीतराम बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन अनगढा प्रखंड के खक्सी टोली गांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के डीन डॉ. संदीप सिंह सोलंकी एवं एसबीआई के ब्रांच मैनेजर सौरव कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. संदीप सिंह सोलंकी ने कहा कि ऐसी जगहों पर संस्कार केंद्र की बहुत आवश्यकता है। संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को सही दिशा दिखा सकती है। सही दिशा में चलने वाले बच्चे ही सही समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सौरभ कुमार ने कहा कि खासकर गांव के कुछ बच्चे दिशाहीन होने के कारण गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं। संस्कार केंद्र की सहायता से बच्चों को भारतीय संस्कार सिखाया जाएगा जो कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है। फाउंडेशन के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि परिवार, समाज और देश के प्रति जागरूक करने का संस्कार केंद्र एक अच्छा माध्यम है।

# मारवाड़ी ब्राह्मण महिलाओं के लिए सावन सिंधारा का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण महिलाओं के लिए सावन सिंधारा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माझी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तत्पश्चात गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। महुआ माझी को सभा अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा एवं निवर्तमान अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सभा के मंत्री किशन लाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत किया। उपाध्यक्ष अरूण जोशी एवं अशोक पुरोहित ने शॉल एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। सभा के कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला, उपमंत्री महेन्द्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, अंकेक्षकअमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य धर्मचंद शर्मा,चेतन माटोलिया, विनय जोशी सहित अन्य सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### आदिवासी जमीन बचाने को लेकर कई संगठनों ने की बैठक

# 30 को डीसी कार्यालय का करेंगे घेराव

नवीन मेल संवाददाता

करम टोली चौक स्थित केंद्रीय धूमकुड़िया में आदिवासी जमीन बचाओ अभियान के तहत विभिन्न आदिवासी संगठन-आदिवासी महासभा, केंद्रीय सरना समिति रांची, आदिवासी लोहरा समाज, झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज, मुन्ना पतरा, चकला ओरमांझी, झारखंड आदिवासी संयुक्त मोर्चा, जमीन बचाओ संघर्ष समिति, चामा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने संयुक्त रूप से आदिवासी जमीन लूट के खिलाफ 30 अगस्त को रांची उपायुक्त के कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विभिन्न समितियां के द्वारा जमीन लूट के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त कार्यालय के घेराव के पूर्व विभिन्न आदिवासी संगठनों का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी खतियान को गैर आदिवासी बनाकर अवैध रूप से खरीद बिक्री किया जा रहा है। साथ ही सादा पट्टा के बल पर आदिवासियों के जमीन को लूटा जा रहा है। एसएआर कोर्ट के द्वारा गलत कम्पन्सेशन कर आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासियों को दिया जा रहा है। एनआईसी के द्वारा ऑनलाइन में गड़बड़ी किया जा रहा है। आदिवासियों के 5000 से अधिक दखल देहनी के मामले लंबित है जिस पर दखल नहीं दिलाया जा रहा है। लोहरा आदिवासियों के खतियानी लोहार जमीन को गैर आदिवासी जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगाना इत्यादि इन सभी मुद्दों को लेकर 30 अगस्त को उपायुक्त रांची के कार्यालय को घेराव किया जाएगा।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद 1100 श्रद्धालुओं ने किया ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता



श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस डॉ संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से श्री कृष्ण प्रणामी के 161वें निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण परिवार के सदस्यों एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। भंडारे का प्रसाद 1100 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में भंडारे का वितरण किया गया। रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम) स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य - प्रेम सभागार) के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया था। संस्था के अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहां आये हुए प्रभु प्रेमी, आश्रम मे रह रहे निराश्रित प्रभु जी को, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओ मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालु परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 162 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। भंडारे में संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो में दाल मखानी, कचौड़ी, केसरिया खीर,भेजिटेबल पुलाव, चिप्स एवं बिस्किट का वितरण किया गया। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. दिल्ली शाखा राँची के सदस्यों की देखरेख की जाती है। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, पुर्णमल सर्राफ, कमल खेतावत, चिरंजीलाल खण्डेलवाल,ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश चौधरी,शिवभगवान अग्रवाल, सुरेश भगत, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, चन्द्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा, बसंत वर्मा इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ बंगाली समुदाय ने निकाला मार्च

नवीन मेल संवाददाता



बांग्लादेश में रहने वाले एक करोड़ 40 लाख हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को बंगाली समुदाय के हजारों लोगों ने अलबर्ट एक्का चौक के सामने विरोध किया। कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले हिदुंओं को राजनीति कर वहां से भगाने का साजिश रची जा रही है। हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। ताकि बांग्लादेश को छोड़कर भारत चले जाएं। बंगाली समुदाय के डॉ शिवालिक मित्रा ने कहा कि बांग्लादेश के अल्प संख्यक हिंदू महिलाओं के साथ गलत कार्य किया जा रहा है। देश के पीएम बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं पर हो रहे हमला पर हस्तक्षेप करें ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जा सके। चंदन रॉय ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं का जमीन को लूटा जा रहा है। उनके व्यवसाय की दुकानों को धवस्त किया जा रहा है। करोड़ों हिंदुओं को जानबूझकर देश छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आराजा घोष ने कहा, आज शांति तरीके से विरोध कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो विरोध तेज होगा। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को मारा जा रहा है। उनके साथ जानबूझकर अत्याचार किया जा रहा है। विशेष धर्म के लोग हिंदू महिलाओं के साथ रेप कर रहे हैं। उन्हें वहां से देश को छोड़ने के लिए मजबूर किये गया है। अत्याचार को रोकने के लिए बांग्लादेश में हो रहे निर्यात होने वाले सभी सामग्री को बंद किया जाए। हिंदू धर्म के लोगों पर हमला हो रहा है। इस हमले पर अंकुश लगाया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### 5 सितंबर से श्री श्याम महोत्सव का होगा आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मण्डल की एक आमसभा रविवार को श्री श्याम मन्दिर के सभागार में आयोजित की गई। आमसभा में श्री श्याम मण्डल का 57 वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव 5 से 8 सितम्बर 2024 तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मण्डल द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा । आमसभा में विभिन्न उप - समितियों के माध्यम से महोत्सव की तैयारी की जायेगी। इस दौरान मन्दिर परिसर की साफ सफाई व रंग रोगन पर भी चर्चा हुई। ज्ञात हो कि प्रति वर्ष महोत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ठ स्थान रखता है। श्री श्याम प्रभु व मन्दिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार से कराने का निर्णय लिया गया। मोहत्सव में आने वाले भक्तों को पूर्ण सुविधा मिले। इस कार्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक चैतन्य दाधीच, कनिका ग्रोवर विशेष तौर पर पधार रहे हैं ।

**विस्तृत कार्यक्रम :** 5 सितम्बर को नर सेवा-नारायण सेवा, 6 सितम्बर को भव्य एवं विराट शोभायात्रा, 7 सितंबर को नयनाभिराम श्रृंगार, भजन संकीर्तन, अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग, 57 वें प्रेम पुष्प (भजन पुस्तिका ) का विमोचन, 8 सितम्बर को प्रातः 7:30 बजे से सुन्दरकाण्ड पाठ, सवामणि भोग, सम्पूर्ण दिवस भजन संकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। आमसभा में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, जितेश अग्रवाल, नितेश लखोटिया , बालकिशन परसरामपुरिया, राजेश सारस्वत, मनोज सिंघानिया, विकाश पाडिया उपस्थित थे।

### कर्नल अखिल सिंह को किया गया सम्मानित



**रांची।** पानी की खेती तकनीक के संस्थापक रथीन भद्रा ने आर्मी के व्हाइट टाइगर डिवीजन ने झांसी कैंटोनमेंट में कर्नल अखिल सिंह को प्रेस्टिजियस प्रतीक चिन्ह 'व्हाइट टाइगर' दे कर सम्मानित किया। कर्नल अखिल सिंह ने कहा कि पानी की समस्या का समाधान करके एक्वालाइन भूंगरु देश की सेवा कर रहे है । पानी एक वृहत समस्या बन कर सामने आ रही है और इसको यूनिक तरीके से संचयन करने का काम जो रथीन भद्रा और टीम कर रही है वो आपने आपने कबीले तारीफ है। यह प्रोजेक्ट कई समस्याओं का समाधान करता है और बंजर जमीन को भी उपजाऊ बनाता है। कार्यक्रम में मौजूद मेजर सनी अत्री जो की गैरिसन इंजीनियर है। उन्होंने इस एक्वालाइन भुंगरू/ वाटरलाईन पानी की खेती प्रोजेक्ट को एनवायरमेंट के क्षेत्र में एक गेम चेंजर प्रोजेक्ट बताया और कई और प्रोजेक्ट्स को आर्मी में करने का भरोसा भी जताया।

### आरपीएफ ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को किया गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे ई-टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन "उपलब्ध" के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुखदेव नगर की सहायता से चंद्रमौली मिश्रा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विद्यानगर स्थित आवास में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 16 रेलवे ई-टिकट बरामद किया गया। बरामद टिकट का मूल्य 49 हजार 200 पाया गया। पूछताछ मे उसने बताया कि अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए ग्राहकों को बेचने के लिए अपनी व्यक्तिगत आईडी से टिकट बनाता था। अपना अपराध स्वीकारने पर उक्त व्यक्ति को रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने किया पौधरोपण



**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने रविवार को पहाड़ी मंदिर में एक व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में 101 पौधे लगाए गए। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के संस्थापक अध्यक्ष लायन शैलेश अग्रवाल एवं वर्त्तमान अध्यक्ष लायन अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि पेड़ हमारे जीवन के आधार हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाना है। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पौधरोपण कर इस पहल की सराहना की। क्लब के सचिव लायन मनोज कुमार मिश्रा ने कहा यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण छोड़ें। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### टीएसपीसी कमांडर दस्ते के तीन सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**रांची।** रांची के बुढमू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के तीन सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में अजीत सोरेन, आकाश लोहरा और सुमित लहरी शामिल है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव, केरेडरी एवं बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित छापर बालू घाट में पैसा उगाही को लेकर दो पक्षो में मारपीट की घटना में शामिल टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप के दस्ता के तीन- चार सक्रिय सदस्य छापर गांव में आये हुये है, जो किसी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी के क्रम में छापर गांव में छापामारी कर टीएसपीसी संगठन के कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप के दस्ता के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लेवी मांगने में प्रयुक्त कई मोबाईल फोन को बरामद कर जब्त किया गया है। गिरफ्तार टीएसपीसी नक्सलियों ने पूछताछ में बताया कि मार्च 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के कायलंग पतरा बालु यार्ड में दिवाकर गंझू के साथ मिलकर संगठन का वर्चस्व बढ़ाने एवं लेवी वसूली को लेकर फायरिंग किये थे तथा काम बंद करवाये थे। मार्च 2024 में हीं बड़कागांव थाना क्षेत्र के गुड़कुवा जंगल में पूरे टीम के साथ मिंटिंग करने के बाद खाना खा रहे थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि में हो बढ़ोत्तरी : अलका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

अलका लांबा ने मुलाकात के बाद मीडिया से कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री का जन्मदिन था और हमने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान कांग्रेस ने सीएम को 11 मांगों का एक पत्र सौंपा है। 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत हमारी माताओं-बहनों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए धन्यवाद देते हुए हमने बढ़ती महंगाई को देखते हुए



*कांग्रेस नेताओं ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात*

प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि महिला आयोग के गठन के साथ ही कांग्रेस ने मांग की है कि लंबित मामलों की सुनवाई हो और बहनों को न्याय मिले। हर जिले में महिला थाने बनें और महिला पुलिस की भर्ती हो। महिलाओं के अधिकारों की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने सरकारी और निजी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की है।

महिलाओं के सम्मान में उन्होंने झारखंड सरकार से आशा बहनों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और मिड डे मील कर्मियों का वेतन दोगुना करने की मांग की है। अलका ने कहा कि केंद्र सरकार इन बहनों का मानदेय दोगुना नहीं कर रही है। हम बहनों का मानदेय बढ़ाने के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन देने की मांग की है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार नए राशन कार्ड नहीं बना रही है। जो राशन कार्ड बने हैं, उनमें झारखंड की बहनों का नाम नहीं जोड़ा जा रहा है। इस कारण हमारी बहनों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि इन मांगों के साथ-साथ हमने महिलाओं के हित में कई अन्य मांगें भी सरकार से की हैं।

इस बीच बैठक के बाद झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सरकार में उथल-पुथल के दौरान जो फैसले और काम लंबित रह गए थे, उन्हें सुलझाने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने भी कहा है कि वह इस पर काम कर रहे हैं और 10 दिन के अंदर ये सारे मामले सुलझा लिए जाएंगे।

# गाजा से प्यार और बांग्लादेश के हिंदुओं से तकरार : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झामुमो-कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि आखिर कब तक दोहरी नीति चलेगी। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा है कि बांग्लादेशियों के सबसे बड़े हितैषी झामुमो-कांग्रेस-राजद व उनके नेताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किसी ने क्या एक भी पोस्ट देखा है। गाजा से प्यार व बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं से तकरार, यही है झामुमो-कांग्रेस-राजद की नीति। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशियों के सबसे बड़े हितैषी झामुमो-कांग्रेस-राजद व उनके नेताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किसी ने क्या एक भी पोस्ट देखा है?

## मेरे रहते किसी के साथ नहीं हो सकता अन्याय : इरफान अंसारी



राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने ट्वीट करके कहा कि मेरे रहते किसी के भी साथ गलत और अन्याय नहीं हो सकता। किसी का भी हक और अधिकार को छीनने नही दूंगा। खासकर एक समाज तो पहले से ही गरीब है और भाजपा की गलत नीतियों का मार झेल रहा है, जिससे भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठ का लांछन और कलंक लग रही है। वह हमारे भाई हैं। अंसारी ने कहा कि अब सबके साथ न्याय होगा।

## एक नजर

### लालू और तेजस्वी यादव से मिले मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**रांची।** आगामी विधानसभा से पहले सभी मंत्री, विधायक और नेताओं का अपने-अपने राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में राजद के एक मात्र विधायक सह कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने रविवार को लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से पटना स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। उद्योग और श्रम नियोजन मंत्री ने बताया है कि इंडिया गठबंधन में रहते हुए राजद इस बार भी विधानसभा चुनाव लड़ेगा। दोनों शीर्ष नेताओं से मुलाकात के दौरान विधानसभा चुनाव की रणनीति और राज्य की राजनीतिक परिस्थिति पर विशेष चर्चा हुई। उनसे पूछा गया कि क्या सीटों को लेकर भी कोई बातचीत हुई है, तो उन्होंने कहा कि अभी इस पर समय है। प्रदेश स्तर पर सारी बातचीत होने के बाद उससे शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा दिया जाएगा।

### गेतलसूद डैम का जलस्तर 34 फीट से ऊपर पहुंचा



**रांची।** गेतलसूद डैम का जलस्तर रविवार को 34 फीट से ऊपर पहुंचने के बाद शाम पांच बजे गेट नंबर चार को तीन इंच खोलकर पानी को बहाया जा रहा है। खतरे का निशान 35 फीट के करीब जलस्तर पहुंचते ही विभाग के अधिकारियों ने गेट खोलने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि तीन अगस्त को जलस्तर 32 फीट से अधिक होने के बाद रेडियल गेट से खोलकर शनिवार तक पानी बहाया गया था। जलस्तर नियंत्रण में आने के बाद शनिवार को गेट बंद कर दिया गया था। लेकिन शनिवार की रात में हुई बारिश से जलस्तर अचानक बढ़ गया और 24 घंटे के अंदर पुनः रविवार को गेट खोला गया।

# 'महिलाओं के विकास लिए केंद्र व राज्यों का तालमेल जरूरी'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल आवश्यक हैं। मंत्री ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों में महिला एवं बाल विकास और सामाजिक कल्याण मंत्रियों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासकों और उप राज्यपालों के साथ अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की बैठक में यह बात कही।



*मेरा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे, जिसके लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है : अन्नपूर्णा देवी*

अन्नपूर्णा देवी ने कहा, "हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे, जिसके लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है। इससे न केवल राज्यों का विकास होगा, बल्कि हमारे देश की समग्र प्रगति में भी योगदान मिलेगा, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।" उन्होंने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के तहत मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

28 में से 21 राज्य मंत्रियों की भागीदारी वाली बैठक में देवी ने जोर देकर कहा कि विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने और देश भर में महिलाओं और बच्चों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग आवश्यक है। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण और कल्याण की दिशा में किए जा रहे विशिष्ट प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के स्तर पर किए गए सहयोग की भी सराहना की और कहा कि इससे राज्यों में तीनों मिशनों के क्रियान्वयन को गति मिलेगी और उनके चल रहे प्रयासों को बल मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें अपने स्तर पर समय-समय पर सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा, मंत्रालय एक समावेशी माहौल को बढ़ावा देने तथा देश में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण और कल्याण को समर्थन देने वाली नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा था कि देश ने बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में जबरदस्त प्रगति की है। सरकार की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय योजना कार्यक्रम में कई तरह के गर्भ निरोधक साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मई में जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) में भी इसे दोहराया गया था।

### राज्य संग्रहालय में आजादी का उत्सव कार्यक्रम शुरू

**रांची।** झारखंड सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य संग्रहालय होटवार के प्रेक्षागृह में आजादी का उत्सव कार्यक्रम हुआ। एक से 14 अगस्त तक आयोजित चार दिवसीय आजादी का उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नाट्य , लोकगीत नृत्य एवं शास्त्रीय गीत नृत्य की प्रस्तुति की जानी है। निदेशालय द्वारा आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में रविवार को पांच प्रतिभागी नाट्य कला दलों के द्वारा प्रस्तुतियां की गई। सभी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के अंतर्गत झारखंड कला मंदिर होटवार में प्रशिक्षणरत शास्त्रीय गीत संगीत, नागपुरी लोकगीत, मांदर वादन और मुंडारी लोकगीत नृत्य के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में अनिल ठाकुर, सुशील अंकन, राकेश रमन, डॉ शाकिर तसनीम ,समन्वयक डिपार्टमेंट ऑफ परफॉमिंग आर्ट केंद्रीय विवि झारखंड और डॉ नियति कल्प समन्वयक परफॉमिंग एंड फाइन आर्ट विभाग रांची विश्वविद्यालय उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुराने कार्यकर्ताओं को पार्टी में मिले तव्वजो : हिमंता विस्वा सरमा




**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा अपने झारखंड प्रवास के दौरान रविवार को भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के सरकारी आवास पर पहुंचे और चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। करीब 1 घंटे तक उन्होंने विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा से विधानसभा क्षेत्र वार कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी हासिल की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं की अपेक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि पुराने और समर्पित कार्यकर्ता बिना किसी लोभ और फायदे के बिना भी पार्टी के प्रति समर्पित रहते हैं। पुराने कार्यकर्ताओं का पार्टी से विशेष लगाव होता है। वह अपनी जिम्मेवारी समझते हैं। उनका नाराज होकर घर बैठना भी पार्टी पर भारी पड़ता है। पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से जोड़ा जाए और उनका मान सम्मान दिया जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक रणधीर सिंह, विधायक भानु प्रताप, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक अमित कुमार मंडल, विधायक आलोक चौरसिया और पूर्व विधायक सीता स्वयं भी मौजूद थी।

### केंद्रीय मंत्री से मिले बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ल

**रांची।** झारखंड राज्य बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। शुक्ल ने अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं से मंत्री को अवगत कराया और झारखंड बार कौंसिल को आर्थिक पैकेज दिलाने का आग्रह किया। शुक्ल ने झारखंड में अधिवक्ता सुरक्षा कानून शीघ्र लागू कराने की भी मांग की तथा युवा अधिवक्ताओ के लिए प्रोत्साहन राशि दिलाने की भी मांग रखी। झारखंड के हर बार भवन में आधुनिक सुविधा से संपन्न पुस्तकालय के लिए स्टेट बार कौंसिल को निधि आवंटन कराने की भी मांग की। मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्ल के प्रयास और कार्यकुशलता की सराहना की और अधिवक्ता हित और सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी सराहा।

### कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए इच्छुक प्रत्याशियों से मांगा आवेदन



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से प्रदेश कांग्रेस ने उनका आवेदन मांगा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनने के इच्छुक सभी नेता आवेदन दे सकते हैं। उन्हें अपनी विस्तृत जानकारी और बायोडाटा देने होंगे। हर जिला यह सूची प्रदेश कांग्रेस भवन में 15 दिनों के अंदर जमा करेगा। सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पंचायत से लेकर राज्यस्तर तक गंभीरता के साथ तैयारी में जुटी हुई है। सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्षों को पूर्व में निर्देश दिया जा चुका है कि जनता के हितों के संदर्भ में कांग्रेस के दृष्टिकोण से उन्हें पूरी तरह अवगत कराएं। साथ ही महागठबंधन सरकार द्वारा झारखंड में लागू की गई जनहित की कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के समक्ष रखें, ताकि भाजपा जनता को किसी भी तरह भ्रमित न कर सके। भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठे प्रचार से भी आम लोगों को सावधान रखने के लिए निरंतर लोगों से संवाद स्थापित करते रहना है। आपको बता दें कि कांग्रेस 32 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रहा है।

### जदयू संताल परगना की तीन विधानसभा सीटों पर लड़ेगा चुनाव



**रांची।** जनता दल यूनाइटेड की बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष सतीश दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार उपस्थित थे। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में देवघर जिला सहित संताल परगना से जदयू दो से तीन सीटों पर चुनाव लडेगी। इसके लिए प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर पार्टी का प्रचार-प्रसार कर माहौल बनाया जाय और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया जाय। देवघर से कामेश्वरनाथ दास ने दावा पेश किया। जरमुंडी से त्रिवेणी वर्मा एवं बबीता राव पटेल व मधुपुर से जयन्त राव पटेल जन्मजय पांडेय ने लिखित रूप से दावा पेश किया। इस अवसर पर श्रवण कुमार ने कहा कि हम संथाल परगना से तीन सीटें लड़ेंगे। देवघर, जरमुंडी एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ेंगे। प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार आज से ही शुरू कर दें। प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात कर भाजपा गठबंधन के तहत ये तीनों सीटें जदयू के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व से वार्ता कर दी जाएगी। बैठक में रंजीत कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में कई युवकों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से जयन्त भारती, राजहंस कुमार, पंचानन वर्णवाल, पीयुष कुमार, सुमन कुमार, विजय कुमार, मोहन कुमार, किशोर यादव आदि युवा शामिल रहे।

संगठन को धारदार बनाने में जुटा युवा आजसू

# एक हजार पदाधिकारी राजधानी में युवा आजसू की शक्ति बढ़ाएंगे : अभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** युवा आजसू ने रांची महानगर में संगठन को और भी मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के अंतर्गत, महानगर में एक हजार नए पदाधिकारियों को दायित्व दिया जायेगा। ये एक हजार पदेन पदाधिकारी नगर क्षेत्र में युवा आजसू की शक्ति को बढ़ाएंगे। युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने बताया कि यह कदम संगठन की प्रभावी भूमिका को और अधिक धार देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा, रांची महानगर में हमारी संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करने के लिए हमने व्यापक स्तर पर इस अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को सही दिशा में मार्गदर्शित करना और समाज के विकास में उनका अधिकतम योगदान सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत, विभिन्न क्षेत्रों से युवा, जो समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों में रुचि रखते हैं, को संगठन से जोड़ा जाएगा। चयनित पदाधिकारी न केवल संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे, बल्कि समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के लिए भी कार्य करेंगे। युवा आजसू के नगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने बताया कि इस सांगठनिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए वार्ड स्तर पर प्रतिनिधियों का चयन किया गया है जो योग्य युवाओं की पहचान कर उन्हें संगठन से जोड़ने का काम कर करे हैं।

### बैठक में मुख्य रूप से शामिल थे

युवा आजसू राज्य के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह जी, रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, बिपिन कुमार यादव, मनजीत, प्रियांशु, राहुल, मदन महतो, विक्रम यादव, आदित्य, के अलावा युवा आजसू के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा को अपेक्षित सीट मिल जाती तो आरक्षण समाप्त हो जाता : गुलाम मीर

▶ *बड़ी संख्या में लोग सरकार की कल्याणकारी एवं गरीबों-वंचितों के लिये लाए गए लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था। लेकिन जिस प्रकार से देश ने बीजेपी को 240 सीट पर समेट दिया है उसके बाद यह स्पष्ट है कि बैसाखियों पर चलती केन्द्र सरकार अगले 5 साल तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पिछड़ों को उसके हक और अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती। मीर ने कहा कि यदि किसी भी गलती से बीजेपी को अपने सपने के अनुसार लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सीट मिल जाती तो आरक्षण समाप्त हो जाता। राजधानी के बनहोरा जतरा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मीर ने कहा कि झारखंड सरकार ने गरीबों के लिये बहुत अच्छे काम किये हैं और बड़ी संख्या में लोग सरकार की कल्याणकारी एवं गरीबों-वंचितों के लिये लाभकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। मीर ने विशेष रूप से अबतक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में प्राप्त 37 लाख से अधिक आवेदनों की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार को यह सुझाव दिया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर अगले 20 अगस्त से सांकेतिक रूप से ही सही लेकिन मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की जाये। मीर ने कहा कि बीजेपी और उसके नेता, भारतीय धर्म, संस्कृति और समाज की बजाय सत्ता की परवाह करते हैं।

इसी कारण उसे 2014 और 2019 के चुनाव में तो सफलता मिल गयी लेकिन 2024 के चुनाव में मतदाताओं ने उसे ऐसा समेटा कि अब केन्द्र सरकार अगले 5 साल तक बैसाखी पर चलने को मजबूर है। उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगों के बीच इस अवसर पर पौधे का विवरण भी किया गया। विश्व आदिवासी दिवस की शुरूआत से पूर्व अतिथियों ने जतरा मैदान में पौधरोपण भी किया।

### कांग्रेस विशाल व खुले विचारों वाली पार्टी

महिलाओं के खाते में रकम जाने की शुरूआत हो। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस विशाल और खुले विचारों वाली पार्टी है। सभी लोग अपने विचार और राय रखने को स्वतंत्र हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिये तैयार हो रहे कांग्रेस के घोषणापत्र के लिये अपनी वैसे विचार दें जो झारखंड और यहां की जनता के हित में हो।

### देवघर और धनबाद सहित 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**रांची।** राज्य की राजधानी रांची, पलामू, रामगढ़ और चतरा जिले में कुछ ही घंटों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 17 अगस्त तक राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। सोमवार को कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात हो सकता है। 13 से 15 अगस्त तक राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इस बाबत येलो अलर्ट जारी किया है। वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने खराब मौसम रहने पर सतर्क रहने की अपील की है। बारिश और वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई।

# जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने को संकल्पित : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। आठ सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की सैद्धांतिक विचारधारा, इतिहास विकास, चुनाव प्रबंधन सहित सोशल मीडिया जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी है। इसका उद्देश्य भारत को परम वैभव को शिखर पर पहुंचना। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लगातार कार्य करते हैं। अंत्योदय और एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिधि में भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं बल्कि मां भारती को विश्व गुरु बनाने का साधन है। मरांडी ने कहा कि




भाजपा आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नीतियों एवं कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतार रही है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर जनता ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सराहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी चुनाव सिर पर है।राज्य में ठगबंधन सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने के संकल्पित है। लोकसभा चुनाव परिणाम इसका स्पष्ट संकेत देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया। हमें विकसित झारखंड के संकल्प को पूरा करना है। समापन सत्र को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। विस्तारक गण अपने अपने क्षेत्रों में प्रबंधन कार्यों को सुचारू रूप से संचालन में अपनी बड़ी भूमिका निभायेंगे। साथ ही कहा कि विस्तारक को उत्प्रेरक की भूमिका में कार्यों को गति देनी है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विस्तारक की भूमिका नीव की पत्थर की तरह है। मंच, माला, माइक से दूर रहकर पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को गति देना ही विस्तारकों की पहचान होनी चाहिए। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती में बूथ ही केंद्र बिंदु है। बूथ जीतो चुनाव जीतो के संकल्प को हमे कार्यों में उतारकर अपने लक्ष्य को पूरा करना है। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास, केंद्रीय टोली सदस्य मनोज सिंह ने भाजपा की पंच निष्ठा एवं विचारधारा, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां, राहुल अवस्थी एवं विवेक विकास ने सोशल मीडिया और आईटी विषय पर विचार रखे।

### परीक्षाओं के नाम पर हो रहा भंडारा : मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि हेमंत सरकार में साप्ताहिक परीक्षा के नाम पर मजाक चल रहा है। ऐसा लगता है कि परीक्षाओं के नाम पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कहीं एक ही बेंच पर छह-छह विद्यार्थी बैठकर परीक्षा दे रहे हैं, तो कहीं बरामदे में बिछाई गई दरी में छात्र-छात्राओं का एक झुंड परीक्षा दे रहा है। मरांडी ने कहा कि मूल्यांकन के उद्देश्य से ली जाने वाली इन साप्ताहिक परीक्षाओं से मूल्यांकन छात्रों का तो नहीं लेकिन हेमंत सरकार का जरूर किया जा सकता है।

## एक नजर

### मईयां सम्मान योजना सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय सीरु में झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश और प्रभारी बीडीओ सह अंचल अधिकारी मदन महली ने पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के प्रमुख बिंदु:योजना की प्रगति की समीक्षा: श्री सुधीर मंगलेश और श्री मदन महली ने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के पंजीकरण, सुविधाओं के वितरण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजना के तहत अब तक की प्रगति और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।सुविधा केंद्रों का दौरा: पंचायत सचिवालय में स्थित सुविधा केंद्रों का दौरा करते हुए, दोनों अधिकारियों ने लाभार्थियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना।

### रामगढ़ कैंट मंडल में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रविवार को रामगढ़ कैंट मंडल अंतर्गत साहू धर्मशाला के सभागार 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर सभी शक्ति केंद्र में सभी प्रभारी के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा का कार्यक्रम पूरे विस्तार के साथ सभी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सह संयोजक को कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया गया । बताया गया की आगामी 11 ,12 13, 14 अगस्त तक लगातार कार्यक्रम किया जाना है । वहीं, 13 अगस्त को स्वच्छता अभियान चलाकर शहीदों की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी को सम्मानित किया जाएगा।

### लेवी को लेकर पीसीसी रोड का काम बंद कराने के मामले में एक गिरफ्तार

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पुलिस पीसीसी रोड निर्माण को बंद करने की धमकी देने और मजदूरों के साथ मारपीट करने के आरोप में एक अपराधी को गिरफ्तार की है। पुलिस उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद की है। इसे लेकर शनिवार को जिला पुलिस मुख्यालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी अजय कुमार मामले की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 24 को भुरकुण्डा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर में निर्माणाधीन पीसीसी रोड के पास काम करने वाले मजदूरों के साथ पांच अपराधकर्मी की ओर से मारपीट कर काम बंद करने और लेवी की बात होने तक काम बंद रखने की धमकी देने की घटना को अंजाम दिया गया था। इसे लेकर पांच अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

---

**सीएचसी बरकट्ठा में राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन**

# 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलेगा अभियान



*फाइलेरिया बचाव अभियान में प्रबुद्धवर्ग, जनप्रतिनिधि समेत अन्य लोगों का सहयोग जरूरी है।*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन सीओ श्रवण कुमार झा, चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज,डॉ फातमा,डॉ परिणीता प्रिया ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सीओ व चिकित्सा प्रभारी ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर लोगो को जागरूक किया ।इसके बाद सभागार में उपस्थिति सभी स्वास्थ्यकर्मी ने फाइलेरिया रोधी दवा खायी ।इस अवसर पर सीओ ने कहा कि मादा कुयलेक्स नामक मच्छर काटने से फाइलेरिया बीमारी होता है। इसके बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। फाईलेरिया बचाव अभियान में प्रबुद्धवर्ग, जनप्रतिनिधि समेत अन्य लोगो का सहयोग जरूरी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए प्रेरित किया जाएगा ।इसके लिए स्वास्थ्य टीम जुटी है। वहीं बताया गया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 से 25 अगस्त तक चलेगा ।10 से 12 अगस्त तक प्रखंड के हर निर्धारित बूथ पर और 13 अगस्त से स्वास्थ्यकर्मी की टीम घर -घर जाकर लोगो फाइलेरिया रोधी दवा का खिलाकर जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में रविंद्र गिरी, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, भावेश सिंह, प्रकाश पंडित, सत्या कुमार, नरोत्तम कुमार समेत एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

---

**खेतों में कादो-कीचड़ से लथपथ हुए विधायक अमित यादव, कहा**

# किसान का बेटा हूं,खेतों में हल चलाने से मिलता है बड़ा सुकून



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधायक अमित कुमार यादव चलकुशा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चटकरी स्थित अपने पैतृक आवास से ट्रैक्टर लेकर खुद खेती करने निकल पड़े हैं। इस दौरान विधायक कादो कीचड़ में लथपथ थे। कहा किसान का बेटा हूं खेती करने में मजा आता है व आत्मसंतुष्टि मिलती है। मैं पिछले दो बार से लगातार विधायक बनकर लोगों की सेवा कर रहा हूं, मगर अपनी अजीविका का साधन खेती बाड़ी से कभी अलग नही हुआ और ना कभी अलग होना है। बचपन से ही मैं खेतों में जाकर खेती करना सीखा है और आज भी पारंपरिक व आवश्यकतानुसार आधुनिक तरीके से खेती करता हूं। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी को खेती-बाड़ी करनी चाहिए इससे यहां के लोगों में खुशहाली आएगी तथा धरती माता की सच्ची सेवा हो सकेगी।

---

## न्यूज बॉक्स

### कांवरियों की सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने लगाया शिविर



**बड़कागांव।** सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर रजरप्पा मंदिर से बुढ़वा महादेव जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जरजरा में सेवा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर विधायक अंबर प्रसाद में खुद सेवा शिविर में पहुंचकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद, जूस इत्यादि का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवारी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण करने एवं क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि हेतु कामना किया। कांवड़ियों के बीच विधायक अंबा प्रसाद ने काफी वक्त बिताया एवं बोल बम के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया। मौके पर मुख्य रूप से आनंद मेहता युवा प्रखंड अध्यक्ष, सुनील कुमार, चंदन गुरु,दसरथ प्रसाद किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष, रोहित सिंह गौतम कुशवाहा,संजय ठाकुर, कुलदीप बेदिया, हरिनाथ बेदिया, प्रवीण बेदिया, निखिल चौधरी, पिंटू चौधरी, अमीरलाल बेदिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### राजकीय मवि में काम कर रहे मजदूर व मुंशी से रंगदारी मांगने के मामले में पांडे गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग ।** 05 अगस्त को पांडेय गिरोह के अपराधकर्मियों के द्वारा गिद्दी थाना अन्तर्गत निमार्णाधीन राजकीय मध्य विद्यालय गिद्दी ए में आकर काम कर रहे मजदूरों एवं मुंशी को धमकाकर 05 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में संवेदक के टंकित आवेदन के आधार पर गिद्दी थाना कांड सं0-56/24 08.07.2024 धारा 308(5)/61(2) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा इस कांड के उद्भेदन एवं अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बड़कागाँव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में इस कांड में पाण्डेय गिरोह के अपराधकर्मी 1. आनन्द तुरी सा० वासरी कॉलोनी 2. कृपाल बेदिया सा०- कुरकुट्टा दोनों थाना- गिद्दी 3. आलोक राज सा०- सौन्दा बस्ती थाना- भुरकुण्डा एवं अन्य लोगों की संलिप्तता पायी गयी है। जिसमें 1. आनन्द तुरी सा० वासरी कॉलोनी थाना गिद्दी को गिरफ्तार कर 10.08.2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। 2. आलोक राज ग्राम सौन्दा बस्ती थाना भुरकुण्डा ओ०पी० को भुरकुण्डा ओ०पी० के द्वारा पतरातु (भुरकुण्डा ओ0पी0) थाना कांड सं0- 204/24 में गिरफ्तार कर 10 अगस्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। 3. कृपाल बेदिया ग्राम कुरकुट्टा थाना- गिद्दी को अरगड्डा से गिरफ्तार कर दिनांक 10.08.2024 को गिरफ्तार किया गया है।

**गणपति पूजा को लेकर बैठक संपन्न**

### धूमधाम से पूजा मनाने का लिया गया निर्णय



**दारू।** बासोबार फुटबॉल मैदान के सामने गणपति पूजा स्थल के प्रांगण में आगामी पूजा को सफल संचालन के लिए बैठक आहूत की गयी ।बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 सितंबर से गणपति पूजा पांच दिवसीय प्रारम्भ होगी जिसे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । बैठक में मुख्यरूप से संयोजक भैया नवजीत सिन्हा अध्यक्ष राजकुमार आर्ट, , सचिव रौशन सिन्हा, कोषाध्यक्ष बजरंग सहाय, दशरथ दास, किशोरी प्रसाद, रॉकी रवानी, आलोक राज, नंदू ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

### भाजपा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने अभिनंदन कार्यक्रम का किया आयोजन



**दारू।** देवदयाल स्मृति भवन झुमरा में रविवार को बीजेपी नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अभिनंदन सह आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के आमंत्रण को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने किया। सर्वप्रथम पूर्व मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उसके बाद कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व मंडल अध्यक्ष ने अपना संबोधन मे कहा कि पार्टी से जुड़े प्रत्येक सदस्य समान्न है पार्टी के लिए हमेशा मिलजुल कर काम करना है। विधानसभा चुनाव सामने है इसे लेकर चुनावी चर्चा परिचर्चा होनी चाहिए इस बार चुनाव परिणाम बेहतर करना है। नए मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी दी है मैं इसे निष्ठा से करूंगा। पुरानी कार्यकताओं के साथ अच्छा तालमेल बनाकर काम करूंगा और नए कार्यकर्ता को जोड़ने का प्रयास करुंगा। शिकायत का मौका ना मिले इसलिए सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। वहीं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने कार्यकताओं को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मेडकुरी पंचायत मुखिया भोला तुरी,विकास यादव, धनपत, विनोद कुमार, लक्ष्मी देवी, सोनी कुशवाहा, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पुनीत कुमार, जीतन प्रसाद, रामाशीष इत्यादि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

### दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान सत्रों के महिला प्रशिक्षुओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर अपने कला का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कु. चतुर्वेदी ने कहा कि ?मेहंदी प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला प्रशिक्षुओं के सृजनात्मकता को प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम में एन एन एस एस की कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक प्राध्यापक अशोक झा,प्रवीण कु. जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु. दुबे, डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु. पाठक, सीमा, बबली कुमारी, वीरेन्द्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार वर्मा,छबि राम सिंह,अजीत कुमार,भुनेश्वर महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार, आजाद एवं समस्त प्रशिक्षुगन उपस्थित थे।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने घर-घर में तिरंगा लगाकर अभियान की शुरुआत की



हजारीबाग। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर विधानसभा क्षेत्र के अमृतनगर के घर- घर में तिरंगा लगाकर अभियान की शुरूआत किया। इस दौरान राष्ट्रभावना की मुहिम को मजबूत करने का लोगों को प्रेरित किया। इस अभियान से अवश्य जुड़ने का आग्रह किया। इस मुहिम में भाजपा नेत्री शेफाली के साथ काफी संख्या स्थानीय ग्रामीणों का उमंग व उत्साह दिखा। घर- घर में तिरंगा लगाकर राष्ट्रभावना को मजबूत किया। साथ ही वंदेमातरम सहित कई राष्ट्रवादी नारा लगाकर राष्ट्र भक्ति का अभूतपूर्व संदेश दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है। राष्ट्र भक्ति का भी प्रतीक है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गजब का उत्साह व उमंग है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान तहत हर घर में तिरंगा लगाकर विशेष सम्मान देने का अपील किया। मौके पर विशेष रूप से भाजपा अनुसुचित मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, रानी शुक्ला, अमृतनगर के उपमुखिया देवा नन्द कुमार उर्फ देवा, दीपक कुमार, कुलदीप राम, दिवाकर कुमार, फुटुन राम, कमल राम, संजय गुप्ता, रोहित राम एवं अजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

---

**विनोद प्रगतिशील और बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया छाते का विवरण**

# फाउंडेशन व ट्रस्ट का कार्य प्रशंसनीय : अधिवक्ता उमेश




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** पदमा प्रखंड के सरैया स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास छाता वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ. जिसका आयोजन स्वयंसेवी संस्था विनोद प्रगतिशीत फाउंडेशन और बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से किया. जिसमे सरैया सहित आस पास के कई निर्धन परिवार शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार दास, अधिकवक्ता उमेश कुमार, संचालक नरेश सिंह, वरिष्ठ सदस्य शरीफुल हक आदि ने बाबा साहब के प्रतिमा माल्यार्पण का किया. उसके बाद इनलोगो ने उपस्थित निर्धन दलितों के बीच छाता वितरित करने का काम किया. उक्त जानकारी फाउंडेशन के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य नरेश सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से बरही विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों में उन लोगों के द्वारा गरीबों के बीच छाता वितरण करने का काम किया जा रहा है. जो अभी आगे जारी रहेगा. उन्होंने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य जनहित के कार्यों को हर संभव आगे बढ़ाना और मदद करना है. कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता श्री कुमार ने भी फाउंडेशन के कार्यों का प्रशंसा किया. कार्यक्रम में उमेश कुमार, शरीफुल हक धर्मेंद्र यादव, देवधारी रविदास ,अर्जुन महतो, प्रकाश पासवान, कपूर रविदास, अजीत कुमार दास, अमित कुमार, नागो भुइंया, गंगिया देवी, कन्हैया भुइंया, गनौरी भुइंया, गुजरी देवी, पतवा देवी, गेनसी देवी, एतवरी देवी, झनवा देवी, बसंती देवी, कुंती देवी, सुदामा देवी, सरिता देवी, अनार देवी, दहनी देवी, पारो देवी, शंकर प्रजापति, जसवा देवी, देवकी देवी, कौशल्या देवी, चमेली देवी, नगिया देवी, नागेश्वर रविदास, यशोदा देवी, उषा देवी, तुलेश्वर रविदास आदि मौजूद थे.

### दुलमी में पतंजलि योग समिति की बैठक

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड के रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज सिरु बुधबाजार में शनिवार को पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी बासुदेव कुमार शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार और सामूहिक रूप से भ्रमण करने पर विचार-विमर्श किया गया।

# हत्या के छह आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हजारीबाग।** विगत 03 अगस्त को विष्णुगढ थाना अन्तर्गत ग्राम गाल्होबार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के पास कुछ अपराध कर्मियों के द्वारा सरफुद्दीन अंसारी पिता अब्दुल गफ्फुर अंसारी, ग्राम गाल्होबार, थाना- विष्णुगढ़, जिला- हजारीबाग को सिर में गोली मार कर गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। जिसके संदर्भ में मृतक के पत्नी के द्वारा 06 नामजद अभियुक्त 1. तोहद अंसारी, 2. तौफिक अंसारी, 3. औफिक अंसारी, 4. इमरान शाह 5. अलीमुद्दीन शाह, 6. सुभान अंसारी, के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड सं0-133/24, दिनांक 04.08.2024 धारा 103 (1)/3 (5) भा०न्या०सं० एवं 25 (1-इ) /27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गई। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में कांड का त्वरित अनुसंधान करते हुए घटना में प्रयुक्त अग्नेयास्त्र को घटनास्थल से बरामद किया गया तथा कांड के अभियुक्तों के विरुद्ध सघन छापामारी के दौरान गत शनिवार को कांड के प्राथमिकी अभियुक्त तोहिद अंसारी उम्र करीब 27 वर्ष, पिता- स्व० सनुल असारी, ग्राम- गाल्होबार, थाना- विष्णुगढ़, जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताये कि वर्ष 2019 में मृतक सरफुद्दीन अंसारी के द्वारा इनके पिता सनुल असारी की हत्या कर दी गई थी। तब से ये और इनके भाईयों के द्वारा बदला लेने की साजिश रची जाने लगी। 03 अगस्त को शाम में ग्राम गाल्होबार आंगनबाड़ी केन्द्र के पास योजनाबद्ध तरिके से अपने भाईयों एवं अन्य के साथ मिलकर सरफुद्दीन अंसारी को गोली मारकर तथा गला रेत कर हत्या कर दिये तथा घटना में प्रयुक्त किये गये देशी कट्टा अगेन्यास्त्र को पास के नाले में फेंक दिया, जिसे पुलिस के द्वारा बरामद कर लिया गया है।

# भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 11 अगस्त को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर भगवान पारसनाथ का जलाभिषेक एवम शांतिधारा कर उन्हें निर्वाण लाडू चढ़ाकर उपस्थित समाज के लोगों ने उनका आशीर्वाद लिया। 23वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में जयकारों एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान का अभिषेक, विश्व की मंगल कामना एवं सुख-समृद्धि के लिए शांतिधारा, सामूहिक पूजा की जाती है। निर्वाण कांड के सामूहिक उच्चारण के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है तथा भगवान पार्श्वनाथ की आरती की जाती है। वहीं मोक्ष/ मुकुट सप्तमी के दिन छोटी-छोटी बालिकाएं एवं कुंवारी कन्याएं पूरे दिन का निर्जला उपवास करती हैं। इस दिन देव-शास्त्र-गुरु की सामूहिक भक्ति करके आत्म चिंतन करने के साथ ही श्री जी पूजन, स्वाध्याय, मनन-चिंतन, सामूहिक प्रतिक्रमण आदि में दिन बिताया जाता हैं तथा सायंकाल घोड़ी-बग्घी में बैठाकर उन्हें घुमाया जाता है तथा अगले दिन उनका पारण कराया जाता है। मौके पर जलाभिषेक का सौभाग्य शिखरचंद बज, धीरज बज व उषा अजमेरा को मिला। शांतिधारा का सौभाग्य हरकचंद जी,विवेक, विकास अजमेरा, सुरेश चंद सेठी को मिला। वहीं, निर्वाण लाडू का सौभाग्य विनय जैन एवं मिथलेश जैन को मिला।

---

### प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों व उनके माता-पिता को डॉ आईपी भारती ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** डिवाइन पब्लिक स्कूल एवं बीसीएम डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ आई पी भारती ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में सफल क्षेत्र के युवकों- यवतियों एवं उनके माता पिता को सम्मानित किया। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों युवा हाल में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया ।इस निमित डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सभी सफल अभ्यर्थियों एवं उनके माता को अंग वस्त्र एवं फलदार पौधा दे कर सम्मानित किया । साथ ही विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ भारती ने कहा कि पूरे क्षेत्र में एक बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। आज इन सफल अभ्यर्थियों के प्रतिभा के साथ साथ इनके माता पिता के संघर्ष और तपस्या को सम्मानित कर गर्व की अनुभूति हुई। हमें यह कहते हुवे गर्व होता है कि हमारा क्षेत्र शैक्षणिक रूप से बहुत समृद्ध होता जा रहा हैं। सम्मानित होने वालों में कई पीजीटी शिक्षक, लब टेक्नीशियन, पंचायत सचिव, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की प्राचार्या स्वाति मैम, संजय समेत, सुलेखा देवी, रुबी खातून, मानती लकड़ा, प्रीति प्रभा,कुसुम कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

---

**सांसद की अगुवाई में बस से देवघर के लिए जत्था रवाना**

# श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलमय हो : बिजय कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया से भूतनाथ कांवरिया संघ श्रद्धालुओं से भरा बस का एक जत्था दिन रविवार को हर हर महादेव व बोलबम के उद्घोष के साथ कांवर यात्रा के लिए निकली। मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रंधीर पाण्डेय, ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव ने हर हर महादेव के जयकारा के साथ श्रद्धालुओं को बोल बम के लिए रवाना किया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने ओरिया स्थित शिवमंदिर में माथा टेका तथा भगवान भोलेनाथ से शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद गाजे- बाजे के साथ ग्राम का भ्रमण कर हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, बोल बम एवं जय शिव शंभु के जयकारा से क्षेत्र गुंजयमान तथा शिव भक्ति में लीन हुआ। बस रवाना के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने श्रद्धालुओं को बोल बम का यात्रा मंगलमय होने की शुभकामनाएं दी। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल धर्म कर्म के कार्यों में काफी रूचि रखते हैं। सभी यात्रियों को बोल बम यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं भगवान भोलेनाथ से यात्रा मंगलमय होने की कामना करता हूँ।

---

### मारपीट में घायल किसान की हुई मौत, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाने पहुंचे लोग

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामबारी में धान रोपने के लिए खेत में पानी बांधने के दौरान मारपीट में गंभीर रूप से घायल 48 वर्षीय किसान चरण महतो की इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गई। शनिवार की शाम को रांची से शव पहुंचने पर लोगों ने रामगढ़ थाना ले गए। यहां परिजनों व लोगों ने घटना के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। वहीं घटना में हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। इस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शव को लेकर चले गए। मुर्रामबारी में बीते दिनों में खेत में पानी बांधने को लेकर विवाद के बाद मारपीट होने पर किसान चरण महतो को कुदाल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था।

---

**डिग्री कॉलेज चंदवारा में शीघ्र प्रारंभ होंगे नामांकन**

# पूर्व विधायक ने महाविद्यालय के लिए किया था प्रयास : प्रभारी प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चंदवारा डिग्री कॉलेज में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल शीघ्र प्रारंभ किए जायेंगे. चांसलर पोर्टल प्रारंभ होते ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी. रविवार को प्रभारी प्राचार्य प्रो. जयप्रकाश आनंद प्रभारी ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल एवं संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से शिष्टाचार भेंट मुलाकात कर उक्त जानकारी दी. सरकारी डिग्री कॉलेज चंदवारा में प्रारंभ हो जाने से बरही, चौपारण, जयनगर प्रखंड के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधा मिलेगी. पूर्व विधायक श्री यादव के निजी सचिव भूपेन्द्र यादव ने बताया कि चंदवारा डिग्री कॉलेज की स्वीकृति बरही के पूर्व विधायक श्री यादव ने अपने कार्यकाल 2015-19 में दिलवाई थी. साथ ही महाविद्यालय का भवन निर्माण भी करवाया था. जिसे सांसद बनने के तुरंत बाद श्री जायसवाल ने प्राथमिकता के आधार पर तत्कालीन राज्यपाल श्री राधाकृष्णन से आग्रह कर महाविद्यालय में पठन-पाठन प्रारंभ करने का आग्रह किया था. राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय प्रारंभ करने का निर्देश दिया और आज महाविद्यालय प्रारंभ हो चुका है।

# राज्य सरकार जनहित में लगातार कर रही है कार्य : अनिल कंडुलना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा द्वारा रविवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित परिसदन सिमडेगा में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य की वर्तमान सरकार द्वारा जनहित में लगातार कार्य कर रही। इसी क्रम में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना " झारखंड मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना लाई है। एवं सभी कठिनाइयों को को दूर किया जा रहा है ताकि योजना का लाभ झारखंड की सभी माताओं - बहनों को मिल सके यह बहुत ही खेद जनक बात है की झारखंड की जनता के हित को न देखते हुए विपक्ष इन योजनाओं पर भी राजनीति करते हुए आम जनों को गुमराह करने का कार्य कर रही है झारखंड राज्य की माताओं - बहनों से आग्रह है कि किसी के बहकावे में न आएं और योजना को सफल बनाने के लिए आवश्यक कागजातों के साथ अपना आवेदन अवश्य करें । इस योजना का उद्देश्य महिला सर्वांगीण विकास है झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान ने कहा इस योजना के माध्यम से गरीब परिवार की महिलाओं के लिए उनके दैनिक जीवन की छोटी-मोटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई मुद्दों पर एक नजर डाली गई है, जिसे देखते हुए झारखंड राज्य सरकार ने योजना शुरू की है । योजना के तहत सरकार महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता देगी यानी कि महिलाओं को हर साल 12000 की आर्थिक सहायता मिलेगी। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की,नगर उपाध्यक्ष मो सिकंदर,नगर कोषाध्यक्ष विकास कंडुलना उपस्थित उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से झारखंड सरकार ने माता-बहनों को दिया है खुशियों की उपहार : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सिकरियाटांड़ और पाकरटांड़ में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लगे शिविर का भ्रमण किया। मौके पर जोसिमा ने उपस्थित महिलाओं की समस्या सुनी। साथ ही सभी महिलाओं को योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्म भरने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार महिलाओं को सम्मान देने के साथ साथ बेहतर जिंदगी जीने का अवसर देने का काम किया है। झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लेकर आई है। इसके तहत अब किसी भी महिला को छोटे मोटे जरूरत के समान खरीदने के लिए किसी पर निर्भर होना नहीं पड़ेगा। उन्हें कड़ी धूप में, ठंड और बारिश में कड़ी मेहनत करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हम माता बहनों को महागठबंधन सरकार ने खुशियों का उपहार दिया है। अब हर माता बहन को हर साल 12 हजार रुपये सरकार देगी। हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को पेश किया। मुख्यमंत्री मंईयां योजना गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर बनाई गई थी। सरकार ने घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था। जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा द्वारा किये गए विकासकारी योजनाओं को गिनाया। साथ ही कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार पहल किया है। जब से भूषण बाड़ा विधायक बने हैं, क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ी है। आज हर तबके के लोग काफी खुश हैं। उन्होंने महिलाओं को भी उनका हक और अधिकार दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

## नए आपराधिक कानून पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

कोडरमा । जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट और नए आपराधिक कानून 2023 संबंधी एक दिनी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया क उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर, विशिष्ट अतिथि सीजेएम अमित कुमार वैश, प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार,एसजेएम कंचन टोप्पो,एसडीपीओ जीतवाहन उरावं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रधान जिला जज सह प्राधिकार अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। कार्यशाला में प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी,पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की क जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर ने पोक्सो एक्ट पर जानकारी देते हुए इस एक्ट में हाल के दिनों में हुए बदलाव पर विशेष प्रकाश डाला।

कोडरमा में दिखेगा देवघर का रूप

# एक लाख से अधिक कांवरिया 15 किलोमीटर की पदयात्रा में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** सावन में कांवड़ पद यात्रा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का विशेष महत्व है। कोडरमा में 24 वर्ष पहले धार्मिक संगठन श्री राम संकीर्तन मंडल के द्वारा महज 65 कांवड़ियों के साथ 15 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा की शुरुआत की गई थी। इस वर्ष 25वां कांवर पदयात्रा आयोजित कर आयोजन की रजत जयंती मना रही है। वर्तमान समय में इस कांवर पदयात्रा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावे पड़ोसी जिलों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिसकी तादाद एक लाख से अधिक होती है। श्री राम संकीर्तन मंडल के द्वारा आयोजित कांवड़ पद यात्रा के संयोजक बबलू सिंह ने बताया कि कांवर पदयात्रा की रजत जयंती को लेकर जिले में काफी उत्साह का माहौल है। शहर एवं कांवड़ यात्रा मार्ग को केसरिया झंडे से सजाया गया है। शहर के साथ झरनाकुंड धाम से ध्वजाधारी पहाड़ तक विभिन्न सामाजिक संगठन के द्वारा कावड़ यात्रियों के स्वागत के लिए कई आकर्षक तोरण द्वार बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 25वें वर्ष पर कांवर पदयात्रा में 25 फीट की आकर्षक कांवर निकाली जाएगी। सावन के चौथे सोमवार 12 अगस्त की प्रातः 7 बजे से भव्य कांवर पद यात्रा की शुरुआत होगी, जिसमें श्रद्धालु कलश में झरना कुंड से जल उठाएंगे और 15 किलोमीटर पैदल चलते हुए ध्वजधारी धाम में शिव मंदिर में एवं ध्वजाधारी धाम पहाड़ के शिखर पर 777 सीढ़ी चढ़कर भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। कोडरमा जिले के दूर-दराज इलाके एवं जिले के बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजाबी धर्मशाला में रात्रि विश्राम और इंदरवा स्कूल के परिसर में रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई है। कांवड़ पदयात्रा के दौरान अखाड़ा समिति और जिम से जुड़े शिव भक्त 51, 71, 101 एवं 151 लीटर जल उठाकर 15 किलोमीटर की कांवर पदयात्रा में शामिल होंगे।

## ओड़गा पैतानो के पास अनियंत्रित होकर हाईवा दुर्घटनाग्रस्त

**जलडेगा।** ओडगा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पैतानो तुरी टोली मोड़ के पास एक अनियंत्रित हाईवा ने जमीन पेड़ को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की जमीन पेड़ पास में शिवनाथ मांझी, पिता डेबरा मांझी के ऊपर गिर गया। हादसे में घर के लोग बाल - बाल बच गए। घटना की जानकारी ओडगा ओपी को मिलने के बाद एसआई सकलदेव महतो दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए हैं। वहीं घटना के चालक को चोट लगी है जिसे पुलिस प्राथमिक इलाज के लिए जलडेगा लाने वाली थी इस बीच चालक मौके का फायदा उठाकर कहीं भाग गया है। बताया गया हाईवा जलडेगा से ओडगा की ओर जा रहा था।

## ऑफलाइन आवेदन मंईयां सम्मान योजना में स्वीकार्य : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि आवेदिका को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए शिविर में उपस्थित होकर फोटो खिंचवाने एवं आधार वेरिफिकेशन करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन वे अपने आँगनबाड़ी केन्द्र या पंचायत, हल्का में जमा करा सकती हैं, जिसे प्रखण्ड, अंचल द्वारा ऑनलाइन कराकर उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए सिर्फ 04 दस्तावेजों की आवश्यकता है। एक पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, राशन कार्ड की छायाप्रति। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए जिस बहन का राशन कार्ड में नाम नहीं है, उनके लिए उनके पिता, पति का राशन कार्ड मान्य होगा।उपायुक्त ने बताया कि पूर्ण रुप से भरा हुआ आवेदन आँगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत सचिवालय, हल्का, अंचल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। जिला में सभी शिविरों तथा प्रखण्ड अंचल व जिला कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को युद्ध स्तर पर ऑनलाइन कराने का कार्य किया जा रहा है एवं योजना के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की जा रही है।

## गुम मोबाइल वापस मिला तो लौट आई चेहरे की मुस्कान

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग ।** जब भी हमारी कोई अहम चीज खो जाती है तो बहुत तकलीफ होती है खासकर मोबाइल जैसा कोई महत्वपूर्ण उपकरण हो जिसमें कॉन्टेक्ट , फोटो, नीजी डाटा जैसी खास चीजें हो ऐसे में अगर कोई आपको खोया हुआ मोबाइल वापस दिला दे तो खुशी का ठीकाना नही रहता ।खुशियों से भरा नजारा रविवार को कुरडेग थाना परिषर में दिखा जब थाना प्रभारी नवीन कुमार की उपस्थिति में एस आ सुधीर कुमार ने 5 ऐसे लोगों के मोबाइल बरामद उन सबको सौंप दिये वह भी तब जब वे अपने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे ।थाना प्रभारी नवीन कुमार ने आवेदक अगुस्टीन कुजूर, सोनीया लकड़ा , कृष्णा साय, अनुज राम , सत्येन्द्र साहु सभी कुरडेग थाना क्षेत्र निवासी के मोबाइल खो जाने व कहीं गीर जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र पर करवाइ करते हुए टेक्निकल सेल की मदद से 5 स्मार्ट फोन बरामद किए जिन्हे रविवार को उन आवेदकों को कुरडेग थाना बुलाकर फोन वापस लौटा दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि वापस किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 50000 रुपये हैं खोये हुए मोबाइल फोन पाकर उनके मालीक काफी खुश हुए उन्होंने कुरडेग पुलिस को धन्यबाद दिया मोबाइल पाने के बाद लोगों ने कहा कि वे मोबाइल मिलने की आस छोड़ चुके थे लेकिन कुरडेग पुलिस की मदद से उन्हें दुबारा उनका मोबाइल मिला है ।

## ब्लॉक में क्वार्टर भवन निर्माण में हो रही है भारी अनियमियता

**ठेठईटागर।** प्रखंड मैदान के समीप हो रहे ब्लॉक क्वार्टर भवन निर्माण में घोर अनियमिता का मामला सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता का ख्याल नही रखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में लापरवाही भारती जा रही है जहां पर लगने वाले सामग्री घटिया किस्म की है जिससे कि आने वाले दिनों में भवन जल्द ही जर्जर हो जाएगी बताया जा रहा है कि दो नंबर ईट एवं अवैध बालू एवं उड़ीसा से रात के अंधेरे में लाकर चिप्स का उपयोग हो रहा है । स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से तेजी से संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है और सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं होने की वजह से भविष्य में भवन गिर सकता है।

# प्रवासी मजदूर झारखंड सरकार के श्रम विभाग में जरूर कराएं निबंधन

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचड़ागढ़ पंचायत के करंजटोली गाव निवासी प्रवासी मजदूर अंकित बडिंग की सूरत में पेंट बनाने वाली कंपनी में काम करने के दौरान तबीयत बिगड़ी थी और उसकी सूरत में इलाज के क्रम में अस्पताल में मौत हो गई थी मामले की जानकारी मिलने के बाद कोलेबिरा विधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी उनके परिवार के आश्रित सदस्यों से जाकर मिले। एवं दिवंगत अंकित बडिंग को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके आश्रितों का ढाढ़स बढ़ाया।साथ ही मृतक के परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि को दिलाने के लिए श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया । मौके पर विधायक ने अपनी ओर से भी सहायता राशि दी।विधायक ने बताया कि मृतक के पार्थिव शरीर को सुरत से लाने के लिए उनके आश्रितों को आर्थिक रूप से समस्या हो रही थी। इसके बाद तुरंत इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करते हुए मदद की गई वहीं उन्होंने बताया कि श्रम विभाग में निबंध नहीं होने की वजह से उसे पच्चास हजार रुपये तथा इसके पश्चात एक लाख रुपये दिलवाने की प्रक्रिया को अधिकारी को निर्देश देकर अविलंब राशि प्रदान करने को कहा।विधायक ने सरकार के द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में बताया कि मृतक के बच्चों को बाल संरक्षण समिति के माध्यम से 4000/- रुपये प्रति महीने भी मिलेगा।जिससे कि बच्चों के लालन पालन में कोई समस्या उत्पन्न नही होगी। विधायक ने सभी प्रवासी मजदूरों को श्रम विभाग में जाकर अपना निबंध करवाने की बात कही। मौके पर जिला प्रतिनिधि शमी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर खान, सुलभ डुंगडुंग, क्लेमेंट टेटे, श्यामलाल प्रसाद, जमीर हसन, राकेश कोनगाड़ी, अमृत डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

सिमडेगा डाक बंगला में धूमधाम के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस

# आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत : तिरियो एक्का

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** डाक बंगला, जिला परिषद में अन्तराष्ट्रीय आदिवासी दिवस 2024 का आयोजन होप तथा फीमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में आदिवासी समाज को एकजुट करना तथा आदिवासी समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह प्रयास आदिवासी महिलाओं के नेतृत्व को विकसित करने हेतु एक प्रकिया झारखंड के तीन जिलों में लोहरदगा, गुमला तथा सिमडेगा में किया गया। मौके पर लगभग 20 गांवों से 400 महिलाओं एवं पुरुषों ने प्रतिभागिता दी ।होप द्वारा आदिवासी महिलाओं में नेतृत्व के विकास एवं उनको सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है उसी प्रक्रिया के तहत आदिवासी भाइयों एवं बहनों को संगठित करने एवं उनको संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग करने हेतु यह एक पहल है।होप की मैनेजिंग ट्रस्टी सुश्री मनोरमा एक्का ने कहा कि आप सबकी उपस्थिति एक दुसरे के लिए प्रेरणा का स्रोत है । आप अपने आदिवासी समाज के प्रति एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए तत्पर हैं । होप परिवार की ओर से उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारे आदिवासी समाज में कई तरफ से हमले हो रहे जिसमें सोशल मीडिया का भी काफी असर है। कहीं न कहीं यह हमारी अद्भुत परम्परा जो प्रकृति के ईर्द गिर्द घुमती है उसको नष्ट करने की एक सोची समझी साजिश है ।महिला कालेज सिमडेगा की कार्डिनेटर सह सिमडेगा कालेज की सहायक तिरीयो एक्का उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है ताकि अपने इतिहास को बचा सके। हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति को बचाने के लिए आगे आना होगा। सहायक प्रोफ़ेसर रौशन टेटे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं का नेतृत्व को और विकसित करने की जरूरत है क्योंकि आदिवासी समाज में महिलाओं का नेतृत्व जब तक नहीं होगा तब तक समाज सही मायने में विकसित नहीं करेगा। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से सामूहिक आदिवासी नाच की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर अतिथियों एवं पंचायतों से आये मुखिया एवं होप के कार्यों में सहयोग करने वाले साथियों को परंपरागत शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । सभी नृत्य दल को करतल एवं राशि देकर सम्मानित किया गया।

## 13 को राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा करेगी आक्रोश रैली

नवीन मेल संवाददाता

▸ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी

**सिमडेगा ।**भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन हुआ। लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता के विश्वासों को छलनी कर वोट बैंक की राजनीति के लिए जनता को ठगने का काम कर रही है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई है। बताया गया आगामी 13 अगस्त को महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी की अगुवाई में समाहरणालय में 11 बजे से आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। महिला मोर्चा के आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर भी शामिल होंगी तथा पूर्व मंत्री बिमला प्रधान आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगी।साथ हीं सभी प्रखंडों की महिला कार्यकर्त्ता कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होंगी।यह भी जानकारी दी गई कि एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष बसंत नारायण मांझी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में बैठक होगी, जिसमे पूर्व विधायक मांडर गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहेंगी। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 13 अगस्त को 10 बजे नगर भवन से टुकूपानी तक निकाली जाएगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में बसंत नारायण मांझी, सावित्री देवी, दीपक पुरी, अनूप प्रसाद, सुजान मुण्डा, श्रद्धानंद बेसरा, रवि वर्मा उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### थाना प्रभारी और स्पोर्ट क्लब के युवाओं ने किया पौधरोपण



**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम कोलोमडेगा में लीड्स संस्था द्वारा दिए गए आम बागवानी को जलडेगा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और एसआई राजेश कुमार दास के हाथों पेड़ लगाकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्पोर्ट क्लब केलुगा के खिलाड़ियों ने भी पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने स्पोर्ट कल्ब केलुगा के खिलाड़ियों को खेल एवं पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। मौके पर उपस्थित कृष्ण देव कायन्थवार ने जलडेगा थाना क्षेत्र के खिलाड़ियों को झारखण्ड पुलिस एवं एसथेटिक स्पोर्ट की तैयारी करने के लिए सुझाव दिया। इस दौरान लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझीया सहित आम बागवानी की लाभुक बिमला देवी, स्पोर्ट कल्ब से राजिंद्र मांझी, कमला बड़ाईक, बिमला बडाईक, संतोष मांझी, रविंद्र मांझी, मनोज मांझी, मंगा सिंह, राजू सिंह, रोहित सिंह सहित कई अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर सिमडेगा के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया परेड रिहर्सल



**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस 2024 को लेकर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को परेड का रिर्हसल किया गया। मौके पर परेड में शामिल पुलिस कर्मी व विभिन्न स्कूलों के छात्रों को परेड के संबंध में कई जानकारी भी दी। परेड की कमांडिंग कर रहे मेजर ने भी परेड की कई बारिकियों की जानकारी दी। इस दौरान परेड का निरीक्षण राष्ट्रगान, सलामी आदि का भी रिर्हसल किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वाहनों की पार्किंग, लोगों के बैठने की सुविधा, साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था, मीडिया गैलरी आदि के संबंध में दिशा - निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद् सिटी मैनेजर को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के चारों तरफ साफ-सफाई एवं घांस की कटाई समय से सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया।

### विप्र फाउंडेशन सिमडेगा के अध्यक्ष बने राजेश शर्मा



**सिमडेगा।** विप्र फाउण्डेशन जोन- 6 शाखा सिमडेगा द्वारा रविवार को सरना मंदिर में कार्यक्रम आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा सिमडेगा के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने की ।बैठक में मुख्य रूप से विप्र फाउण्डेशन झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा , प्रदेश महासचिव प्रदीप शर्मा, प्रदेश संगठन महासचिव अजय दधीच, प्रदेश सचिव अमित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा, कार्य कारणी सदस्य सुरेश शर्मा, उपस्थित थे ।अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं असहायों के बीच छाता वितरण किया गया।वही फाउण्डेशन द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा को बनाया गया। बैठक का संचालन पुर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया एवं राजेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन देकर बैठक का समापन की घोषणा की गई।

### चक्रीय विकास संस्थान के कलाकारों को राजधानी रांची में किया गया सम्मानित



**सिमडेगा ।** रांची स्थित बिरसा मुंडा संग्राहलय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित टीआरआई एवं कला संस्कृति,खेल कूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिमडेगा जिला स्थित चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा द्वारा संचालित छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कलाकरों ने निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के निर्देशन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के अगुवाई में भाग लिया ।कार्यक्रम के दौरान खड़िया नृत्य एवं युवतियों के द्वारा विलुप्त हो रहे चांवर पैकी नृत्य की प्रस्तुति कर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर विवस कर दिया. मौके पर दल नायक सत्यव्रत ठाकुर को मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया सम्मानित किया गया ।मौके पर दल नायक अर्जुन नायक, गंदुर नायक, महारथी नायक, राजेंद्र नायक, मनोज नायक, सुषमा कुमारी, सरिता कुमारी, अर्चना बेक ,ब्यूटी रोज केरकेट्टा,सलीमा, लक्ष्मी कुमारी, सोनी कुमारी, सुभन्ति कुमारी, शिल्पा कुमारी, अन्ना नैंसी कुल्लू, बरनाबास कुल्लू,रीमा केरकेट्टा, रिया टोप्पो, सिरनुस केरकेट्टा, मंजुला टेटे, अंजलीना सोरेंग, तारसीला सोरेंग, ज्योति सोरेंग, कोर्दुला केरकेट्टा, उर्मिला सोरेंग, रूबेन सोरेंग, कारमेला सोरेंग, अलमा कुल्लू, खीरस्टीना बिलुँग,अंजलुस कुल्लू,सहित अन्य लोग उपस्थित थे.मौके आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पेंशनर समाज सिमडेगा इकाई की हुई बैठक विधायक हुए शामिल

**सिमडेगा ।** पेंशनर समाज के जिला इकाई की बैठक पेंशनर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष इग्नेस तिर्की ने की। बैठक में कहा गया कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से संघ का प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण करने का आग्रह किया था। बैठक में कहा गया कि पेशनरों की समस्याओं के समाधान के प्रति सीएम ने आश्वासन दिया है। मौके पर विधायक ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान का भी भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक ने समाज के सदस्यों को पूरी की यात्रा भी कराने का आश्वासन दिया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पेंशनर भवन में दिन के दस बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला सचिव राम कैलाश राम, रामबिलास शर्मा, साधु मलवा, एतवा मांझी, देवेंद्र प्रसाद तिवारी, ख्रिस्तोफर लकड़ा, ग्लोरिया सोरेंग, रोसालिया कुल्लू, तेरेसा मिंज, मुनिया बडाइक सहित समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### बानो में पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का तोरपा विधायक ने किया उद्घाटन

**बानो।** बानो प्रखंड के एस एस उच्च विद्यालय मैदान मे भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फुटबाल महा कुम्भ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन मैच बड़ाईक एफसी और बंदगाड़ी एफसी के बीच खेला गया जिसमें बडाइक ब्रदर क्लब 2 -1 से विजयी रहा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे तोरपा विधायक कोचे मुंडा व विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रखंड विकास पदाधिकारी नइमुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेल समिति के अध्यक्ष सन्तोष साहू द्वारा विधायक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।विधायक ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल से आपसी सद्भाव बढ़ता है। उन्होंने बताया एसएस प्लस 2 मैदान में स्टेडियम का शिलान्यास अपरिहार्य कारणों से नही हो सका ।समिति के अध्यक्ष सन्तोष साहू बताता कि फुटबाल महाकुंभ का फाइनल खेल 15 अगस्त को खेला जाएगा। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर दिनेश प्रजापति, थाना प्रभारी विकाश कुमार,अमुस कडुलना,मुकुल,दीपक होरो,पुरुषोत्तम महतो,जगदीश बागे,मो साबिर सहित खेल समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### एक महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

**साहेबगंज/भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले के मायागंज अस्पताल में एक महिला लक्ष्मी देवी ने सिजेरियन से तीन बच्चों को जन्म दिया। जिसमें दो लड़के और एक लड़की शामिल हैं। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। लक्ष्मी को शादी के सात साल बाद यह पहला प्रसव था। लक्ष्मी देवी की शादी 2016 में झारखंड के साहेबगंज निवासी राम कुमार से हुई थी। लक्ष्मी के पति राम कुमार बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं। परिवारवालों ने बेटों का नाम लव और कुश, और बेटी का नाम रानी रखा है। सभी बच्चे बेहद स्वस्थ और सुंदर हैं। बच्चों के मामा दीपक कुमार ने कहा कि हम सब बेहद खुश हैं। लक्ष्मी की गोद ऐसे भरी है, जैसे किसी ने हम पर कृपा कर दी हो।

### ज्वेलरी दुकान में हुई लाखों की चोरी

**बोकारो।** जिले के पिंड्राजोड़ा थाना अंतर्गत तेलीडीह मोड़ स्थित ज्वेलरी दुकान में शनिवार रात चोरों ने लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर लिया। पूरी घटना वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। जिस आधार पर पुलिस चोरों को शिनाख्त करने में जुट गई है। शनिवार की रात दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर चले गये, इस बीच मौसम खराब होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने ग्रील तोड़कर लाखों रुपयों के ज्वेलरी लेकर चलते बने। हालांकि चोरी किये गए सामानों का अभी मिलान नहीं किया जा सका है। रविवार को दुकानदार ने बताया कि ढाई से तीन किलो चांदी के गहने की चोरी हुई है। हालांकि इस दौरान दुकान के अंदर के लॉकर सुरक्षित हैं। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड क्षेत्र के दिकु बेदिया गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक को देखने पर ज्ञात होता है कि तेज बारिश से बचने के लिए सड़क किनारे बाईक को खड़ा कर सड़क किनारे स्थित घर के छज्जे का सहारा लिए हुआ था। इसी क्रम में वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान जरमुंडी प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव के सुधांशु यादव उर्फ(कालू) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मसलिया पुलिस को दी।

### घर में सो रही थी बच्ची, कुत्ते ने नोच-नोच कर मार डाला

**मनोहरपुर ।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र के गोपीपुर बांध टोला से रविवार को दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक आवारा कुत्ते ने घर में घुस कर छह माह की बच्ची पर हमला कर दिया और नोच-नोच कर उसे मार डाला। जानकारी के मुताबिक, गोपीपुर बांध टोला निवासी अजय हो की पत्नी बिनीता अपनी छह माह की बेटी रीतिका को कमरे में जमीन पर लिटकार घर के पीछे स्थित बरामदे में काम कर रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता घर में घुस गया और कमरे में सो रही बच्ची पर बुरी तरह से नोच डाला। इससे बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई और थोड़ी ही देर में ही उसकी मौत हो गई।

# गिरिडीह-कोलकाता यात्री बस से हथियार बरामद




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के घोड़थंभा से कोलकाता के बाबू घाट जा रही गिरिडीह की अलिशान बाबा सम्राट बस से पश्चिम बंगाल पुलिस ने हथियार बरामद किया है। बंगाल के दुगार्पुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत कुल्टी के सहायक पुलिस आयुक्त एसके जावेद हुसैन की टीम ने बस से एक नीले रंग का बैग बरामद किया है, जिसके अंदर चार पाइप गन और दो राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में बस के खलासी घोड़थंभा निवासी सलीम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को खलासी सलीम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब इस मामले को लेकर रविवार को बस के मालिक राजू खान सामने आए हैं और उन्होंने पूरी घटना को साजिश बताया है। राजू खान ने कहा कि उनकी बस में आपत्तिजनक सामान नहीं ढोया जाता है। यह एक साजिश है और साजिश गिरिडीह शहर में ही रची गई है। उनका कहना है कि उनकी बस घोड़थंभा से खुली थी। गिरिडीह बस पड़ाव पर यात्री बस में सवार हुए, बस में कई यात्रियों का सामान लादा गया। इस दौरान खलासी सलीम सामान लोड कर रहा था और बस के रवाना होने तक की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे में कैद है। बस में एक भी नीले रंग का बैग नहीं लादा गया है।

राजू खान बताते हैं कि शुक्रवार को गिरिडीह बस स्टैंड से बस खुलने के बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डांडीडीह में दो यात्री बस में चढ़े। यहां भी सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई लेकिन दोनों यात्रियों के पास नीला बैग नहीं मिला। इसके बाद बस बंगाल सीमा से पहले नेशनल हाइवे पर आकाश गंगा होटल में रुकी। यहां बस के सभी स्टाफ और यात्री खाना खाने के लिए उतर गए। अब जब बस यहां से खुली तो कुल्टी थाना क्षेत्र में रोकी गई और वहां एक बैग मिला जिसमें हथियार रखे थे। राजू का कहना है कि कोलकाता के लिए मेरी दूसरी बसें भी चलती हैं लेकिन बंगाल पुलिस ने मेरी सिर्फ एक बस की जांच की।

## ऑल ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन: मृत चालक के परिजनों को दिया गया आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

ऑल ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने शनिवार को सड़क हादसे में मारे गए ड्राइवर के परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग किया। साथ ही जेबीकेएसएस के जिला मिडिया प्रभारी रूपेश कुमार ने भी शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर हाल जाना। मृतक ड्राइवर तिसरी प्रखंड के खटपोंक पंचायत अंतर्गत बाघमारी गांव निवासी बिरेन्द्र प्रसाद यादव थे। बताया जाता है कि कोलकाता में सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

ड्राइवर संगठन के एक दल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की साथ ही सहयोग राशि भी दी। वहीं जेबीकेएसएस के जिला मिडिया प्रभारी रूपेश कुमार ने भी उक्त परिवार का हाल जाना। मौके पर उपस्थित लोगों ने किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा शोकाकुल परिवार से अब तक मुलाकात वह सहयोग न करने को लेकर नाराजगी भी जताई। मौके पर राष्टीय अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह गिरिडीह जिला अध्यक्ष जाहिद अंसारी गिरिडीह संघ मंत्री दिलीप प्रसाद यादव मुन्ना यादव इंद्रदेव यादव अजीत सिंह लखन यादव मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी में केक काटकर मनाया गया हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**गिरिडीह (तिसरी)।** झामुमो कार्यकताओं ने केक काटकर हेमंत सोरेन का 49 वां जन्मदिन मनाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी तिसरी ने शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल के घर में सीएम हेमंत सोरेन का 49वां जन्मदिन हर्षोल्लाह से मनाया। इस अवसर पर पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे । प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बनवाल की बेटी सृष्टि कुमारी ने सीएम हेमन्त सोरेन का जन्मदिन का केक काटा और साथ में दर्जनों कार्यकताओं में हेमंत सोरेन के उम्र लम्बी होने की कामना की । प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बनवाने ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता बड़े हर्षोल्लास से इनका जन्मदिन मना रहे हैं। हम लोग इनकी लंबी युकी कामना करते हैं। ये झारखंड के हित के लिए हमेशा लड़ाई लड़ते रहे और इनको माटी का पुत्र कहा भी जाता है हम लोग इनके जन्मदिन के अवसर पर दुआ करेंगे कि आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव में फिर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी और चौगुना विकास करेगी। झारखंड का विकास सिर्फ और सिर्फ हेमंत सोरेन कर सकते हैं और कोई नेता नहीं कर सकता है। विपक्ष के वादे खोखले साबित हुए हैं और आने वाले चुनाव में हमारी पार्टी बहुमत की सरकार फिर से बनाएगी।

### सरला बिरला विवि में नेचुरोपैथी कार्यशाला संपन्न



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में योगिक साइंस एवं नेचुरोपैथी विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय नेचुरोपैथी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन रांची के विभिन्न इलाकों से लोगों ने विवि परिसर आकर प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विभिन्न पैक और शिरोधारा आदि में लोगों को सहयोग करने के लिए अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, पंकज केसरी, अंजना कुमारी सिंह, गीता दास, रूपा कुमारी, संतोष कुमार, शिव कुमार, अभिजीत कुमार एवं अन्यान्य ने सहयोग किया। लोगों को फेस पैक, आंखों की मिट्टी पट्टी, शिरोधारा, कटी बस्ती और जानू बस्ती का लाभ दिया गया। कार्यशाला का समापन विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मौर्य की देखरेख में हुआ। इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डॉ. प्रदीप वर्मा, डीजी प्रो. गोपाल पाठक और प्रभारी वीसी प्रो. एसबी डांडिन ने शुभकामनाएं दी।

### फायरिंग मामले में वाहन स्वामी सहित दो को भेजा जेल

**जमशेदपुर।** जिले के उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद बस्ती, मुस्लिम कब्रिस्तान रोड नंबर 14 में फायरिंग मामले का खुलासा हुआ है। शिकायत कर्ता के खुद की ही गाड़ी पर गोली चलाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मामले में संलिप्त दोनों आरोपितों को गिरफ़्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त कार को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जमशेदपुर नगर पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने रविवार को बताया कि शिकायत कर्ता मोहम्मद भादाब ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग की सूचना दर्ज करवाई थी। पुलिस ने अनुसन्धान में पाया कि मोहम्मद भादाब जमीन खरीद-बिक्री का काम किया करता था और उसने कई लोगों से जमीन दिलवाने के नाम पर पैसे लिए हुए थे। जब लोगों ने उसपर पैसे वापस करने का दबाव बनाया तो मोहम्मद भादाब ने साथी अली हुसैन अंसारी से अवैध देसी पिस्टल लेकर खुद की ही गाड़ी में फायरिंग कर ली।

### जून माह में कोयला आयात 22.97 मिलियन टन हुआ

**रांची।** जून माह में कोयला आयात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 21.55 मिलियन टन की तुलना में 6.59 प्रतिशत बढ़कर 22.97 मिलियन टन हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत का कोयला आयात 5.7 प्रतिशत बढ़कर 75.26 मिलियन टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 71.16 मिलियन टन था। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने और कोयले का आयात कम करने पर दिया है। उन्होंने कोल इंडिया के चेयरमेन को पत्र लिखा है। चेयरमेन ने इस संबंध में आनुषांगिक कंपनियों के सीएमडी को पत्र की प्रति भेजते हुए तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाने का आग्रह किया है। जून में कोयला आयात भी पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 21.55 मिलियन टन की तुलना में 6.59 प्रतिशत बढ़कर 22.97 मिलियन टन हो गया। जून 2024 में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 14.19 मिलियन टन रहा, जो पिछले साल जून में आयात किए गए 13.29 मिलियन टन से अधिक है। कोकिंग कोयले का आयात 5.45 मिलियन टन रहा, जबकि जून 2023 में 5.33 मिलियन टन आयात किया गया था। अप्रैल- जून 2024 के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले का आयात 49.12 मिलियन टन रहा, जो पिछले साल इसी अवधि के दौरान आयात किए गए 46.53 मिलियन टन से अधिक है। अप्रैल-जून 2024 के दौरान कोकिंग कोल का आयात 15.45 मिलियन टन रहा, जबकि अप्रैल-जून 2023 में यह 15.20 मिलियन टन दर्ज किया गया था। कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2023- 24 में 261 मिलियन टन कोयला विभिन्न देशों से आयात इम्पोर्ट किया गया। 2022- 23 में 237.67 मिलियन टन कोयला आयात किया गया था। 2021- 22 में 208.63 मिलियन टन कोयला आयात हुआ था।

### श्रमिक संगठनों का सदस्यता अभियान 22 से

**रांची।** कोयला उद्योग से जुड़े श्रमिक संगठनों ने सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यूनियन 22 अगस्त से सदस्या अभियान की शुरूआत करेगा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री वेस्टर्न कोलफील्ड्स से वास्ता रखते हैं, इसके बावजूद संगठन पिछड़ रहा है। वेस्टर्न कोलफील्ड्स में वर्ष 2024 के लिए श्रमिक संगठनों के सदस्यता अभियान की तैयारी चल रही है। सदस्यता अभियान 22 से 28 अगस्त तक चलेगा। एचएमएस से सम्बद्ध कोयला श्रमिक संघ, भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, इंटक, एटक द्वारा सदस्यता अभियान के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। चारों श्रमिक संगठन कामगारों को अपने पाले में करने की कवायद में हैं। सदस्यता अभियान के चेक ऑफ सिस्टम में श्रमिक संगठन सीटू सम्मिलित नहीं है। वेस्टर्न कोलफील्ड्स में एचएमएस और बीएमएस के बीच सदस्यता को लेकर मुकाबला रहता है। बीते तीन वर्षों 2021, 2022 और 2023 से एचएमएस नम्बर एक के ओहदे पर है। भारतीय मजदूर संघ दूसरे स्थान पर है। 2020 में भारतीय मजदूर संघ पहली बार एक नंबर पर पहुंच गया था। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री वेस्टर्न कोलफील्ड्स से वास्ता रखते हैं।

## आडवाणी सर्वांगीण विकास ट्रस्ट ने किया श्रावण महोत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आडवाणी सर्वांगीण विकास ट्रस्ट की सचिव सबिता कुमारी सिन्हा उर्फ ज्योति सिन्हा ने श्रावण महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल, समाजसेवी अजय नाथ शाहदेव थे। नवीन जायसवाल ने कहा कि महिलाएं एक दूसरे के साथ जुड़कर अच्छा काम कर रही है। समाज में उनकी भागीदारी बहुत बड़ी है। यह इसी तरह काम करते रहें मेरा पूरा सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में सावन क्वीन नृत्य प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता संगीत प्रतियोगिता रैंप वॉक मेहंदी प्रतियोगिता की गई। बड़ों के साथ बच्चों ने भी कार्यक्रम में खूब मस्ती किया और प्रतियोगिता में भाग लिया। जजमेंट में सीमा पासवान, निशि जायसवाल, बीना मिश्रा, दिव्या साहू, नेहा शर्मा थी। इन्होंने श्रावण महोत्सव में कार्यक्रम के महत्व को बताया। सावन क्वीन श्वेता सिंह बनी। रैंप वॉक में बिना कुमारी, सीनियर डांस में राखी और सोनी, जूनियर डांस में आकृति और नेहा, मेहंदी में प्रथम मीनाक्षी सिंह, द्वितीय कंचन सिंह ने पुरस्कार जीता। इस कार्यक्रम का सफल संचालन आडवाणी विकास ट्रस्ट की विंग यूनाइटेड वूमेन फाउंडेशन ने किया। मौके पर रीमा देवी, शकुंतला देवी, अंजु वर्मा, आभा साहू, देवकी साहू, रेखा देवी, रितु देवी, निशी सिंह, नीतू सिंह देवी, इंद्राणी देवी, संगीता साहू समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## धान व्यवसायी के घर हुई लाखों की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय थाना क्षेत्र के गांडेय बाजार स्थित पुनीडीह निवासी धान व्यवसाय अनिल राम के घर बिते रात्रि को घर के अलमारी में रखे लगभग ढाई लाख नगद समेत सोना के चेन 2 पीस मांग टीका 2 पीस मंगलसूत्र 2 पीस चांदी के पायल दो जोड़ा अंगूठी 2पीस लगभग 4 लाख का जेवरात को अलमीरा से तोड़कर चोर फरार हो गया।

घटना कि जानकारी अनिल राम ने बताया की रात्रि में सभी के अपने कमरे में सोए हुआ था रात के करीब बारह बजे चचेरे भाई सुनील गुप्ता सोच के लिए बाहर निकल रहे थे जब दरवाजा खोलना चाहा तो देखा की दरवाजा बाहर से बंद किया हुआ है घर के सभी दरवाजा बाहर से चोरों ने बंद कर दिया था,घर के परिवार को कुछ आवाज सुनाई दिया तो दरवाजा खोलने की कोशिश किया दरवाजा नहीं खुलने पर हल्ला करने लगे, क्योंकि घरों के सभी दरवाजे में बाहर से चोरों के द्वारा कुंडी लगा दिया गया था। हो हल्ला करने पर आस पास के लोग इकट्ठा हुए और दरवाजा खोलने पर देखा की जिस कमरे में अलमीरा रखा हुआ था उस कमरे का ताला टूटा हुआ था उसमे रखे सोने के गहने और नगद चोरी हो गई थी और समान इधर उधर क्षतिग्रस्त पड़े हुए थे।

## सरना नवयुवक संघ ने करम पर्व को लेकर की बैठक

**रांची।** सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति की बैठक उपाध्यक्ष साधु उरांव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें करम पूर्व संध्या की तैयारी समिति पर विचार-विमर्श किया गया। करम पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया और तय हुआ कि सरना फूल पत्रिका के 45वें अंक का प्रकाशन किया जायेगा। इसमें भाषा, संस्कृति, ऐतिहासिकता, परम्परा, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं वर्तमान परिस्थितियों पर केन्द्रित विषय वस्तु पर आलेख प्रकाशित किए जाएंगे। इसके लिए 25 अगस्त तक सरना नवयुवक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ बंदे खलखो के पास आलेख जमा किया जा सकता है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी करम पूर्व संध्या समारोह रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में मनाया जायगा। करम पूर्व संध्या के अवसर पर सरना फूल पत्रिका के 45वें अंक का प्रकाशन व लोकार्पण किया जायेगा। करम पूर्व संध्या समारोह में सांस्कृतिक व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में संघ के डॉ बंदे खलखो, सुखराम उरांव, प्रियंका उरांव, लक्ष्मण उरांव, संजू लकड़ा, गणेश उरांव, पूजा कुमारी, लखन उरांव, रीमा तिग्गा, संगीता कुमारी, शशि किरण लकड़ा, अनिल तिर्की, प्रेम तिर्की, कमला कुमारी, जयमुनी कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराने वाले बच्चों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के बच्चो को रविवार को सम्मानित किया. कार्यक्रम का आयोजन मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष सुरेश कावंटिया के नेतृत्व में बिष्टुपुर चैंबर भवन में हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष संदीप मुरारका, सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, समाजसेवी डॉ आरके अग्रवाल, कमल अग्रवाल, घाटशिला शाखा अध्यक्ष सुनील जैन, जुगसलाई शाखा अध्यक्ष लिप्पु शर्मा उपस्थित थे. शाखा अध्यक्ष सुरेश कावंटिया ने बताया की शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 10वीं एवं 12वीं के छात्रों के अलावे इस वर्ष मारवाडी समाज से सीए बनने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

## देश-विदेश से आए हजारों जैन भक्तों ने मोक्ष दिवस पर पार्श्वनाथ को चढ़ाए लड्डू



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जैन धर्मावलम्बियों के तीर्थ सम्मेद शिखर मधुबन के पार्श्वनाथ पर्वत पर रविवार को देश-विदेश से आए हजारों जैन भक्तों ने मोक्ष कल्याणक दिवस पर भगवान पार्श्वनाथ की वंदना कर निर्वाण लड्डू अर्पित किए।

जानकारी के मुताबिक अहले सुबह से ही भगवान के मंदिर में लड्डू चढ़ाने का दौर शुरू हुआ, जो दोपहर तक चलता रहा।

देश के विभिन्न राज्यों से आए जैन श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ गेरुआ वस्त्र धारण कर सिर पर भगवान आदिनाथ के अष्टधातु की मूर्ति लिए जैन मुनियों के सानिध्य में पैदल यात्रा कर करीब 20 किलोमीटर ऊपर पारसनाथ टोंक पर्वत की चढ़ाई कर निर्वाण लड्डू अर्पित किया। जैन भक्तों ने इस दौरान भगवान पार्श्वनाथ, भगवान आदिनाथ समेत 20 तीर्थंकरों के मंदिरों की परिक्रमा कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। भक्तों की भीड़ ने झूमते हुए पारसनाथ पर चढ़ाई का सफर पूरा किया। मोक्ष सप्तमी पर टोंक स्थित हर मंदिर की सजावट भी बेहद सुंदर तरीके से की गयी थी। फूलों से सजे मंदिर रंग-बिरंगी लाइट से झिलमिला रहे थे। एक अनुमान के अनुसार 25 से 30 हजार भक्तों ने मोक्ष सप्तमी के पावन अवसर पर भगवान पार्श्वनाथ को निर्वाण लड्डू चढ़ाये। उल्लेखनीय है कि श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसलिए इस दिन को उनके मोक्ष कल्याणक दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना, शांतिधारा कर निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाता है। जैन दर्शन के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति होना जीवन का सार्थक होना माना जाता है। इस मान्यता के साथ इस दिन को मोक्ष सप्तमी के दिन खास तौर पर बालिकाएं निर्जला उपवास करती हैं। स्वाध्याय, मनन-चिंतन, सामूहिक प्रतिक्रमण करते हुए संध्या के समय देव-शास्त्र-गुरु की सामूहिक भक्ति कर आत्म चिंतन करती हैं।

### चाईबासा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिले की सर्वोच्च व्यावसायिक संस्था

**चाईबासा।** चाईबासा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 14वीं वार्षिक आमसभा एवं सत्र 2023-2025 की पहली आमसभा पिल्लई टाउन हॉल में रविवार को हुई. सर्वप्रथम आमसभा का विधिवत उद्घाटन चाईबासा चैम्बर के पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। चाईबासा चैम्बर के अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। स्वागत भाषण में उनके द्वारा बताया गया कि चाईबासा चैम्बर 44 महिला एवं 454 पुरुष के साथ कुल 498 सदस्यों के साथ जिले की सर्वोच्च व्यावसायिक संस्था बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में प्रयास रहेगा कि चाईबासा चैम्बर का अपना भवन बन जाए। निवर्तमान अध्यक्ष एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कोल्हान उपाध्यक्ष नितिन प्रकाश ने कहा कि 2001 में मात्र 12 सदस्यों के साथ शुरू की गई संस्था अब वटवृक्ष का रूप ले चुकी है।

## तिसरी के मृत प्रवासी मजदूर के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

### आर्थिक सहयोग के अलावा अनाज भी कराया मुहैया



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

तिसरी के मृत प्रवासी मजदूर राहुल कुमार के परिजनों से रविवार को धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिवार को ढाँढ़स बंधाते हुए आर्थिक सहयोग व चावल मुहैया करवाया। तिसरी प्रखंड के गम्हारियाटांड के रहने वाले किशुन तुरी के 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सूरत के एक केमिकल फैक्ट्री में काम करते थे। उनकी अचानक तबियत बिगड़ी और वे अपने भाई के साथ घर लौट रहे थे इसी बीच बीच रास्ते में ही बस में उनकी मृत्यु हो गई। बता दें कि उक्त परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि पैसे न रहने के कारण राहुल के शव को अग्नि संस्कार के बजाए दफना दिया गया। मामले की जानकारी के बाद पूर्व विधयाक राजकुमार यादव,तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव, छोटू यादव आदि राहुल के घर पहुंच शोकाकुल परिवार का हाल जाना। वहीं आर्थिक सहयोग व चावल मुहैया करवाया। साथ ही उन्होंने बीडीओ से बात कर उक्त परिवार को जल्द अबुआ आवास योजना से जोड़ने की भी बात कही। स्थानीय मुखिया किशोरी साव ने भी कहा कि इस परिवार को जल्द ही अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गांव के और भी परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि यहां 50 वर्षों से रह रहे लोगों के पास भूमिदान, बंदोबस्ती या उससे संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिया गया है।

## कांवर यात्रा में भूत-प्रेत की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र, लगे बोलबम के जयकारे

### साकची बाजार शिव मंदिर कमिटी की कांवर यात्रा में मंत्री बन्ना समेत सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

सावन माह में रविवार की सुबह साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमिटी द्वारा निकाली गयी कांवड़ यात्रा में सैकड़ों कांवरियों ने संकल्प के साथ भाग लिया. इस धार्मिक कार्यक्रम में स्वर्णरिखा नदी मानगो से जल उठाकर ढाई किलोमीटर की यात्रा तय कर श्री श्री साकची शिव मंदिर पहुंचकर सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस कांवड़ यात्रा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्वर्णरिखा नदी पर सुधा-बन्ना गुप्ता ने संकल्प पूजा की और पंडित मोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में पांच पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। संकल्प पूजा में मंदिर कमिटी के लोग भी शामिल थे। कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बोलबम-बोलबम के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कांवड़ यात्रा में शिव परिवार सहित भूत प्रेत की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साकची शिव मंदिर में महाआरती के पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में उमेश शाह, ओमप्रकाश रिंगसिया, महावीर मोदी, गिरधारी खेमका, सुभाष शाह, बबलू अग्रवाल मिनी, बजरंग लाल अग्रवाल,सीताराम देबूका, विनोद शाह, मोहित शाह आदि का योगदान रहा।

संपादकीय

# क्यों गजराज हो रहे हैं हिंसक?

झारखंड में प्रायः हर दिन जंगली हाथियों के ग्रामीणों के ऊपर या घरों पर हमलों के समाचार आते हैं। भारत में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष के कारण हर साल सैकड़ों लोगों की मौत होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में हाथियों से संघर्ष के कारण औसतन दो लोगों की प्रतिदिन मौत होती है। 2023 में झारखंड में हाथियों के कारण 96 लोगों की मौत हुई, जबकि पूरे भारत में 628 लोगों की मौत हुई। झारखंड और देश के दूसरे राज्यों में हाथियों से संघर्ष और मौतों के बीच में काफी अंतर है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां के हाथी दूसरे राज्यों से काफी अलग हैं। झारखंड में हाथियों की स्थिति के बारे में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना कहा कि झारखंड के हाथियों में हिंसा की प्रवृत्ति बहुत कम होती है। श्री जेना कहते हैं कि झारखंड के हाथी दूसरे इलाकों के हाथियों के मुकाबले कम हिंसक होते हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह यहां के हाथियों का जेनेटिक अंतर है। वहीं, इलाके के हाथी संपन्न हैं, क्योंकि झारखंड का ज्यादातर इलाका जंगल है। झारखंड में सिंहभूम हाथी कॉरिडोर और रिजर्व एरिया झारखंड छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जुड़ा हुआ है और साथ ही केरल से असम तक के बीच की यह एक अहम कड़ी है। वह बताते हैं कि हाथियों के कई कॉरिडोर पर इंसानों ने कब्जा कर लिया है। जिसके कारण आए दिन संघर्ष देखने को मिलते हैं। केरल में 2 साल में 4 हजार से ज्यादा हाथियों के खूंखार हमले तो राज्य सरकार ने की वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट में बदलाव की मांग। 2018 में केरल में हाथियों के हमले का पैटर्न समझने के लिए पेरियार टाइगर कन्जर्वेशन फाउंडेशन ने एक स्टडी की। इसके अनुसार, 2 बड़ी वजहें हैं, जो हाथियों समेत बाकी पशु गुस्सैल हो रहे हैं। जंगलों को काटकर कमर्शिकल पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं, जैसे नीलगिरी और बबूल इससे पशुओं को पेटभर खाना तो मिल ही नहीं रहा, साथ ही चूंकि ये स्पीशीज जमीन से पानी सोख लेते हैं तो आसपास पानी की कमी भी हो रही है।तकनीकी बातें विशेषज्ञों के स्तर पर चर्चा में आती रहती है पर जंगलों के आसपास रहने वाले सैंकड़ों गांवों के ग्रामीण यह मानते हैं कि जंगल माफिया और वन विभाग की मिलीभगत से तेजी से काट रहे जंगलों के कारण भूख प्यास से व्याकुल गजराज आसपास के गांवों से लेकर शहरों तक भटकते हुए पहुंच रहे हैं जो एक गंभीर चेतावनी है। वन विभाग चेतावनी देने हाथियों को न छेड़ने या नजदीक न जाने की सलाह के अलावा मुआवजा देकर कर्तव्यों की इतिश्री समझ रहा है। वनों की कटाई पर रोक और वन लगाने के सघन प्रयासों के बजाय हाथी कॉरिडोर जैसी महंगी परियोजनाएं बनती रहती हैं पर गजराज प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। वनों के आसपास रहने वाले ग्रामीण और वनों पर आधारित जनजातीय समुदाय भी पूर्व की तरह वनों को ईश्वर के प्रतीक अब नहीं मानते क्योंकि भ्रष्ट वनकर्मी जंगलों की कटाई रोकने के बजाय तस्करों से मिलकर इसे बढ़ावा देते हैं जिससे गरीब लोग उनके मजबूरी में इस तंत्र का हिस्सा बनते जा रहे हैं।

> झारखंड और देश के दूसरे राज्यों में हाथियों से संघर्ष और मौतों के बीच में काफी अंतर है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां के हाथी दूसरे राज्यों से काफी अलग हैं।

# शेयर मार्केट में तेजी व मंदी दोनों रही



विगत सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट में तेजी तथा मंदी के मध्य एक तीव्र संघर्ष का रहा। निफ्टी में दो विभिन्न सत्रों तथा सत्र विशेष में दो दो सौ अंको का विचलन, उतार चढ़ाव दिखा। एक दिन निफ्टी दो सौ अंको से अधिक तेज तो दूसरे दिन 200 अंको से अधिक की गिरावट। तेजी वाले तथा मंदी वाले दोनो एक दूसरे पर निर्णायक बढ़त के लिए आक्रमण करते दिखे। लघु अवधि में मार्केट की चाल के लिए यह संघर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका में मंदी के संकेत,अरब लेबनान इजराइल युद्ध विस्तार की संभावना ने तो सप्ताह के आरंभिक दिनों में मार्केट का मनोभाव बिगाड़ा ही, रही सही कसर बांग्लादेश में हिंसक सत्ता परिवर्तन ने पूरी कर दी। भारत के लिए बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन तथा अराजकता एवं भारत विरोधी शक्तियों के प्रभावी होने की आशंका, हिंदुओ पर आक्रमण इत्यादि से अनेकों कठिनाई उत्पन्न होने की आशंकाएं उत्पन्न हो गई थी। यह संकट वैश्विक नहीं था, भारत विशेष के लिए था।इसलिए भारतीय शेयर मार्केट में सोमवार को बहुत बड़ी गिरावट दिखी, निफ्टी 662 अंक गिरा। यद्यपि बाद के दिनों में स्थितियां अपेक्षाकृत शान्त होने पर मार्केट ने नीचे के स्तरों से पुनर्वापसी दिखाई तथा उतार चढ़ाव के बाद सप्ताहांत में 350 अंक गिर बंद हुआ।

सप्ताह के निचले स्तर 23893 से यह 528 अंको की वृद्धि थी। बड़े प्रतिकूल कारकों के पश्चात भी इतनी अच्छी पुनर्वापसी उल्लेखनीय मानी जायेगी अन्यथा एक समय लग रहा था कि मार्केट और भी गिरेंगे क्योंकि घटनाएं भी ऐसी ही घट रही थी। भारत में शेयर मार्केट में घरेलू निवेशकों के धन का प्रवाह तो बड़ा सुदृढ़ है ।इसी कारण गिरावट आती भी है तो खरीद आ जाती है तथा मार्केट संभल जाते हैं। म्यूचुअल फंड में एसआईपी के माध्यम से जुलाई में 23332 करोड़ रूपए का सार्वकालिक उच्चतम निवेश आया, कुल निवेश 37113 करोड़ का हुआ। एसआईपी खाते 8.9 करोड़ से बढ़कर 9.3 करोड़ ही गए। म्यूचुअल फंड का एयूएम बढ़कर 64.9 लाख करोड़ रुपए हो गया। विदेशी संस्थागत निवेशक तो पिछले सप्ताह बिकवाल रहें। नकद संभाग में उन्होंने 19138 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। स्टॉक फ्यूचर के भी एफआईआई ने उतनी बड़ी बिकवाली तो नहीं की फिर भी 3422 करोड़ रुपए की बिक्री की।इसने 8 अगस्त को तो 10224 करोड़ रूपए की नकद बिकवाली की थी। परंतु 9 अगस्त को भारतीय शेयर मार्केट ने एफआईआई की 8 अगस्त की बड़ी बिकवाली आत्मसात कर ली तथा निफ्टी में 250 अंको के तेजी रही। यह पुनः एक प्रभावी प्रतिकार था।अब यदि इस सप्ताह प्रथम दो दिनों में मार्केट तेज अथवा टिके रहने में सफल रहते हैं तो फिर एक अच्छी तेजी की ओर बढ़ सकते हैं। निफ्टी 24050 अब मार्केट के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है।

आज की बात



शशांक भारद्वाज


एफपीआइ ने तो जुलाई माह में 33668 करोड़ का निवेश किया।संकेत यह है कि दीर्घकालीन विदेशी निवेशक तो भारतीय शेयर मार्केट में तेजी में ही हैं। इधर घरेलू निवेशकों का उत्साह बना हुआ है। सार्वकालिक उच्चतम 45.5 लाख नए डीमैट खाते जुलाई में खुले हैं तथा कुल डीमैट खातों की संख्या 16.70 करोड़ हो गई है। यद्यपि आरबीआई तथा सेबी शेयर मार्केट में बढ़ते निवेश से थोड़े चिंतित लग रहें हैं।उनका मानना है कि बैंको की तुलना में शेयर मार्केट में धन जा रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था तथा भारतीय शेयर मार्केट के लिए अच्छे समाचार बने हुए हैं। अप्रैल जून तिमाही में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 5 गुणा की वृद्धि हुई है तथा 94151 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है एवं इसके अंतर्गत धनराशि का प्रबंधन 59 प्रतिशत बढ़कर 27.68 लाख करोड़ रुपए हो गया है।ऊपर से 1.5 लाख करोड़ की नकद धनराशि एमएफ में पास बताई जा रही है।किसी गिरावट में तो यह राशि निवेशित होती ही है। विदेशी निवेशक भी बड़ी नकद धनराशि के साथ बैठे हैं। सबसे बड़े बुल महान निवेशक वारेन बफे के पास 23 लाख करोड़ रूपए की नकदी है। सैकड़ों लाख करोड़ रूपए वैश्विक निवेशकों के पास नकद के रूप में हैं। भारत में कर संग्रह अच्छी वृद्धि दिख रहें हैं।रिलायंस इंडस्ट्री ने विभिन्न करों के द्वारा वित्त वर्ष 23 24 में 1.86 लाख करोड़ रूपए का कर चुकाया है। अच्छे कर संग्रह से सरकार की आर्थिक स्थिति अच्छी होती है, अधिक धन व्यय कर सकती है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए। यह एफआईआई की बिकवाली से अधिक थी। अर्थात जीआईआई एफआईआईआई की किसी बड़ी बिकवाली का प्रतिकार करने को सक्षम दिखते हैं। यह अच्छा समाचार है। मेटल के मूल्यों में कमी आई है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा ही है।

क्रूड भी 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कमी का युग प्रारंभ होना अब निश्चित सा हो गया है। देखना यह है कि वहां मंदी का वातावरण तथा ब्याज दरों में कमी में कौन अधिक शेयर मार्केट को प्रभावित करता है। भारत ने तो दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि को ले कर कोई संशय नहीं है।अतः उचित मूल्यांकन, पीई पर उपलब्ध शेयर जमा करते रहिए, बहुत महंगे हो चुके,गतिशील शेयरों में लाभ ले लीजिए। तकनीकी स्तर पर तेजी का संकेत दे रहे शेयरों में खरीदारी कर सकते हैं। वक्फ कानून संशोधन पर तेलगु देशम तथा जेडीयू का समर्थन राजनीतिक स्तर पर भाजपा तथा सरकार के लिए अच्छा संकेत है, किसी राजनीतिक अस्थिरता को भी नकारता है। शेयर मार्केट के लिए यह अच्छा ही संकेत है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# डिजिटल गैजेट्स से दूरी कितनी?

हाल ही में आई यूनेस्को की ह्य टेक्नोलॉजी इन एजुकेशनह्न रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ता है। रिपोर्ट में शामिल मूल्यांकन के आंकड़े बताते हैं कि हरदम मोबाइल पास होने से विद्यार्थियों का ध्यान भटकता है। सीखने की क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आने वाले नोटिफिकेशन ही नहीं, मोबाइल के पास होने मात्र से भी ध्यान भटकने की स्थिति बन जती है। यूनेस्को की रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। बेहतर हो कि डिजिटल गैजेट्स से दूरी की इस कोशिश में घर का माहौल भी साथी बने। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखते रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। डांटने-डपटने से बच्चे अतिवादी कदम तक उठा ले रहे हैं।इसीलिए वर्चुअल दुनिया में उलझे बालमन को हिदायत भी सोच-समझकर ही देनी होगी। बच्चों के साथ न तो सख्ती बरती जा सकती है और न ही स्मार्ट फोन में खोये रहने की खुली छूट दी जा सकती। आज के समय में पढ़ाई और दूसरी कई जरूरी सूचनाएं भी फोन के जरिये ही मिलती हैं। स्मार्ट फोन जैसी सौगातों-सुविधाओं के अनगिनत फायदे हैं। बस इनका सधा और सीमित इस्तेमाल करने की सीख जरूरी है। समय-समय पर बच्चों की फोन इस्तेमाल करने की आदत पर गौर किया जाए ताकि यह लत न बने। बच्चों की डिजिटल फास्टिंग इस फ्रंट पर मददगार बन सकती है। एक सीमा के बाद बच्चों को मोबाइल की लत से बिना विशेषज्ञों की सलाह और सहायता के नहीं निकला जा सकता। पैरेंट्स का समय रहते चेतना आवश्यक है। बच्चा स्मार्ट फोन के साथ कितना समय बिता रहा है? क्या कंटेंट देख रहा है? फोन छोड़ने की हिदायत पर उसका बर्ताव कैसे बदलता जा रहा है? बच्चे के व्यक्तित्व में किस तरह के डिसऑर्डर होने लगे हैं? नजर कमजोर होने, मोटापा बढ़ने और शारीरिक पोश्चर बिगड़ने जैसी शारीरिक परेशानियां क्यों होने लगी हैं? जैसी बातों पर ध्यान देना जरूरी है। आमतौर पर आस-पास होते हुए भी पैरेंट्स ऐसी बातों और बदलावों पर जरा देर से ध्यान देते हैं। जबकि तकनीकी गैजेट्स के घेरे में आते बच्चों में आदत से लत बनने की स्थितियों में माता-पिता का अलर्ट रहना जरूरी है। बच्चों को समय-समय पर डिजिटल फास्टिंग करवाने से यह जानना-समझना आसान हो जाता है कि घर के छोटे सदस्य स्मार्ट गैजेट्स पर कितना निर्भर हुए हैं? डिजिटल फास्टिंग में बच्चे इन तकनीकी साधनों से जरा भी दूर न रह पाएं तो स्पेशलिस्ट से परामर्श लेकर बालमन को इस जाल से निकालने में देरी नहीं करनी चाहिए। अभिभावक का नियमित संवाद बच्चों को डिजिटल फास्टिंग में मदद करता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राकेश दुबे

देश की बात

# भारत की आर्थिक प्रगति हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में निहित है

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी। भारत के नागरिकों में आज ह्लस्वह्न के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैंह्न की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हतोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के कालखंड में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के कालखंड को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



प्रहलाद सबनानी
लेखक, आर्थिक विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।

# हमारी अनंत क्षमताएं



बोधि वृक्ष

**आप जो भी कार्य करने का निश्चय कर लें, उसे कर सकते हैं। ईश्वर प्रत्येक वस्तु का योगफल हैं, और उनका प्रतिबिंब आपके भीतर है। वे कोई भी कार्य कर सकते हैं, और वैसे ही आप भी कर सकते हैं।**

मन एक लचीले फीते की तरह है। जितना अधिक आप इसे खींचते हैं, उतना अधिक यह खिंच जाता है। मन रूपी लचीला फीता कभी भी टूटेगा नहीं। प्रत्येक बार जब आप सीमितताओं को अनुभव करें, तो अपनी आँखें बन्द कर लें और स्वयं से कहें, मैं अनन्त हूँ। तब आप देखेंगे कि आपमें कितनी शक्ति है। जब आप मुझसे कहते हैं कि आप यह कार्य अथवा वह कार्य नहीं कर सकते, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। आप जो भी कार्य करने का निश्चय कर लें, उसे कर सकते हैं। ईश्वर प्रत्येक वस्तु का योगफल हैं, और उनका प्रतिबिम्ब आपके भीतर है। वे कोई भी कार्य कर सकते हैं, और वैसे ही आप भी कर सकते हैं। यदि उनकी अपार प्रकृति के साथ आप अपना तादात्म्य स्थापित करना सीख लें। स्वयं को एक दुर्बल नश्वर जीव न समझें। आपके मस्तिष्क में ऊर्जा के आश्चर्यजनक भंडार छिपे हुए हैं, एक ग्राम मांस में शिकागो के पूरे शहर को चलाने के लिए दो दिन तक ऊर्जा पूर्ति कर सकने का सामर्थ्य है और आप कहते हैं कि आप थक गए हैं? ईश्वर ने हमें ठोस पदार्थ में बन्द शक्ति के देवदूत के रूप में बनाया था- अर्थात, मांस के भौतिक बल्ब में चमकती जीवनशक्ति की धाराएं। परन्तु हम अब बल्ब की दुर्बलताओं और क्षण-भंगुरता पर एकाग्रित हो रहे हैं, और परिवर्तनशील शरीर में शाश्वत ऊर्जा के अनश्वर, अविनाशी गुणों को अनुभव करने की विधि भूल गए हैं। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

फेसबुक वॉल से

Buddhi Nath Mishra is with Prashant Karan and 15 others.
1d




195 · 74 comments 11 shares
Like Comment Send Share

Top fan
सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय
🙏🙏🙏🙏🙏
Like Reply 1

X से

Narendra Modi @narendramodi · 2d
My best wishes to Professor Muhammad Yunus on the assumption of his new responsibilities. We hope for an early return to normalcy, ensuring the safety and protection of Hindus and all other minority communities. India remains committed to working with Bangladesh to fulfill the Show more

4.9K 25K 58K 3.4M

अलग बात

# महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन

**विजय कुमार जैन**

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया। आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था। आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई।गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे। जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डाँक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निमार्ता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद, दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम,डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। **(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं।)**

जन्मदिन पर विशेष



प्रसिद्ध वैज्ञानिक विक्रम साराभाई

चिंतन-मनन

# जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है। अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है। कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है। सहयोग व सद्भाव अर्जित करने के लिए ईमानदारी प्रमुख आधार है। इसे अपने व्यवसाय में अपनाकर अनेक लोगों ने छोटी स्थिति से उठकर बड़ी सफलता पाई है।

काव्य कोना

# पदचिह्नों को नमन

हर नये डग में नई पहल है
पिछला कदम नींव पुरातन
पदचापों से पथ गूँजा
पदचिह्नों को चूमे घुम-घुमकर
नमन पदचिह्नों को अपने।
पदचापों के तालों से ताल मिलाते
मरुभूमि के बालू से संगीत बनाते
मँझधारे में चपू लहराते
पुरातन और नूतन के मध्य राह बनाते
जीवन की लय में लय मिलाते
ज़िंदगानी के गीत सुनाते
नमन पदचिह्नों को अपने।
पदचापों औ पदचिह्नों संग
भविष्य ढूँढ़ता साक्ष्य इतिहास का
गूँज बन उठ रहा पुरातन
पदचाप कौन-सा, पदचिह्न कौन-सा
कालचक्र की पसंद कालचक्र जाने
सँजोया सदियों से लगन से
सँभल-सँभल के बढ़ना बन्धु
सँभल-सँभल के बढ़ता चल
नमन पदचिह्नों को अपने।
नमन पदचिह्नों को अपने।

-नाग मणि

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

विश्व हाथी दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। हाथियों के लिए यह दिवस मनाने का उद्देश्य पृथ्वी पर हाथियों का संरक्षण करना है। हाथियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रही समस्याओं, जैसे मानव-हाथी संघर्ष, अवैध शिकार, आवास की हानि आदि के संबंध में आमलोगों में जागरुकता बढ़ाना है। हाथियों की दुर्दशा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। ज्ञात हो कि हाथीदांत के व्यापार के लिए हर वर्ष करीब 70,000 अफ्रीकी हाथियों को मार दिया जाता है। विश्व हाथी दिवस एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके उपयोग से हाथी के संरक्षण के लिए लोग एक साथ आकर आवाज उठा सकते हैं। हाथी दिवस मनाने की शुरुआत 12 अगस्त 2012 को कनाडा की पैट्रिशिया सिम्स व कैनेजवेस्ट पिक्चर्स के माइकल क्लार्क तथा थाईलैंड के हाथी पुनरुत्पादन फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से की थी। हाथी पुनरुत्पादन फाउंडेशन की स्थापना थाईलैंड की रानी सिरीकिट की एक पहल थी।

**विश्व हाथी दिवस 2024 का थीम :** विश्व हाथी दिवस 2024 का थीम ह्यप्रागैतिहासिक सौंदर्य, धार्मिक प्रासंगिकता और पर्यावरणीय महत्व को मूर्त रूप देना पर केंद्रित है। यह थीम हाथियों के अस्तित्व को बचाने के लिए प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने पर बल देता है।

**आधुनिक तकनीक का प्रयोग :** हाथियों के संरक्षण के लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है। इसमें हाथियों की गतिविधियों और आवासों की निगरानी के लिए उपग्रह ट्रैकिंग और जीआईएस मैपिंग जैसी उन्नत तकनीकों का प्रयोग हो रहा है।

# प्रकृति की अद्भुत कृति
# हस्ति हस्ति हस्ति



## भारतीय संस्कृति में सौभाग्य का प्रतीक है हाथी

भारतीय संस्कृति में हाथी का बहुत महत्व है। इसे बुद्धि, शक्ति, वैभव और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। यह दैवीय अभिव्यक्ति और आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है। हाथी हजारों वर्षों से हिंदू पौराणिक कथाओं और संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। संस्कृत में हाथी को हस्ति और गज कहा जाता है। भगवान गणेश का सिर गज का है। हिंदू धर्म में धन की देवी लक्ष्मी की जिन आठ रूपों में पूजा होती है, उनमें एक ह्यगज लक्ष्मी भी है। भारत में मूर्तियों, चित्रों और मदिरों में हाथियों का चित्रण बहुतायत में मिलता है। हाथी इतिहास में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का पहचान रहे हैं। ईसा पूर्व 2500 साल पहले की सिंधु घाटी की सभ्यता से जुड़े स्थलों की खुदाई में मिली मुहरों पर हाथी के चित्र मिलते हैं। भारत के पुरातन कई राजवंशों, जैसे सातवाहन के सिक्के पर हाथी के चित्र मिले हैं। भारतीय राजवंशों ने हाथी को राजसी प्रतीक के रूप में मान्यता दी थी।

## भारत का प्राकृतिक विरासत पशु है हाथी

हाथी भारत की प्रमुख वन्य पशु होने के साथ ही प्राकृतिक विरासत पशु भी हैं। जंगली एशियाई हाथियों की सबसे बड़ी आबादी भारत में रहती है। लेकिन, भारतीय हाथी (एलिफस मैक्सिमस इंडिकस) को ह्यलुप्तप्रायह्ण की श्रेणी में रखा गया है। हाथी देश के 28 में से 16 राज्य में व्यापक रूप से वितरित हैं। वर्ष 2024 तक, भारत में हाथियों की आबादी करीब 30,000 हजार होने का अनुमान है, वैसे हाथियों की गणना वर्ष 2017 में हुई थी। हाथियों की सबसे ज्यादा आबादी कर्नाटक में है। वर्ष 2017 की गणना के अनुसार, कर्नाटक में हाथियों की संख्या 6049 थी। असम में 5719 हाथी थे। केरल में 3054 हाथी थे। 2017 में हाथियों की गणना की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड में 679 हाथी हैं। देश में हाथियों की गणना पांच वर्षों में होती है। यह गणना वर्ष 2022 में होनी थी, लेकिन किसी कारणवश नहीं हुई।

## भारत में हाथियों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे **कार्यक्रम**

1. निवास स्थान संरक्षण।
2. अवैध शिकार रोक।
3. जंगल से सटे इलाकों में जागरुकता अभियान।
4. समुदाय आधारित संरक्षण।

**भारत का पहला हाथी रिजर्व :** भारत का पहला हाथी रिजर्व, सिंगफान हाथी रिजर्व है। इसे वर्ष 2003 में नागालैंड में स्थापित किया गया था।

**प्रोजेक्ट एलिफेंट :** भारत सरकार ने वर्ष 1992 में हाथियों के संरक्षण के लिए ह्यप्रोजेक्ट एलिफेंट की शुरूआत की थी। यह योजना काफी हद तक सफल हुई। यह परियोजना आवास प्रबंधन, मानव-हाथी संघर्षों को कम करने और बंदी हाथियों के कल्याण पर केंद्रित थी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2023 को प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलिफेंट को मिलाकर ह्यप्रोजेक्ट टाइगर एंड एलिफेंट डिवीजन नामक एक नया डिवीजन बनाया। आधिकारिक आदेश 23 जून, 2023 को जारी किया गया था।

**एलिफैंट रिजर्व :** भारत में 14 राज्यों में 32 एलिफैंट रिजर्व बनाए गए हैं। इनमें सिंगफान हाथी रिजर्व (नागालैंड), पेरियार हाथी रिजर्व (केरल), दांडेली हाथी रिजर्व (कर्नाटक), मयूरभंज हाथी रिजर्व (ओडिशा) महत्वपूर्ण एलिफैंट रिजर्व हैं। ये रिजर्व हाथियों के आवासों के संरक्षण और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### हाथी संरक्षण में भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण पहल 'प्लान बी'

ट्रेन की टक्करों के कारण हाथियों की मौतों को कम करने के लिए 'प्लान बी' भारतीय रेलवे की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के अंतर्गत ट्रेन में ऐसे उपकरण लगाना शामिल है, जो मधुमक्खियों की भिनभिनाहट जैसी ध्वनि निकालते हैं। हाथी मधुमक्खियों की भिनभिनाहट से बसे ज्यादा डरते हैं, इसलिए वे रेलवे ट्रैक से दूर रहते हैं। यह बहुत ही प्रभावी विधि है। इससे हाथियों और ट्रेन की टक्करों की संख्या में कमी आई है।

## हाथी का वैज्ञानिक वर्गीकरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| जगत | पशु | वर्ग | स्तनपायी |
| संघ | रज्जुकी | गण | प्रोबोसीडिया |
| उपसंघ | कशेरुकी जंतु | कुल | एलिफैटिडी |

## सहअस्तित्व का जीवन ही है **फायदेमंद**

मानव और हाथी में संघर्ष काफी पुराना है। झारखंड में भी मनुष्यों और हाथियों के बीच संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। कई कारणों से अब संघर्ष बढ़ गया है। देश में हर वर्ष हाथियों की चपेट में आकर करीब 300-350 लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। झारखंड में भी हर वर्ष कई लोग हाथियों द्वारा मारे जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि केवल मनुष्यों की मौत हो रही है। इस संघर्ष में हाथियों की भी मौत हो रही है। कहीं करंट से, तो कहीं कुएं-गड्ढे में गिरकर, तो कहीं ट्रेन से टकरा कर उनकी जान जा रही है। हाथियों का अवैध शिकार भी जारी है। हाथियों का शिकार कम हुआ है, पर रुका नहीं है। आजकल तो झारखंड में रोज घटनाएं घट रही हैं। वन प्रदेश से सटे गांवों में गजराज कभी किसी को कुचल दे रहे हैं, तो कहीं घर तोड़ रहे हैं या फसल नष्ट कर रहे हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि राज्य के कई क्षेत्रों में लोग हाथियों की दहशत से जगकर रात गुजारते हैं। युवा लाठी-डंडे लेकर गांव की पहरेदारी करते हैं। सवाल यह है कि ऐसी नौबत आई ही क्यों? वास्तव में मनुष्य अपनी चौतरफा प्रगति की सोच में यह भूल गया कि पृथ्वी पर वह अकेला नहीं है। पृथ्वी पर और भी जीव हैं, और भी जीवन है। यह भूलना ही सहअस्तित्व की जगह टकराव का कारण बना। हाथी के साथ सहअस्तित्व का जीवन मनुष्य के लिए फायदेमंद है। इसलिए हाथी के अस्तित्व को बचाना आवश्यक है।

# हाथी सबसे विशाल स्थलीय स्तनपायी

हाथी जमीन पर रहने वाला सबसे विशाल स्तनपायी है। यह एलिफैंटिडी कुल और प्रोबोसीडिया गण का प्राणी है। एलिफैंटिडी कुल में वर्तमान समय में केवल दो प्रजातियां बची हुई हैं - एलिफस एवं लोक्सोडोंटा। हाथी की तीसरी प्रजाति मैमथ विलुप्त हो चुकी है। कुछ शोधकतार्ओं का मानना है कि मैमथ का बौना स्वरूप सन् 2000 ई.पू. तक जीवित था। हाथियों की उत्पत्ति अफ्रीका और एशिया में हुई थी। और, अफ्रीका और एशिया ही ऐसा क्षेत्र है, जहां आज भी जंगली हाथी पाए जाते हैं। आधुनिक हाथी का सबसे पुराना जीवाश्म 4 मिलियन वर्ष पहले का है। अफ्रीकी हाथी को लोक्सोडोंटा अफ्रीकाना और एशियाई हाथी को एलिफस मैक्सिमस कहते हैं। हाथी का गर्भ काल 22 महीनों का होता है। स्थलीय जीवों में सबसे लंबा है। जन्म के समय हाथी का बच्चा करीब 104 किलो का होता है। इसकी लंबाई लगभग एक मीटर होती है। ये बच्चे जन्म के एक घंटे के बाद ही चलने में समर्थ हो जाते हैं। हाथी औसतन 50 से 70 वर्ष तक जीवित रहता है।

**एशियाई हाथी :** एशिया में आज हाथी की केवल एक प्रजाति एलिफस मैक्सिमस पाई जाती है, जिसे एशियाई हाथी कहा जाता है। एशियाई हाथी की मुख्य रूप से चार उप प्रजातियां हैं - भारतीय हाथी, श्रीलंकाई हाथी, सुमात्रा हाथी और बोर्नियो हाथी। एशियाई हाथी हल्के स्लेटी रंग के होते हैं। एशियाई हाथी अफ्रीकी हाथी से छोटा होता है। इसके कान छोटे होते हैं। सामान्यतः केवल नर में हाथीदांत पाए जाते हैं। भारतीय हाथी (एलिफस मैक्सिमस इंडिकस) एशियाई हाथी की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा है। भारतीय हाथी भारत से लेकर इंडोनेशिया तक 11 एशियाई देशों में पाया जाता है। श्री लंकाई हाथी (एलिफस मैक्सिमस मैक्सिमस) केवल श्री लंका के द्वीप में पाया जाता है। वह एशियाई हाथियों में सबसे बड़ा है। सुमात्रा हाथी (एलिफस मैक्सिमस सुमात्रेनस) केवल सुमात्रा ही में पाया जाता है। यह भारतीय हाथी से छोटा होता है। बोर्नियो द्वीप में वर्ष 2003 में हाथी की एक अन्य उपजाति की पहचान की गई थी। इसे बोर्नियो पिग्मी हाथी के नाम से जाना जाता है। यह अन्य एशियाई हाथियों की तुलना में यह ज्यादा छोटा होता है। बोर्नियो पिग्मी हाथी आक्रामक भी कम होता है। इसके कान और पूंछ अपेक्षाकृत बड़े होते हैं।

**हाथी के पूर्वज :** हाथी का सबसे पुरान पूर्वज एरिथेरियम है। यह प्रजाति 65 से 56 मीलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर पाई जाती थी। यह मात्र 60 सेंटीमीटर लंबा था। जिस युग में एरिथेरियम मिलता था, उसे पेलियोसीन युग कहते हैं। हाथी की यह प्रजाति पेलियोसीन युग में मोरक्को में पाई जाती थी।


**अफ्रीकी हाथी :** लोक्सोडोंटा प्रजाति के हाथी अफ्रीकी हाथी कहलाते हैं। ये वर्तमान समय में अफ्रीका के 37 देशों में पाए जाते हैं। अफ्रीकी हाथी के कान बड़े होते हैं। ये एशियाई हाथी से आकार में बड़े होते हैं। अफ्रीकी हाथी में नर और मादा दोनों के हाथीदांत होते हैं। उनकी त्वचा में बाल भी कम होते हैं। अफ्रीका में हाथी की दो प्रजातियां मिलती हैं - सवाना हाथी और अफ्रीकी वन हाथी।

## हाथी का वजन

**अफ्रीकी हाथी**
- वयस्क नर सवाना हाथी
  **वजन: 6800 किलोग्राम**
- नवजात अफ्रीकी हाथी
  **वजन - करीब 91 किलोग्राम**
- **सबसे बड़ा हाथी अफ्रीकी सवाना**

**एशियाई हाथी**
- वयस्क नर बोर्नियो हाथी
  **वजन: 2950 किलोग्राम**
- नवजात एशियाई हाथी
  **वजन - 90-113 किलोग्राम**
- **सबसे छोटा हाथी बोर्नियो**

**अफ्रीकी हाथी**



## झारखंड में चिह्नित हुए हैं 17 एलिफैंट **कॉरिडोर...**

भारतीय वन्यजीव संस्थान ने हाथियों की गतिविधि पर देशभर में स्थल अध्ययन कर एलिफैंट कॉरिडोर्स ऑफ इंडिया 2023 रिपोर्ट केंद्र व राज्य सरकार सरकार को पिछले वर्ष अगस्त में सौंप दी थी। इस में देशभर में हाथियों के 150 कॉरिडोर चिह्नित किए गए थे, जिसमें 17 कॉरिडोर झारखंड में है। हाथी और मानव में टकराव कम करने के लिए इन एलिफैंट कॉरिडोर को बनाए रखना जरूरी है। झारखंड में इन 17 एलिफैंट कॉरिडोर को व्यवस्थित किया जा रहा है।

### झारखंड के एलिफैंट कॉरिडोर

1. सिल्ली-अनगड़ा कॉरिडोर
2. भरनो-बेड़ो कॉरिडोर
3. दलमा-आसनबनी कॉरिडोर
4. दलमा-चांडिल कॉरिडोर
5. डालापानी-सुकलारा कॉरिडोर
6. दलमा-रुगाई दलमा कॉरिडोर
7. लेपांग-डुमुरिया कॉरिडोर
8. अंकुआ-अंबिया कॉरिडोर
9. जामपानी-भागाविला कॉरिडोर
10. रायबेरा-पुलबाबुरु कॉरिडोर
11. डुमरिया-नयाग्राम कॉरिडोर
12. भागाबिला-रतनसाई कॉरिडोर
13. डालापानी-कोकराझोर कॉरिडोर
14. संगाजाता-हल्दीपोखर कॉरिडोर
15. अंजादबेड़ा-बिचाबुरु कॉरिडोर
16. सियालजोड़ा-धोबाधोबिन कॉरिडोर
17. डुमरिया-कुंडलुका-मुरकजिया कॉरिडोर

## हाथियों के प्राकृतिक निवास के नुकसान से ज्यादा समस्या

सबसे ज्यादा हानि हाथियों के प्राकृतिक निवास के नुकसान से होती है। वर्तमान में वनों की कटाई, खनन क्षेत्र में वृद्धि और कृषि गतिविधियों के कारण हाथियों के प्राकृतिक निवास का व्यापक रूप से नुकसान हुआ है। एशियाई हाथियों के लिए यह बहुत बड़ी समस्या बन गई है। भारत में भी इस समस्या ने बड़ा रूप धारण कर लिया है। हाथियों का प्राकृतिक निवास स्थान जब बर्बाद होता है, तो सबसे प्रजनन अधिक कठिन हो जाता है। हाथियों की जन्म दर घट जाती है। साथ ही, हाथियों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

**117** भारतीय एथलीट ने शानदार किया प्रदर्शन

**6** मेडल लाने में सफल रहें

## बिंद्रा ने भारत के उत्साही प्रदर्शन को सराहा

# पैरिस ओलंपिक 2024 : इस बार भारत के पास आये कुल छह मेडल

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस ओलंपिक 2024 में 117 भारतीय एथलीट ने शानदार प्रदर्शन किया और 6 मैडल लाने में सफल रहे। रविवार को जब पैरिस 2024 का समापन हुआ तो भारत ने इसमें एक रजत और पांच कांस्य समेत कुल छह पदक अपने नाम कर लिए थे। मनु भाकर ने इन खेलों में भारत के लिए पहला पदक जीता। उन्होंने कांस्य जीता और इसी के साथ ओलंपिक शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता, जो किसी एकल ओलंपिक में इस खेल में भारत का सबसे बड़ा पदक है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस में कांस्य पदक हासिल करके अपनी टोक्यो 2020 की सफलता को दोहराया। नीरज चोपड़ा ने अपनी ओलंपिक विरासत को और आगे बढ़ाया, भाला फेंक में रजत पदक जीता और भारत के सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए।



### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए

# झारखंड टीम का रांची में 21 को होगा ट्रायल



**रांची।** जालंधर (पंजाब) में 9 से 19 सितंबर तक होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के के लिए झारखंड टीम के चयन के लिए 21 अगस्त को ट्रायल होगा। बताया गया कि झारखंड टीम के गठन के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 अगस्त को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में होगा। यह चयन ट्रायल 21 अगस्त को प्रातः 9 बजे से होना है। इस चयन ट्रायल में झारखंड के वे हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनका जन्म 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद हुआ हो। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ पंचायत या नगर निगम से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, उम्र पात्रता प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

# 2028 ओलंपिक में एक और मेडल लाने की तैयारी में जुटी भारतीय हॉकी टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी टीम ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। इसके बाद, हॉकी इंडिया लगातार दूसरा पदक जीतकर 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से ऐसा करने वाली पहली भारतीय टीम बन गई।

शानदार जीत के बाद, टीम शनिवार को भारत लौटी और भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के नाम पर बने स्टेडियम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और आईएएनएस से बात की। मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, देश का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए और हमारे परिवार के लिए बहुत गर्व की बात है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इतने बड़े मंच पर आप खुद को कैसे संभालते हैं। हमें उम्मीद है कि हम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में और भी रिकॉर्ड तोड़ेंगे और एक और पदक लाएंगे।

भारत ने पेरिस में कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरा पदक हासिल किया। टीम ने पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

### भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में मत्था टेका

**अमृतसर।** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर देश लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी रविवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में माथा टेकने पहुंचे। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हॉकी खिलाड़ियों को श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्ण मॉडल, धार्मिक पुस्तकें और सिरोपा देकर सम्मानित किया। एडवोकेट धामी ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात है कि जब भी भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के खिलाड़ियों की पूरी भागीदारी हुई है, टीम ने शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं।

### भारतीय हॉकी प्लेयर ललित उपाध्याय ने काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन

**वाराणसी।** पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारतीय हॉकी टीम वापस भारत लौट चुकी है। टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय ने परिवार के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। ललित वाराणसी के ही रहने वाले हैं। वाराणसी में ललित ने अपने पिता और भाई के साथ मिलकर मंदिर में दर्शन पूजन किए। ललित पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद पहली बार काशी पहुंचे हैं। इस दौरान ललित और उनके परिजनों ने हर-हर महादेव के नारे भी लगाए।

### नाकामुरा ने बुलेट में किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारू नाकामुरा ने स्पीड चेस चैंपियनशिप 2024 के सेमी फाइनल में पहुंचने वाले अंतिम खिलाड़ी बन गए हैं। शुक्रवार देर रात को क्वार्टरफाइनल में उन्होंने रूस के यान नेपोमनिशी को 14.5-9.5 के स्कोर से हराया । नेपोमनिशी ने पहले सेगमेंट में तीन अंकों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन नाकामुरा ने 3+1 मिनट के दूसरे सेगमेंट में स्कोर बराबर कर दिया और फिर बुलेट गेम्स में दबदबा बनाकर मैच जीत लिया। अब पेरिस में होने वाले सेमीफाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन यूएसए के हंस नीमन से और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा यूएसए के हिकारु नाकामुरा से 6 सितंबर को खेलेंगे। जीत के बाद नाकामुरा नें कहा की मुझे लगता है कि अलीरेजा के खिलाफ खेलना वास्तव में रोमांचक होगा क्योंकि, जैसा कि मैंने शायद पहले 10 बार कहा है, वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो मेरी और मैग्नस की तरह बुलेट में एक ही स्तर पर हैं। स्पीड चैस की शुरूआत 27 और 28 जून को क्वालिफायर से हुई थी और यह 8 सितंबर को पहली बार फाइनल के साथ समाप्त होगी, जो पेरिस में लाइव होगा।

### शाहबाज अहमद ने पलवल में दी मैरिज रिसेप्शन पार्टी

**पलवल।** भारत के हरफनमौला क्रिकेटर शाहबाज अहमद ने अपने विवाह का रिसेप्शन दिया, जिसमें कई क्रिकेटर व राजनीतिक नेता आशीर्वाद देने पहुंचे। शहबाज अहमद ने भारत के लिए भी 3 वनडे और 2 टी20 मैच खेले हैं। नदीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने मनिका बत्रा से मुलाकात


**नई दिल्ली।** भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा के साथ मुलाकात की। भारत की टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक में पदक न जीतने के बावजूद भारत के लिए इतिहास रचा था। वह ओलंपिक के इतिहास में टेबल टेनिस में राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला बनी थीं। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मनिका बत्रा के साथ मुलाकात की अपनी फोटो शेयर की।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने भारत 'ए' को टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत 'ए' को मामूली स्कोर पर रोक दिया, इसके बाद कप्तान ताहलिया मैक्ग्रा की 22 गेंदों में नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने रविवार को एलन बॉर्डर फील्ड में तीसरे मैच में सात विकेट से जीत के साथ टी20 सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया।

गेंद के साथ, तायला व्लामिनक, ग्रेस पार्सन्स, मैटलान ब्राउन और निकोला हैनकॉक ने भारत 'ए' को 120/8 पर बनाए रखने के लिए विकेट लिए, जबकि किरण नवगिरे ने 20 गेंदों में 38 रन बनाकर मेहमान टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाए। जवाब में, कप्तान ताहलिया ने 22 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने 37 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।



तायला ने चार ओवरों में 1-6 के अपने स्पैल में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मैच की दूसरी गेंद पर शुभा सतीश को शून्य पर आउट करके तुरंत प्रभाव डाला। वहां से, शेष भारत 'ए' की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं कर पाई क्योंकि प्रिया पुनिया, श्वेता सहरावत, सजना सजीवन और तनुजा कंवर बिना कुछ किए आउट हो गए, क्योंकि 13वें ओवर में मेहमान टीम 47/5 पर सिमट गई।

लेकिन किरण, जिन्होंने अपनी 38 रनों की पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया, और कप्तान मिन्नू मणि (23 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन) ने 57 रनों की साझेदारी की, जिससे भारत 'ए' को 20 ओवर की पूरी बल्लेबाजी करने में मदद मिली।

# पोलार्ड ने राशिद की गेंद पर लगाए लगातार पांच छक्के

**एजेंसी। हेडिंग्ले**





वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और वर्तमान में मुंबई इंडियंस के सहायक कोच कीरोन पोलार्ड ने राशिद खान पर लगातार पांच छक्के लगाए हैं। ये छक्के उन्होंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ मारे, जिससे उनकी टीम को एक रोचक मुकाबले में दो विकेट की जीत हासिल हुई।

पोलार्ड ने यह कारनामा पारी के 17वें ओवर में किया। उस समय ब्रेव की टीम 80 गेंदों में 6 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाकर खेल रही थी। उस समय पोलार्ड भी संघर्ष कर रहे थे और पहली 14 गेंदों पर सिर्फ. छह रन ही बना पाए थे। तब जीत मेजबानों के हाथ से फिसलती नजर आ रही थी। लेकिन इसके बाद पोलार्ड ने राशिद की पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर ब्रेव की उम्मीदों को ज़िंदा कर दिया।

उन्होंने राशिद की गुगली और अंदर आती गेंदों पर दो छक्का डीप मिडविकेट पर, दो छक्के लांग ऑफ पर और एक छक्का एक्स्ट्रा कवर पर लगाया। पोलार्ड की इस धुआंधार बल्लेबाजी का राशिद की विश्व स्तरीय गेंदबाजी के पास कोई जवाब नहीं था।

पोलार्ड ने यह कारनामा पहली बार नहीं किया है। इससे पहले वह मार्च 2021 में भी ऐसा कर चुके हैं, जब उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी20 में अकीला धनंजय के खिलाफ लगातार छह छक्के लगाए थे।

हालांकि पोलार्ड 23 गेंदों पर 45 रन बनाकर रन आउट हो गए, लेकिन क्रिस जॉर्डन ने एक गेंद शेष रहते चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

### गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम का घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत



**खानेवाल (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले अरशद नदीम रविवार को अपने घर खानेवाल जिले के मियां चन्नू गांव पहुंचे। घर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक में जैवलिन थ्रो के फाइनल में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था, जिससे पूरे पाकिस्तान में खुशी की लहर दौड़ गई थी। यह ओलंपिक के इतिहास में पाकिस्तान का पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल था। गोल्ड मेडल जीतकर वापस पाकिस्तान पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोगों ने नदीम का स्वागत किया और उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर अरशद नदीम ने कहा कि, यह मेडल केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरे पाकिस्तान की जीत है। उन्होंने कहा कि वह अपने देश और अपने लोगों के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# ओलंपिक के जरिए क्रिकेट को मिलेगा एकदम अलग दर्शक वर्ग : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट लीजेंड रिकी पोंटिंग का कहना है कि लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट शामिल होने से, इस खेल के लिए पूरी तरह से अलग दर्शक वर्ग खुल जाएगा।

क्रिकेट को आखिरी बार 1900 में ओलंपिक में शामिल किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में आयोजित 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को शामिल करने की आधिकारिक पुष्टि की थी। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू के ताजा एपिसोड में कहा कि, यह हमारे खेल के लिए अच्छे संकेत हैं। हम पिछले 15-20 साल से ओलंपिक में क्रिकेट को जगह देने के लिए प्रयास कर रहे थे, आखिरकार यह हो गया है। इवेंट में चार साल बचे हैं। इतने समय में अमेरिका में मेजर क्रिकेट लीग में भी विकास होगा। इससे अमेरिका में जमीनी स्तर पर क्रिकेट का विकास हो सकता है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# अदाणी फाउंडेशन ने पूरे किये मुस्कान बिखेरने के 28 साल : प्रीति अदाणी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी ने रविवार को कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखरने के 28 साल पूरे कर लिए हैं।

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की पत्नी प्रीति अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह मुकाम हासिल करने में योगदान के लिए अपनी टीम के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। प्रीति अदाणी ने पोस्ट में लिखा, लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के 28 साल पूरे करने के मौके पर मैं देश भर में काम कर रहे हमारी टीम के 800 से ज्यादा सदस्यों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देती हूं।

प्रीति अदाणी ने कहा, साथ

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट का बाजार पर नहीं दिखेगा खास असर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से रविवार को सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाये गए आरोप पर भारतीय शेयर बाजार की प्रतिक्रिया को लेकर सभी उत्सुक हैं। मालूम हो कि अडानी समूह पर पहले आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से भारतीय शेयर बाजार में खलबली मच गई थी। शेयर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि हिंडनबर्ग द्वारा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए आरोपों पर बाजार रिएक्ट तो करेगा, लेकिन बड़ा असर नहीं होगा। उनका मानना है कि ये आरोप केवल आरोप हैं, कुछ सिद्ध नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन आरोपों का शेयर बाजार में मामूली शॉर्ट टर्म प्रभाव तो हो सकता है, लेकिन बाजार में बड़ी हलचल यह हिंडनबर्ग के आरोप पैदा कर देगी, ऐसी आशंका अत्यधिक कम है। विश्लेषकों का कहना है कि यह सेबी के आंतरिक संचालन और कर्मचारी अनुपालन से संबंधित मामला है। बाजार परिपक्व और कोई दहशत जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी।

**शुरूआती कारोबार में थोड़ी गिरावट आशंका**

स्वतंत्र बाजार विश्लेषक अंबरीश बालिगा ने कहा, सेबी प्रमुख पर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के कारण बाजार में शुरूआती प्रतिक्रिया हो सकती है, क्योंकि ये आरोप मौजूदा सेबी प्रमुख के खिलाफ हैं। हालांकि, बाजार में तेजी से सुधार भी आ सकता है। समस्या तभी पैदा होगी जब सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच की इन आरोपों के चलते छुट्टी कर दे। आईसीआईसीआई बैंक में चंदा कोचर के मामले ऐसा देखा गया था।

# फोकस्ड म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जून तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीमित शेयरों में निवेश करने वाले फोकस्ड म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस श्रेणी का परिसंपत्ति आधार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गया है। फोकस्ड म्यूचुअल फंड एक तरह का इक्विटी म्यूचुअल फंड है जो सीमित या कम संख्या में शेयरों में निवेश करता है।

बाजार नियामक सेबी की तरफ से फोकस्ड फंड को अधिकतम 30 शेयरों में निवेश करने की अनुमति देने के दिशानिर्देश हैं। उद्योग जगत के आंकड़ों से पता चलता है कि इन्वेस्को इंडिया फोकस्ड फंड, महिंद्रा मनुलाइफ फोकस्ड फंड, जेएम फोकस्ड फंड और एचडीएफसी फोकस्ड 30 फंड जैसे कुछ फोकस्ड फंड ने पिछले साल में 40-60 प्रतिशत तक का उल्लेखनीय रिटर्न दिया है। फोकस्ड म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर को शेयरों के चयन में



बेहद सजगता दिखानी होती है क्योंकि उन्हें किसी विशिष्ट बाजार मूल्यांकन या क्षेत्र के प्रति पूर्वाग्रह के बिना बाजार में सर्वोत्तम निवेश अवसरों की पहचान करनी होती है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, फोकस्ड फंडों की प्रबंधन-अधीन संपत्ति (एयूएम) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1.09 लाख करोड़ रुपये थी।

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी फिरोज अजीज ने कहा कि एयूएम में यह बढ़ोतरी पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के विकल्प के रूप में फोकस्ड फंडों के आकर्षण को दशार्ती है।

# खत्म हुई टाटा पंच की बादशाहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में एसयूवी की डिमांड काफी तेजी से बढ़ रही है और ऐसे में कार कंपनियों के बीच अलग-अलग सेगमेंट की एसयूवी लॉन्च करने की भी होड़ मची हुई है। बीते दिनों टाटा मोटर्स ने अपनी एसयूवी कूपे कर्व लॉन्च की और फिर सिट्रोएन ने महज 8 लाख रुपये से एसयूवी कूपे बसॉल्ट लॉन्च कर दी। इन सबके बीच इस बात का जिक्र करना जरूरी है कि आखिरकार कौन सी एसयूवी देशवासियों को सबसे ज्यादा पसंद आती है। बीते जुलाई की बात करें तो हुंडई क्रेटा ने टाटा पंच के विजयरथ को रोक दिया है और नंबर 1 एसयूवी बन गई है। अब आप ये भी जान लें कि आखिरकार देश की टॉप 10 एसयूवी कौन-कौन सी है।

**हुंडई क्रेटा**

हुंडई क्रेटा मिडसाइज एसयूवी है और बीते जुलाई में यह सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी रही। क्रेटा को पिछले महीने 17,350 ग्राहकों ने खरीदा।

**टाटा पंच**

इस साल सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी टाटा पंच बीते जुलाई में दूसरे नंबर पर खिसक गई और इसे 16,121 ग्राहकों ने खरीदा।




**मारुति सुजुकी ब्रेजा**

बीते जुलाई की तीसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी मारुति सुजुकी ब्रेजा रही, जिसे 14,676 ग्राहकों ने खरीदा।

**टाटा नेक्सॉन**

टाटा नेक्सॉन एक पॉपुलर सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी है, जो कि डीजल और पेट्रोल के साथ ही इलेक्ट्रिक वेरिएंट्स में भी है और बीते जुलाई इसे 13,902 ग्राहकों ने खरीदा।

**महिंद्रा स्कॉर्पियो**

महिंद्रा एंड महिंद्रा की सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी स्कॉर्पियो-एन और स्कॉर्पियो क्लासिक की बीते जुलाई में संयुक्त रूप से 12,237 यूनिट बिकी।

**मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स**

मारुति सुजुकी की धांसू क्रॉसओवर फ्रॉन्क्स को पिछले महीने 10,925 ग्राहकों ने खरीदा।

### भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश 165 अरब डॉलर के पार, 10 वर्षों में 69 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश करीब 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बीते 10 वित्त वर्षों (2014-24) में विदेशी इक्विटी निवेश 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर हो गया है। यह आंकड़ा 2004 से 2014 के बीच 97.7 अरब डॉलर था। राज्यसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण बीते पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) में 383.5 अरब डॉलर का फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) निवेश भारत आया है। एचएसबीसी के ताजा सर्वे में दी गई जानकारी में कहा गया कि मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में भारत में जुलाई में लगातार इजाफा हुआ है। इसकी वजह मजबूत घरेलू मांग और नए एक्सपोर्ट ऑर्डर में बढ़ोतरी होना है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी फाइनल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) पिछले महीने 58.1 पर रहा था। पीएमआई इंडेक्स में जुलाई 2021 के बाद यह लगातार 50 के ऊपर बना हुआ है, जो दिखाता है कि इस क्षेत्र की गतिविधियों में इजाफा हो रहा है। सरकारी डेटा से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएलआई स्कीम के तहत 14 मुख्य सेक्टर में निवेश के 755 प्रस्तावों को अनुमति दी गई है और मार्च तक 1.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसके कारण करीब 8 लाख रोजगार सृजित हुए हैं।

## मेराल में लक्ष्य दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मेराल।** प्रखंड के संगबरीया गांव में रविवार के सुबह लक्ष्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुवात मुखिया संजय राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, डॉक्टर लालबहादुर साह, आयोजन समिति के अध्यक्ष रुपेश कुमार विश्वकर्मा, सचिव विपीन कुमार साव, कोषाध्यक्ष लवकुश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया तथा दौड़ के लिए भीसिल बजाया गया। दौड़ प्रतियोगिता में 90 प्रतिभागियों ने शामिल होकर संगबरीया गांव स्थित अस्पताल चौक से दौड़ते हुए रेलवे गेट जाकर पुनः रेलवे गेट से संगबरीया गांव अस्पताल चौक आकर दौड़ समाप्त किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के साथ दर्शक भी मौजूद रहे। इस दौड़ प्रतियोगिता में कांडी थाना क्षेत्र के अख्तर अंसारी पिता अहमद अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही दूसरा स्थान गढ़वा खेलो इंडिया के अमित कुमार पिता सुरेंद्र राम ने प्राप्त किया। जबकि तीसरा स्थान अमहर बिशनपुरा के नेपाल कुमार पिता रामाश्रय पासवान ने अपने नाम किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अख्तर अंसारी को 5100 रुपए नकद के साथ मेडल एवं शिल्ड कप दिया गया। वहीं दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले अमित कुमार को 2100 रुपए नकद के साथ शिल्ड और मेडल दिया गया।

### वर्ल्ड एलीफेंट डे : क्यों अलग हैं झारखंड के हाथी?

# एससीआर और पीटीआर के हाथियों में भी कई अंतर

- झारखंड के हाथी भारत के दूसरे राज्यों में मिलने वाले हाथियों से काफी अलग और खास हैं.
- पश्चिम बंगाल, ओडिशा और कर्नाटक के हाथियों से कम हिंसक हैं.
- पलामू टाइगर रिजर्व में मिलने वाले हाथी सबसे कम हिंसक होते हैं.

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** दुनिया में सबसे ज्यादा एशियाई हाथी भारत में हैं। फिलहाल इनकी संख्या करीब 30,000 है। दक्षिण भारत के केरल से लेकर पूर्वी भारत के असम तक फैले इस एलीफेंट कॉरिडोर में ये हाथी निवास करते हैं। भारत के अन्य राज्यों में मिलने वाले हाथियों की तुलना में झारखंड में रहने वाले हाथी काफी अलग और खास हैं। झारखंड के इलाके में हाथियों की संख्या काफी ज्यादा है।

सिंहभूम का इलाका हाथी रिजर्व क्षेत्र कहलाता है। वहीं पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में भी बड़ी संख्या में हाथी निवास करते हैं। झारखंड के हाथी पश्चिम बंगाल, ओडिशा और कर्नाटक के हाथियों से कम हिंसक हैं। झारखंड में भी पलामू टाइगर रिजर्व में मिलने वाले हाथी सबसे कम हिंसक होते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि झारखंड के पलामू इलाके को छोड़कर बाकी इलाके में मयूरभंजी हाथी हैं। पलामू टाइगर रिजर्व में करीब 180 से ज्यादा हाथी हैं। पलामू टाइगर रिजर्व में मिलने वाले हाथी का जेनेटिक क्या है? इसपर फिलहाल शोध चल रहा है।

**हर साल होती है दो लोगों की मौत**

भारत में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष के कारण हर साल सैकड़ों लोगों की मौत होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में हाथियों से संघर्ष के कारण औसतन दो लोगों की प्रतिदिन मौत होती है। 2023 में झारखंड में हाथियों के कारण 96 लोगों की मौत हुई, जबकि पूरे भारत में 628 लोगों की मौत हुई। झारखंड और देश के दूसरे राज्यों में हाथियों से संघर्ष और मौतों के बीच में काफी अंतर है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां के हाथी दूसरे राज्यों से काफी अलग हैं।



**झारखंड के हाथियों में हिंसा की प्रवृत्ति बहुत कम**

पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना कहते हैं कि झारखंड के हाथी दूसरे इलाकों के हाथियों के मुकाबले कम हिंसक होते हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह यहां के हाथियों का जेनेटिक अंतर है। वहीं, इलाके के हाथी संपन्न हैं, क्योंकि झारखंड का ज्यादातर इलाका जंगल है। झारखंड में सिंहभूम हाथी कॉरिडोर और रिजर्व एरिया झारखंड छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जुड़ा हुआ है और साथ ही केरल से असम तक के बीच की यह एक अहम कड़ी है।

**सरगुजा के महाराजा ने पलामू क्षेत्र में छोड़े थे हाथी**

उपनिदेशक कहते हैं कि इतिहास में उल्लेख है कि सरगुजा के महाराजा ने पलामू क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी छोड़े थे। वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया पलामू क्षेत्र के हाथियों पर शोध कर रहा है और पलामू क्षेत्र के हाथियों की जेनेटिक का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। पलामू क्षेत्र के हाथियों की अपनी खास पहचना है। एक तो वे बहुत कम हिंसक होते हैं, वहीं उनके एक दांत होते हैं। इलाके में बड़ी संख्या वैसे हाथियों की भी है, जो बिना दांत के होते हैं।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**सतबरवा।** सतबरवा प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में रविवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सब्या कुमारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत एनवायरनमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत विभिन्न विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें दिव्यांग छात्र छात्राओं के बीच ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जो रिसोर्स शिक्षक अभिषेक कुमार के देखरेख में हुई । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जया परवीन बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा ,द्वितीय पुरस्कार संध्या कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, तृतीय पुरस्कार नीतू बाला कुमारी प्राप्त किया तथा प्राथमिक विद्यालय नोनिया टोला खामडीह प्रथम पुरस्कार लक्ष्मी कुमारी , एवं मध्य विद्यालय के द्वितीय पुरस्कार गुलनाज परवीन, उर्दू मध्य विद्यालय दुसाध टोला जमुना तृतीय पुरस्कार मारुति नंदन पासवान प्राप्त किया प्रतिभागियों को कार्यक्रम पदाधिकारी सब्या कुमारी एवं रिसोर्स शिक्षक अभिषेक कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इस मौके पर कन्या मध्य विद्यालय विद्या कुमारी शहनाई, अनीता भेंगरा, शिक्षक वीरेंद्र कुमार, शमीम अंसारी, गुलाम सरवर तथा छात्रा छात्राओं के साथ अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के वार्ड तीन के राम विगहा आंगनबाड़ी केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का रविवार को शुभारंभ पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने किया। उन्होंने बताया कि हाथी पांव के नाम से फाइलेरिया रोग चर्चित है। यह रोग खून चूसने वाले मच्छर के काटने से होता है। इसके काटने के बाद कृमियों से संक्रमित होकर मानव शरीर के त्वचा, आंखों व अन्य अंगों को नुकसान पहुंचाता है। इससे खुजली, त्वचा की विकृति के साथ ही अंधापन होने का खतरा बढ़ता है।

आंगनबाड़ी सेविका रिंकू देवी ने कहा कि महिलाओं में इस रोग के होने से हाथ, पैर व जननांगों में सूजन के लक्षण सामने आते हैं। इससे बचाव के लिये सरकार ने बहुयामी अभियान शुरु कर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से निःशुल्क दवा उपलब्ध करा रही है। इसमें स्वास्थ्य कर्मी की सलाह से सभी को दावा का सेवन करना जरूरी है। मौके पर स्वास्थ्य सहिया सरीता देवी,सुमित्रा देवी, एएनएम सुधा कुमारी भी मौजूद थी।

## खरौंधी में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल

**खरौंधी।** खरौंधी भवनाथपुर मुख्य मार्ग स्थित मझिगावां गावँ के पास एक अनियंत्रित बाइक सवार ने रोड किनारे कलभट से जा टकराई। घटना रविवार तकरीबन सुबह 7 बजे की है। जिस दुर्घटना में झगराखाड़ गावँ के भवरिया टोला के 30 वर्षीय बाइक चालक विकास राम घायल हो गया। उसके सर में गंभीर रूप से चोटें आई हैं।उसके गर्दन पर कट गया हैं। घटना के बाद राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर घटनास्थल पर बुलाया। फिर उसे एंबुलेंस से भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद बेहतर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायल विकास के एक रिश्तेदार ने बताया की वह अपने ससुराल बैतरी से लौट रहा था। इसी बीच बाइक अनियंत्रित होकर कलभट से जा टकराया। मौके पर पहुंच कर खरौंधी थाना के एएसआई निरंजन कुमार सिंह ने घायल को अस्पताल भेजवाने में मदद किया।

### सद्भावना भवन ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मना रक्षाबंधन का त्योहार

## पवित्रता का बंधन ही सच्चा रक्षाबंधन : कंचन दीदी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भवाना भवन जपला में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता संजय सिंह , प्रो. अजय सिंह, डॉ. दयानंद ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके नीरज व मंच के संचालन बीके अरविंद ने की। मुख्य वक्ता बीके कंचन बहन ने राखी के आध्यात्मिक रहस्य को बहुत ही सरलता से कहा की यह रक्षा बंधन एक विशाल हृदय व विशुद्ध भवानावों के धागों से जुड़ा त्योहार है,परंतु आज छोटी सी सीमा में बंधकर रह गया है । केवल बहन अपने सगे भाई -भाई अपनी सगी बहन के लिए ही सोचता है। रक्षा बंधन हम सदियों से मनाते आ रहे है, फिर भी यह रक्षा बंधन सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। जब विश्व पिता परम पिता परमात्मा धरा पर आते हैं तब सर्व मानव कल्याण हेतु हम सभी से प्रतिज्ञा करते है की विश्व एक परिवार है। हम सब एक पिता के संतान है। रक्षा बंधन अर्थात हमे अपनी रक्षा बीकारों से बुराइयों से करनी है। मुख मीठा करना अर्थात हमे सदैव मधुर बोल बोलना है।तिलक लगाना अर्थात हमे सदैव आत्म स्मृति का तिलक लगाना है। इस प्रकार रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए सभी को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प कराया। बीके बहनों ने पूर्व विधायक एवं व्यापारियों, माजसेवियों व अनेक गणमान्य लोगों के कलाई पर राखी बाधी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन दो शब्दों से मिलकर बना है। रक्षा और बंधन। इस बंधन में बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। धीरे-धीरे इस प्यार के मायने ही बदल गए हैं।




## पलामू में सर्पदंश से एक की मौत



**पलामू।** जिले के रामगढ़ प्रखंड की उलडंडा पंचायत के डेनडुबा गांव के 40 वर्षीय राजेंद्र उरांव की सर्पदंश से मौत हो गई। वह खेत में हल चला रहा था। इसी दौरान बहीराजाड़ा सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसका समय पर इलाज नहीं कराकर आनन-फानन में चोरहट पंचायत के कुंडपानी के नीमटोली के वैद्य अमरदेव मिंज के पास ले गए। वैद्य ने झाड़-फूंक से युवक को ठीक करने की कोशिश की। इसी क्रम में राजेंद्र उरांव की मौत हो गई।

### कृषि मित्रों व प्रतिनिधियों की उदासीनता से बीज वितरण कार्य धीमा

## किसानों को हो रहा है बड़ा नुकसान : बीएओ

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** गत पखवाड़े ही हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया। इसे उच्चाधिकारी के निर्देशानुसार मोबाइल के ओटीपी के माध्यम वितरण कराने की सूचना भी सभी पंचायत के कृषि मित्रों को दी गई। बावजूद इस कार्य में उदासीनता से किसानों को ससमय लाभ मिलना मुश्किल हो गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि चौकड़ी, मोकहर कला, हैदरनगर पूर्वी, बरडंडा, परता पंचायत के किसान मित्र को पुनः बिरसा फसल विस्तार योजनान्तर्गत प्राप्त मक्का, मूंगफली, उरद के प्राप्त बीज के अब तक वितरण नहीं कराये जाने की सूचना दी है।



बताया गया कि इस कार्य में उक्त पंचायत के किसान मित्रों के साथ मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के साथ समन्वय स्थापित नहीं हा पा रहा है। उनके लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि किसान मित्रों ने इसके लिये अपने मोबाइल में एप भी स्टॉल कर लिया है। उन्होंने किसान मित्रों को गंभीरता से लेकर अविलंब बीज वितरण के डाटा शून्य कर संबधित किसानों को बीज दिलाने का निर्देश दिया है। वरना शेष स्टॉक को प्रखंडकर्मी भ्रमण कर मुखिया व पंचायत समिति सदस्य के साथ मिलकर इस कार्य को पूरा करेंगे। साथ ही किसान मित्र के असहयोगात्मक रवैया की सूचना जिला प्रशासन को प्रेषित कर दी जायेगी । उन्हें भी अपने प्राप्त लक्ष्य पूरा करने के साथ ही ऑनलाइन वितरण के दौरान उन्हें बीज के साथ खाद, कीट नाशक दवा भी उपलब्ध कराने को कहा है।

### तीन पारा शिक्षकों का मानदेय लंबित

## एक सप्ताह में भुगतान नहीं तो करेंगे शिक्षा कार्यालय में तालाबंदी

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम के तानाशाही रवैये से इस प्रखंड के तीन पारा शिक्षक न्याय का गुहार व कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाये जाने से शिक्षा विभाग में सुधार का दावा खोखला साबित हो रहा है। इनका विभिन्न बोर्ड / विश्वविद्यालय से शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया गया है। सेवा शर्त के अनुसार प्रमाण पत्र सत्यापन के बाद प्रखंड स्तरीय प्राधिकार से सेवा संपुष्टि कर वर्धित 4% इंक्रीमेंट प्रतिवर्ष देय है। पर सहायक अध्यापक योगेन्द्र कुमार साहू का प्राधिकार से अनुमोदन के बाद भी गत वर्ष से ही इंक्रीमेंट सचिव सह एरिया ऑफिसर के मनमानी से नहीं मिला है।

साथ ही उन्होंने पत्रांक 115 दिनांक 3. 5. 2024 से सेवा कार्य नहीं करने व मानदेय भुगतान पर भी रोक लगा दी है। वहीं सहायक अध्यापक संजय राम व राजेन्द्र पाल के साथ उन्होंने ऐसी ही कार्रवाई की गई है। भुक्तभोगी पारा शिक्षकों ने उपायुक्त पलामू को आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया है। उपायुक्त पलामू के आदेश के आलोक में डीएसई पलामू ने पत्रांक 847 दिनांक 22. 7. 2024 के निर्देशों के बावजूद अब तक पारा शिक्षकों का मानदेय भुगतान न होने से आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

## विधायक के कार्यो से प्रभावित हो युवाओं ने भाजपा का दामन थमा

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पँचायत में भाजपा कार्यकर्ता मिलन का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार के उपस्थित में पँचायत के 62 युवाओं ने दूसरी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुये। मिलन समारोह में शामिल हुये युवाओं ने कहा की भाजपा के विचारों एवं विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व एमपी मनोज कुमार के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा परिवार में आये है। विधायक पुष्पा देवी ने क्षेत्र की जनता को हमेशा मान - सम्मान दिया है। पूर्व एमपी मनोज कुमार ने भाजपा में शामिल हुये युवाओं को भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर इन्होंने कहा की भाजपा राष्वादी पार्टी है। पार्टी एक परिवार है।हर कार्यकर्ता भाजपा का परिवार है। मिलन समारोह में पूर्व एमपी मनोज कुमार को कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। मिलन समारोह में दर्जनों गांव से लोग पहुचे थे। अध्यक्षता आजाद सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, सिंह,बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कामता सिंह, कुंदन दुबे, अंजय सिंह आदि थे जबकि पार्टी में शामिल हुये नागेश्वर सिंह,बबलू सिंह चेरो, रिटायर शिक्षक बालगोबिद मेहता, बहादुर मेहता, मयंक सिंह, सोनल सिंह, मुकेश शर्मा, रामजी प्रसाद, मनोज कुमार चंद्रवंशी, अरविंद ठाकुर, राजा कुमार, विजय कुमार पासवान, आनंद कुमार, ज्ञान प्रकाश सिंह, सुरेंद्र कुमार रजक, आलोक कुमार चंद्रवंशी, अरुण कुमार पासवान, सुधीर सिंह, विक्की सिंह, दीपक कुमार रजक, विकास कुमार यादव, बबलू सिंह, आदि को भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

### कब्रिस्तान निर्माण कार्य में फर्जीवाड़ा का मामला

## राशि भुगतान के अनुसार धरातल पर नहीं उतरा निर्माण कार्य : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के लावा ही गांव स्थित मंगरदह महादेव के पास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से बनाए जा रहे कब्रिस्तान निर्माण कार्य में फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है की योजना मद में अभी तक जो भी राशि का भुगतान हुआ है उसके अनुसार धरातल पर काम हुआ नहीं और अलग-अलग दो किस्तों में लगभग 15 लख रुपए की राशि भुगतान कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्रिस्तान निर्माण कार्य में बिल्कुल रूप से फर्जीवाड़ा किया गया है । उनका कहना है कि कब्रिस्तान को एक तरफ से लगभग 200 फीट की दूरी में बहुत पहले ही चारदीवारी का निर्माण करा दिया गया है। फिलहाल तीन तरफ से जो भी चारदीवारी का निर्माण कार्य हुआ है उसकी लंबाई लगभग 400 फिट है ।ऐसे में पदाधिकारी के द्वारा किस जोड़ घटाव के अनुसार लाभुक के खाते में 15 लख रुपए की राशि भुगतान कर दिया गया है। ग्रामीण आलमगीर आलम, जियाउद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, करार हुसैन इत्यादि लोगों ने बताया कि गांव का कब्रिस्तान निर्माण सिर्फ और सिर्फ एक सरकारी राशि बंदर बांट करने का अड्डा बन गया है। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा जीस कब्रिस्तान का निर्माण कराया गया है उसकी लंबाई 400 फीट से अधिक नहीं है। बावजूद उसके नाम पर 15 लख रुपए की भारी भरकम राशि का भुगतान कैसे कर दिया गया है या एक बड़ा सवाल बन गया है। वही ग्रामीणों की जानकारी पर गढ़वा अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जफर इकबाल और सचिव फिरोज अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को स्थल पहुंच कब्रिस्तान निर्माण कार्य का जांच पड़ताल किया गया ।गांव के दर्जनों ग्रामीणों के साथ निर्माण कार्य का मुहाना करने स्थल पहुंचे उक्त नेताओं को ग्रामीणों ने फर्जीवाड़ा मामले से अवगत कराया साथ ही योजना मद में अब तक बे मतलबी भुगतान हुए राशि की रिकवरी कराने की मांग भी किया।



## पेज एक का शेष

**आर्थिक अराजकता पैदा...**

चाहता है? एलआईसी और एचएएल को भी पहले बदनाम किया गया था। विपक्ष अब सेबी पर हमले कर रहा है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आप विदेशी कंपनियों के पक्ष में खड़े रहते हैं और देशी कंपनियों पर अटैक क्यों करते हैं? मैं कांग्रेस पार्टी से जानना चाहता हूं कि विदेशी कंपनियों से आपका नाता कितना पुराना है? उन्होंने दावा किया था कि एलआईसी, एचएएल और एसबीआई घाटे में चल रहे थे। इस साल, एलआईसी ने 17,000 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। एसबीआई ने 21,000 करोड़ रुपये और एचएएल ने 29,000 करोड़ रुपये लाभ दर्ज किए, जो अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं।

**प्रधानमंत्री ने फसलों...**

बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, रोपण फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मोटे अनाजों के महत्व पर चर्चा की और इस बात को रेखांकित किया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का सेवन और मांग करना शुरू कर दिया है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। किसानों ने जागरूकता पैदा करने में कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) द्वारा निभाई गई भूमिका की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि केवीके को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के लाभों के बारे में किसानों को सक्रिय रूप से सूचित करना चाहिए ताकि उनके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं, ताकि अप्रयुक्त फसलों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

**यह योजना मुख्यमंत्री...**

जब से ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन की भी सुविधा की गई तब से इसमें तेजी आई है। समाहरणालय कर्मियों की हड़ताल से इस योजना सहित अन्य विकास कार्यों पर पड़ रहे प्रभाव के बारे में पूछने पर मनोज पांडे ने कहा कि हड़ताल बहुत जल्द समाप्त हो जाएगी, इसे लेकर बातचीत चल रही है। जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि दिसंबर 24 तक लाभुकों के नंबर को लिंक करने के मामले में भी भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भ्रम फैला रहे हैं और जबतक खाते को मोबाइल नंबर से लिंक नहीं किया जाता तब तक जनधन योजना के खातों से भुगतान किया जाएगा। तनुज खत्री ने बताया कि कुल 48 लाख से अधिक 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए देने के लिए हर संभव सुविधा देने का निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का है। यह पूछने पर कि कम पढ़ी लिखी या टीवी अखबार की पहुंच से दूर महिलाओं को योजना की जानकारी नहीं है और फॉर्म बिचौलियों द्वारा बेचे जा रहे हैं। इसपर मनोज पांडे ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं और पार्टी कार्यकतार्ओं को भी लगाया गया है वे फॉर्म भरवाएं और बिचौलियों पर उपायुक्त नजर रखेंगे उन तक शिकायत प्रशासन के माध्यम से पहुंचनी चाहिए।

**मुझे सत्ता से...**

को अमेरिका को सौंपने से इनकार कर दिया था, जिससे पश्चिमी महाशक्ति को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव जमाने में मदद मिलती। उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से आग्रह किया कि वे देश में कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया ताकि उन्हे लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं होने दिया और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

**25 आईएएस का**

अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग रांची, प्रबंध निदेशक जुडको तथा प्रबंध निदेशक रांची ग्रेटर विकास एजेंसी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। खाद आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते हुए आईटी सचिव रांची के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है। डॉक्टर कौशल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव वाणिज्कर विभाग झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। भवन निर्माण सचिव मनीष रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। पेयजल सचिव राजेश कुमार शर्मा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव आपदा प्रबंधन विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया । कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी को स्थानांतरित करते वन विभाग का सचिव बनाया गया है। आईटी सचिव विप्रा भाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव राज्यपाल का बनाया गया है। महिला बाल विकास विभाग के सचिव मनोज कुमार को अपने कार्य के साथ उत्पाद सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। मुख्यमंत्री के सचिव झारखंड के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक भवन सचिव झारखंड रांची के पद पर नियुक्त किया गया। अरवा राजकमल को अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची तथा स्थानीय आयुक्त झारखंड भवन के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। खान सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उद्योग सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग उमाशंकर सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ पर प्रभारी सचिव खाद आपूर्ति विभाग का बनाया गया नगर आयुक्त रांची नगर निगम अमित कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक वाणिज्य कर आयुक्त । कुमार अगले आदेश तक आपने कार्य विशेष सचिव वित्त विभाग रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। प्रशासक स्वर्ण रेखा परियोजना जमशेदपुर मंजूनाथ भजंत्री को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्य कार्यपालिका पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति रांची के पद पर नियुक्त किया गया।भजंत्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मनरेगा आयुक्त रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। विशेष सचिव श्रम विभाग अमित प्रकाश को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उत्पाद आयुक्त रांची के पद पर नियुक्त किया गया प्रकाश अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जेएसएलपीएस संदीप सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर आयुक्त रांची नगर निगम के पद पर स्थापित किया गया। संदीप सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उपाध्यक्ष आरआर डीए के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। नगर आयुक्त हजारी बाग नगर निगम शैलेंद्र कुमार लाल को स्थानांतरित करते हुए निदेशक का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पद पर पदस्थापित किया गया। उत्पाद आयुक्त रांची सुनील कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव श्रम विभाग, उपयुक्त पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर अनन्य मित्तल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रसाक स्वर्ण रेखा परियोजना जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। प्रतीक्षारत समीरा एस को अगले आदेश तक निदेशक सह सदस्य सचिव झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्थान झारखंड के पद पर नियुक्त किया गया था। समीरा एस अगले आदेश तक महानिदेशक राज्य पोषण मिशन, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य जल छाजन मिशन तथा निदेशक सामाजिक सुरक्षा के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।प्रतीक्षारत रवि आनंद को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग, डीसी गिरिडीह दीपक कुमार दुबे को सयुक्त सचिन नगर विकास विभाग, सौरभ कुमार भौवनिया को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव वित्त विभाग, आलोक कुमार को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव गृह विभाग ,शताब्दी मजूमदार को अगले आदेश तक अवर सचिव वित्त विभाग रांची के पद पर नियुक्ति एवं पद स्थापित किया गयाहै। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## दामाद के स्वागत के लिए सास ने बनाए 100 व्यंजन

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश)।** आपने अक्सर देखा और सुना होगा कि ससुराल में दामाद का स्वागत भगवान की तरह किया जाता है। देश के कई इलाकों में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। दामाद के स्वागत में ससुराल वाले खाने के लिए कई तरह के व्यंजन बनाते हैं। हालांकि, अब यह परंपरा धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में ऐसा ही एक दिल मोह लेने वाला मामला सामने आया है। स्नेह और परंपरा का प्रदर्शन करते हुए, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के किरालम मंडल के तमाराडा गांव में एक सास ने अपने दामाद रवि तेजा का स्वागत 100 विभिन्न व्यंजनों की भव्य दावत के साथ किया। बता दें कि सास ने 100 व्यंजन बनाकर ससुराल में अपने दामाद की पहली यात्रा का स्वागत किया।

## सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन फर्नांडीज को जन्मदिन पर गिफ्ट

**मुंबई।** दिल्ली की जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को उनके जन्मदिन पर यॉट गिफ्ट किया है। अभिनेत्री रविवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। सुकेश ने उपहार में जैकलीन को जो यॉट दिया है, उसका नाम भी अभिनेत्री के नाम पर रखा गया है। सुकेश ने अभिनेत्री को लिखे एक पत्र में इस बात का खुलासा किया है। यह वही यॉट है जिसे सुकेश ने 2021 में जैकलीन के लिए चुना था। सुकेश ने अपने लेटर में बताया कि 'लेडी जैकलीन' नामक यह यॉट इसी महीने डिलीवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यॉट के सभी करों का भुगतान किया जा चुका है और यह पूरी तरह से वैध है। जैकलीन पशु कल्याण क्षेत्र में भी काम कर रही हैं। इसको लेकर सुकेश ने बताया कि उन्होंने जैकलीन को बेंगलुरु में जो पालतू जानवरों का अस्पताल उपहार में दिया है।

## सोनभद्र में मालगाड़ी की दो बोगियां पलटीं

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रविवार को एक रेल हादसा हुआ। कोयले से भरी मालगाड़ी की दो बोगियां पटरी से उतरकर पलट गईं। बताया जा रहा है कि कोयले से भरी मालगाड़ी एनसीएल कोयला खदान से अनपरा थर्मल पावर प्लांट जा रही थी। रेलवे प्रबंधन ने पलटी हुई बोगियों को हटाने और रेल यातायात सुचारू करने का काम शुरू कर दिया है। पिछले तीन दिन में यह तीसरा रेल हादसा है। गत 9 अगस्त को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी जिससे डाउन लाइन पर परिचालन बाधित हुआ। इससे पहले गुरुवार को हरियाणा के भिवानी जंक्शन के नजदीक जीतुवाला फाटक के पास एक मालगाड़ी का इंजन और एक वैगन पटरी से उतर गये। वहीं, 29 जुलाई को बिहार के समस्तीपुर में एक बड़ा रेल हादसा टला।

# हिमाचल में बारिश का तांडव, मंदिर बहा, घरों में घुसा पानी, भूस्खलन

**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश ने तांडव मचा दिया है। बाढ़ व भूस्खलन से कई इलाकों में जनजीवन अस्तव्यस्त है। जनजातीय जिला किन्नौर के पूह तहसील में फ्लैश फ्लड से भयंकर भूस्खलन हुआ है। पूह से रोरिक तक नेशनल हाइवे के कई किलोमीटर हिस्से में भारी भूस्खलन हुआ है। इससे हाइवे पूरी तरह बाधित हो गया है। माना जा रहा है कि बादल फटने के बाद यहां फ्लैश फ्लड आया है। हालांकि फ्लैश फ्लड व भूस्खलन से किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। उधर, सिरमौर जिला में बीती रात से हो रही मूसलाधार वर्षा से गिरी, यमुना और मारकंडा नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है और प्रशासन ने लोगों को नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है। सिरमौर जिला के मुख्यालय नाहन के बनकलां पंचायत में उफनती नारकंडा नदी तबाही मचा रही है। रविवार की सुबह बनकलां में नदी किनारे बना मंदिर को सैलाब बहा ले गया। पलक झपकते ही मंदिर पानी में समा गया। नाहन इलाके की सलानी कटौला पंचायत में नदी का जलस्तर सलानी पुल तक पहुंच गया है और पुल खतरे की जद में आ गया है। सैलाब से यहां कई बीघा क्षेत्र में फसलें बह गई। राजधानी शिमला में भी बीती रात से बारिश का दौरा जारी है। जिला के चौपाल उपमंडल ग्राम पंचायत पौड़ियां के गांव तारापुर में धनग नाले में आई बाढ़ में कई बागवानों के सेब के पौधे और सेब की पेटियों के मलबे में दबने से भारी नुकसान हुआ है।




### अगले 24 घंटे भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट, बाढ़ की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी सोमवार तक 10 जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। ये अलर्ट बिलासपुर, चम्बा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना जिलों के लिए जारी हुआ है। इसके साथ ही अगले 24 घण्टे छह जिलों चम्बा, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में बाढ़ आने की चेतावनी दी गई है। 16 अगस्त तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात नाहन में सबसे ज्यादा 196 मिलीमीटर वर्षा हुई। ऊना में 135, धौलाकुआं में 117, पांवटा साहिब में 110, कांगड़ा में 85, पालमपुर में 82 और बिलासपुर में 52 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।

### भूस्खलन से पांच एनएच और 288 सड़कें अवरुद्ध

राज्य में हो रही व्यापक वर्षा से कई सड़कों के अवरुद्ध होने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार सुबह तक राज्य भर में भूस्खलन से पांच नेशनल हाइवे और 288 सड़कें बाधित हैं। मंडी में दो, सिरमौर, कुल्लू और किन्नौर में एक-एक नेशनल हाइवे बंद है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 96 सड़कें बंद हैं। शिमला में 76, कुल्लू में 37, सिरमौर में 33, चम्बा में 26, लाहौल-स्पीति में सात, हमीरपुर में पांच और कांगड़ा व किन्नौर में चार-चार सड़कें बंद हैं। इसके अलावा 458 बिजली ट्रांसफार्मर और 48 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। चम्बा जिला में सबसे ज्यादा 204 और सिरमौर में 119 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली गुल है। कुल्लू में 21, मंडी में 20 और शिमला में 13 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। भारी वर्षा से कुल्लू में 25 और शिमला में 16 पेयजल स्कीमें ठप हैं।

### ट्रेनी डॉक्टर हत्या मामले में देशभर में विरोध-प्रदर्शन

## फोरडा आज से राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक महिला पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के साथ यौन उत्पीड़न कर उसकी हत्या कर दी गयी। 9 अगस्त को घटी इस घटना के सामने आने के बाद से देशभर के डॉक्टरों में गुस्सा भरा हुआ है। महिला डॉक्टर को इंसाफ दिलाने के लिए डॉक्टर देशभर में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने महिला डॉक्टर के यौन उत्पीड़न और हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। डॉक्टरों के संगठन फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रविवार को 12 अगस्त से राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की। इसी के साथ उन्होंने देश के सभी अस्पतालों में वैकल्पिक सेवाएं बंद करने की घोषणा की। उन्होंने जानकारी एक्स पर भी दी है। उन्होंने कहा कि हम अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि इसे राजनीतिक न बनाएं और इसे बुरा रंग न दें, यहां मानवता दांव पर लगी है। सभी से सामूहिक रूप से डॉक्टरों का समर्थन करने और उनकी मदद करने का अनुरोध करते हूं, वे अंदर से घायल हैं।' कोलकाता पुलिस ने शनिवार को महिला डॉक्टर के साथ यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, जिसकी पहचान संजय रॉय के रूप में की गयी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रॉय एक नागरिक स्वयंसेवक है। हालांकि, कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल ने आरोपी के पेशे का खुलासा नहीं किया।

### डॉ. सुकांत मजूमदार ने जेपी नड्डा को लिखा पत्र

**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी हॉस्पिटल में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले पर पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को रविवार को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई दुखद घटना के बाद सुधारात्मक कदम उठाने का अनुरोध किया। उन्होंने सीबीआई से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर निकले लोग

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ गोमती नगर में कैप्टन और मनोज चौराहे पर क्षेत्रीय जनता ने पैदल मार्च निकला। इस दौरान लोगों ने केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे बलात्कार, हत्या, लूट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए वहां की सरकार से बात करे। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वहां पर मंदिरों वा व्यवसायों को मुस्लिम कट्टरपंथियों के द्वारा ध्वस्त किए जा रहे उनको रोकने का प्रयास करे। साथ की हिंदुस्तान में रहे बांग्लादेशियों को चिन्हित कर उन्हें देश से निकल जाए। जिससे वहां पर हो रहे अत्याचार ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। सोशल मीडिया पर परेशान करने वाली तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। इसमें दिखाई दे रहा है कि कैसे हिंदुओं की हत्या की जा रही है, घरों-मंदिरों में आग लगा दी जा रही है और महिलाओं की किडनैपिंग हो रही या उनको मारा-पीटा जा रहा है।

## वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

**अलीपुरद्वार।** वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हो गई है। घटना शनिवार देर रात जिले के बीरपारा चौपथी संलग्न इलाके एशियन हाईवे की है। घटना की सूचना पर दलगांव रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे और मृत तेंदुए को अपने कब्जे में लिया। रविवार को दलगांव रेंज के अधिकारी ने बताया कि सड़क पर तेंदुए के पड़े होने की खबर स्थानीय लोगों से उसकी टीम को मिली।

## अनंतनाग मुठभेड़ में अब तक तीन की मौत, तलाशी अभियान जारी

**अनंतनाग।** अनंतनाग जिले के कोकरनाग के अहलान जंगल में आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल एक नागरिक ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में अभी तक दो सैन्यकर्मी बलिदान हुए हैं जबकि एक नागरिक की मौत हुई है। जिससे चल रहे अहलान कोकरनाग ऑपरेशन में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। इस दौरान चार सेना के जवान घायल भी हैं जिनका उपचार जारी है। बलिदानी सैन्यकर्मियों की पहचान हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा के रूप में हुई है। क्षेत्र में आतंकियों की तलाश में अभियान फिलहाल जारी है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए दो नागरिकों में से एक ने रविवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## रूस में घुसकर हमला कर रही यूक्रेनी सेना

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्वीकार किया है जेलेंस्की ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन टेलीविजन संबोधन में कहा कि यूक्रेनी सेना आक्रमणकारियों के क्षेत्र में युद्ध को आगे बढ़ा रही है। दरअसल, जेलेंस्की का यह बयान रूस के कुर्स्क ओब्लास्ट में यूक्रेन की सीमा पार घुसपैठ की पहली सार्वजनिक स्वीकृति को दर्शाता है।

**एजुकेशन/करियर**

# एंथ्रोपोलॉजी देता है कई रोमांचक करियर विकल्प

**रजनीश ।** बीए नृविज्ञान को बीए एंथ्रोपोलॉजी या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन एंथ्रोपोलॉजी भी कहा जाता है। यह तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है जिसमें मनुष्य के विकास और मनुष्यों के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। इस कोर्स में सामाजिक-सांस्कृतिक, जैविक-भौतिक तथा पुरातत्व का अध्ययन भी शामिल है। इस कोर्स में करियर के कई विकल्प हैं।

### बीए नृविज्ञान को क्यों चुनें

- बीए नृविज्ञान कोर्स शिक्षा की एक बहुत दिलचस्प कोर्स है। इसे क्यों चुनना चाहिए इसके कुछ कारण नीचे दिए गए हैं:
- समाज के विकास, व्यवहार और संरचनाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स में आप मानव जाति के बारे में सीख और रिसर्च कर सकते हैं।
- बीए नृविज्ञान कोर्स के बाद कई करियर विकल्प मिलते हैं।
- इस कोर्स के जरिए मानव विकास और व्यवहार के जैविक और सांस्कृतिक पहलुओं का अध्यन करने को मिलता है। साथ ही आपको जगह जगह घूमने का अवसर भी मिलता है।

### बीए एंथ्रोपोलॉजी ऑफर करने वाले भारत में टॉप कॉलेज

बीए नृविज्ञान कोर्स प्रदान करने वाले भारत के टॉप कॉलेज इस प्रकार हैं

- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय – [बीएमयू]
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज – [एवीसी]
- मोदी विश्वविद्यालय
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- निम्स विश्वविद्यालय
- करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय



### बीए एंथ्रोपोलॉजी करने के बाद करियर स्कोप

बीए नृविज्ञान ग्रेजुएट निजी व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों, संग्रहालयों, स्वतंत्र अनुसंधान संस्थानों, सेवा संगठनों, मीडिया में भी नौकरी पा सकते हैं।

### एंथ्रोपोलॉजिस्ट विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर शुरू कर सकते हैं

- स्कूल
- यूनिवर्सिटी
- सरकारी एजेंसियां
- गैर सरकारी संगठन
- व्यवसाय
- स्वास्थ्य और मानव सेवाएं
- रोग नियंत्रण केंद्र
- विश्व स्वास्थ्य संगठन
- विश्व बैंक
- जॉब प्रोफाइल्स

### बीए एंथ्रोपॉलजी प्रवेश परीक्षा

- सीयूईटी
- एनपीएटी
- बीएचयू यूईटी
- टीईएसएस बीएटी
- आईपीयू सीईटी
- जेएनयूईईमानव सेवाएं

### बीए नृविज्ञान करने के बाद छात्रों को मिलने वाली जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैं

- एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- डेटा साइंटिस्ट
- प्रोफ़ेसर
- रिसर्चर
- लेक्चरर
- इकोनॉमिस्ट
- आर्कियोलॉजिस्ट
- ह्यूमन रिसोर्स

### बीए नृविज्ञान के लिए स्किल्स

- डेटा इकट्ठा करने, आकलन करने और व्याख्या करने की क्षमता
- समय प्रबंधन
- प्रोब्लम सॉल्विंग स्किल
- विश्लेषणात्मक कौशल
- चर्चा और समूह
- कार्य कौशल

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।